@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 22 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# आपराधिक कानूनों से जुड़े तीनों बिल राज्यसभा में पास

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 21 दिसंबर। तीन नए आपराधिक विधेयक आज राज्यसभा में पेश किए गए हैं। बता दें कि ये तीनों नए विधेयक बुधवार को लोकसभा से पास हो गए। साथ ही टेलीकॉम बिल राज्यसभा से और मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से संबंधित विधेयक लोकसभा से पास हो गया है। वहीं लोकसभा की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे पर विपक्ष सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है और सरकार से जवाब की मांग कर रहा है। आपराधिक कानूनों से जुड़े तीनों बिल को पारित करने के बाद राज्यसभा को भी अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। बता दें कि संसद का शीतकालीन सत्र को चार दिसंबर से 22 जनवरी तक के लिए आहूत की गई थी। राज्यसभा में आपराधिक कानूनों से जुड़े तीनों बिल पारित कर दिए गए। इससे पहले, राज्यसभा में भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023 पर बोलते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि तीनों विधेयकों का उद्देश्य दंड देने का नहीं है बल्कि न्याय देने का है। नए आपराधिक कानूनों के लागू होने से तारीख पे तारीख युग का अंत सुनिश्चित होगा और तीन साल में न्याय मिलेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमने कहा था कि न्याय मिलने की गति बढ़ाएंगे, कानूनों को सरल बनाएंगे, कानूनों को भारतीय बनाएंगे। अब हम वही कर रहे हैं। अपने संबोधन के दौरान गृहमंत्री



शाह ने पूर्व की कांग्रेस पर भी निशाना साधा। शाह ने कहा कि कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण बढ़े आतंकवाद के कारण 70,000 से अधिक लोग मारे गए। समाचार पत्र पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने वाले विधेयक को संसद से मंजूरी दे दी गई है। प्रेस और पत्रिकाओं का पंजीकरण विधेयक, 2023 को लोकसभा में ध्वनिमत से पारित किया गया। राज्यसभा ने इस विधेयक को तीन अगस्त को पारित कर दिया था। यह विधेयक प्रेस और पुस्तकों का पंजीकरण (पीआरबी) अधिनियम, 1867 की जगह लेगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह विधेयक सरल है और इसमें समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के पंजीकरण के लिए एक साथ प्रक्रिया का प्रावधान किया गया है। इससे पहले समाचार पत्रों या पत्रिकाओं को आठ चरणों की पंजीकरण प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। अब यह एक बटन के क्लिक पर किया जा सकता है। लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। वर्तमान सत्र 22 दिसंबर तक के लिए तय किया गया था, लेकिन इसे एक दिन पहले ही स्थगित कर दिया गया। लोकसभा से तीन और विपक्षी सांसद निलंबित कर दिए गए हैं। निलंबित सांसदों में दीपक बैज, डीके सुरेश और नकुलनाथ का नाम शामिल है। बता दें कि इसके बाद कुल निलंबित सांसदों की संख्या 146 हो गई है। टेलीकॉम बिल 2023 को राज्यसभा से भी मंजूरी मिल गई है। बता दें कि बुधवार को लोकसभा से इस बिल को मंजूरी मिल चुकी है। टेलीकॉम बिल 2023, टेलीग्राफ एक्ट 1885, इंडियन वायरलेस टेलीग्राफी एक्ट 1933 और टेलीग्राफ वायर्स एक्ट 1950 की जगह लेगा। तीन नए आपराधिक विधेयक भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य बिल को राज्य सभा में पेश कर दिया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने इन विधेयकों को राज्यसभा के पटल पर रखा। ये विधेयक बुधवार को लोकसभा से पास हो चुके हैं। लोकसभा में मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और सेवा शर्तों से संबंधित विधेयक पास हो गया है। यह विधेयक राज्यसभा से पहले ही पास हो चुका है। अब इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा और वहां से मंजूरी मिलते ही यह कानून बन जाएगा। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ का मजाक बनाने और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा इसका वीडियो बनाने के खिलाफ भाजपा ने आज दिल्ली में जंतर मंतर पर धरना दिया। भाजपा नेता बांसुरी स्वराज ने कहा कि विपक्ष ने लोकतंत्र का अपमान किया है। उपराष्ट्रपति की नकल ही नहीं उतारी गई है बल्कि उनका मजाक उड़ाया गया है। यह जाट समुदाय के बेटे का अपमान है, किसान के बेटे का अपमान है और उपराष्ट्रपति का अपमान है। ऐसे में भाजपा इसका विरोध क्यों नहीं करेगी?

## साक्षी मलिक ने रोते हुए कुश्ती को कहा अलविदा

नई दिल्ली, 21 दिसंबर। भारत की अनुभवी पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास का एलान कर दिया है। भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव गुरुवार (21 दिसंबर) को संपन्न हुए। संजय सिंह नए अध्यक्ष बने हैं। वह पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं। पहलवानों ने इस साल बृजभूषण शरण के खिलाफ ही मोर्चा खोला था और दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन किया था। अब उनके ही करीबी के अध्यक्ष बनने पर साक्षी ने संन्यास का फैसला कर लिया। पहलवान साक्षी मलिक ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम 40 दिनों तक सड़कों पर सोए और देश के कई हिस्सों से बहुत सारे लोग हमारा समर्थन करने आए। अगर बृज भूषण शरण सिंह के बिजनेस पार्टनर और करीबी सहयोगी को कुश्ती संघ का अध्यक्ष चुना जाता है, तो मैं कुश्ती छोड़ती हूं। हमारा समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद। लड़ाई पूरे दिल से लड़ी। अगर अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह जैसा आदमी ही रहता है तो मैं अपनी कुश्ती को त्यागती हूं। साक्षी के संन्यास के बारे में जब बृजभूषण शरण सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा, उससे मेरा क्या लेना-देना। संजय सिंह ने अध्यक्ष बनने के लिए राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अनीता श्योराण को मात दी। बुधवार तक सर्वसम्मति से चुनाव की कोशिशें होती रहीं, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। संजय सिंह ने दावा किया था कि उनका खेमा चुनाव में हर पद पर जीतेगा और उन्होंने खुद जीत हासिल कर इसे सच साबित किया।

## कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक, आगामी लोकसभा चुनाव पर चर्चा: मल्लिकार्जुन खरगे

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 21 दिसंबर। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की गुरुवार बैठक आयोजित की गई। इस दौरान इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर पार्टी की योजनाओं और आगामी लोकसभा चुनावों की रणनीति पर चर्चा की गई। साथ ही हाल ही में तीन विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त पर आकलन किया गया। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत कई अन्य लोग शामिल हुए हैं। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र और भाजपा के जमकर घेरा। सीडब्ल्यूसी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भाजपा के नाटक को देश देख रहा है, कैसे बिना चर्चा के कुछ विधेयकों को मनमाने ढंग से पारित किया जा रहा है। भाजपा ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया है। ससंद को सत्ताधारी पार्टी का मंच बनाने की साजिश चल रही है। संवैधानिक पदों पर बैठे लोग इस गंदी राजनीति का हिस्सा बन रहे हैं। जाति, क्षेत्र की राजनीति चरम पर है। सांसदों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार लोग अपने



कर्तव्यों में विफल रहे हैं। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की करारी हार को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजे निराशाजनक हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव अब ज्यादा दूर नहीं हैं, कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी करें। साथ ही भारत जोड़ो यात्रा पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस से जुड़े लोग चाहते हैं कि राहुल गांधी पूर्व से पश्चिम तक दोबारा भारत जोड़ो यात्रा करें, हालांकि अंतिम निर्णय उन पर निर्भर हैं। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में भाजपा से मुकाबला करने को लेकर नए एजेंडे पर चर्चा की गई। पार्टी सूत्रों की मानें तो मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में जाति जनगणना का मुद्दा विफल रहा है। वहीं सोनिया गांधी ने बुधवार को संसदीय दल की बैठक में सासंदों ने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजे बेहद निराशाजनक है। साथ ही कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए मेहनत करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कहा था कि कुछ महीनों में लोकसभा चुनाव होंगे पार्टी और इंडिया ब्लॉक के सदस्य के रूप में हमें अपना काम पूरा करना है। कांग्रेस 28 दिसंबर को पार्टी के स्थापना दिवस पर नागपुर में एक मेगा रैली भी कर रही है।

## राज्यों में तेजी से फैल रहा है कोरोना का नया वैरिएंट

नई दिल्ली, 21 दिसंबर। कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ने एक बार फिर भारत के कई राज्यों में कहर मचाना शुरू कर दिया है। बढ़ते संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लगातार मास्क पहनने और कोविड अनुरूप व्यवहार करने की सलाह दी है। ऐसे में ये सवाल उठ रहा है कि क्या कोरोना की पहली, डेल्टा और ओमिक्रोन की लहरों में रक्षा कवच का काम कर चुकी वैक्सीन के बूस्टर डोज की एक बार फिर जरूरत है, या पुरानी वैक्सीन ही इस स्ट्रेन से बचा लेगी। हाल ही में वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की ओर से इस वैरिएंट को लेकर कहा गया है कि यह ज्यादा खतरनाक नहीं हैं। डब्ल्यूएचओ ने इसे वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट का नाम दिया हैं। हालांकि हार्ट या अन्य किसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे वरिष्ठ नागरिकों और बीमार लोगों को भीड़भाड़ वाली जगह पर मास्क पहनने की सलाह भी दी जा रही है। जहां तक वैक्सीन के बूस्टर डोज की बात है, तो नेशनल टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप ऑन इम्यूनाइजेशन, भारत सरकार प्रमुख डॉ. नरेंद्र कुमार अरोड़ा बताते हैं कि कोरोना का जेएन.1 वैरिएंट आमतौर पर होने वाले सर्दी-खांसी-जुकाम की तरह है। ऐसे में इससे बचाव के लिए वैक्सीन की बूस्टर डोज लगवाने की जरूरत नहीं है। शरीर में मौजूद रोग प्रतिरोधक क्षमता ही इसके लिए पर्याप्त है। वहीं डब्ल्यूएचओ का कहना है कि चूंकि यह वैरिएंट जेएन.1, क्र2.86 वेरिएंट का ही एक हिस्सा है, जो कि ओमिक्रोन का सबवैरिएंट है, इस लिहाज से अगर कोई वैक्सीन लेता भी है, तो वह इस स्ट्रेन के खिलाफ पूरी तरह कारगर है। देश में एक बार फिर कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। केरल में बीते 24 घंटे में कोरोना के 300 नए सक्रिय मामले सामने आए हैं।

## सेना के कार्यक्रम में शामिल होने 23 को जैसलमेर आएंगी राष्ट्रपति मुर्मू

**कौमी संवाददाता**

जैसलमेर, 21 दिसंबर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 23 दिसंबर को जैसलमेर आएंगी। वे पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में सेना के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगी। शहीद पूनम सिंह स्टेडियम में राजीविका की लाभार्थी महिलाओं से संवाद करेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की यात्रा से एक दिन पहले यानी 22 दिसंबर को राज्यपाल कलराज मिश्र जैसलमेर आ रहे हैं। वे 23 तारीख को यहां राष्ट्रपति की अगवानी करेंगे और कार्यक्रमों में उनके साथ रहेंगे। राष्ट्रपति की जैसलमेर शहर में यात्रा के मद्देनजर प्रशासन और पुलिस की तरफ से खास तैयारियां की जा रही हैं। संभागीय आयुक्त ने दो वीवीआइपी व्यक्तियों की यात्रा व्यवस्थाओं में सहयोग के लिए बाड़मेर एडीएम और बालोतरा, शिव और सेडवा के एसडीएम को जैसलमेर भेजा है।



सुरक्षा व्यवस्था के लिए जाब्ता बाहरी शहरों से भी जैसलमेर आ रहा है। इसी तरह से जोधपुर व बाड़मेर मेडिकल कॉलेजों से मेडिकल डिपार्टमेंट की टीम भी जैसलमेर आ रही है। शहीद पूनम सिंह स्टेडियम में राष्ट्रपति और राज्यपाल की ओर से लाभार्थी महिलाओं के साथ संवाद कार्यक्रम के लिए डोम टेंट लगाने का काम शुरू हो गया है। मैदान की लेवलिंग और सफाई के काम में नगरपरिषद के कर्मचारी जुटे हुए हैं। राष्ट्रपति का काफिला जिन सड़क मार्गों से होकर गुजरेगा, उन्हें सजाने-संवारने का काम भी हाथ में लिया गया है। प्रशासन के आला अधिकारी देश की प्रथम नागरिक की जैसलमेर यात्रा को लेकर जरूरी बंदोबस्त में जुटे हैं।

### राहुल को नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर करने वाली पोस्ट हटाने का निर्देश

नई दिल्ली, 21 दिसंबर। उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 2021 में दुष्कर्म और हत्या मामले में नाबालिग दलित लड़की की पहचान का खुलासा करने वाले अपने सोशल मीडिया पोस्ट को हटाने का निर्देश दिया है। ओल्ड नंगल गांव में एक श्मशान के पुजारी द्वारा उसके साथ दुष्कर्म कर हत्या करने से संबंधित पोस्ट है। पोस्ट के बाद राहुल के अकाउंट को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने कुछ समय के लिए निलंबित कर दिया था, लेकिन बाद में इसे बहाल कर दिया गया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन व न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने कहा कि हालांकि, पोस्ट को एक्स द्वारा हटा दिया गया था, यह भारत के बाहर उपलब्ध रहा और गांधी के वकील से इसे हटाने के लिए कहा है। अदालत ने कहा अगर हमें पीड़िता की पहचान की रक्षा करनी है।

## पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वास्थ्य को विकास से जोड़ा: अर्जुन मुंडा

**अंकित**

नई दिल्ली, 21 दिसंबर। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने नागरिकों के स्वास्थ्य को सीधे तौर पर देश के आर्थिक विकास से जोड़कर देखा। उन्होंने नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए आयुष्मान योजना जैसी अनेक योजनाओं की शुरुआत की। इसका परिणाम सामने आ रहा है कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। इसका असर देश के विकास पर भी दिखाई पड़ रहा है और देश लगातार आगे बढ़ रहा है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पात्र लोगों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का बीमा कवर प्रदान किया जाता है। इससे अपने परिजनों का इलाज कराने में लोगों को कर्ज के जाल में फंसने से मुक्ति मिली है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि अब देश में एम्स की संख्या बढ़कर 23 हो गई है। मोदी सरकार के सत्ता में आने से पहले यह संख्या केवल छह थी। सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज यानी किसी को पीछे न छोड़ने के दृष्टिकोण के साथ शुरू हुई प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से लगभग 55 करोड़ लोगों को लाभ हो रहा है। इस योजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 सितंबर 2018 को रांची (झारखंड) से प्रारंभ किया था। सरकार का दावा है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा सरकारी वित्त पोषित स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम बन चुका है। मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं के कारण अब आदिवासी समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल रही है।

## पुंछ में सैन्य वाहन पर घात लगाकर आतंकी हमला

**सौरभ शर्मा**

जम्मू, 21 दिसंबर। जम्मू संभाग के जिला पुंछ में गुरुवार दोपहर आतंकियों द्वारा घात लगाकर सैन्य वाहन पर हमला करने की खबर है। बताया जा रहा है कि जिले के दोनाड़ क्षेत्र में थानामंडी-बफलियाल सड़क पर अपने गंतव्य की ओर जा रहे सैन्य वाहन पर आतंकियों अचानक हमला बोल दिया। सूत्रों के अनुसार, इस हमले में चार जवानों का बलिदान हो गया है और तीन अन्य घायल हैं। जवानों ने तुरंत स्थिति को भांपते हुए मोर्चा संभाल लिया। हमले की सूचना पुलिस और सेना के अधिकारियों को भी दी गई। घटनास्थल पर अतिरिक्त बल पहुंच गया है। आसपास के इलाके को घेर लिया गया है। सूत्रों की मानें तो आतंकियों ने पहले ग्रेनेड फेंका और फिर गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने भी आतंकियों को उनके हमले का जवाब दिया। अभी दोनों तरफ से गोलीबारी हो रही है। उधर, रक्षा पीआरओ ने कहा, बुधवार को इलाके में ठोस खुफिया जानकारी के आधार पर एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। गुरुवार शाम आतंकियों के साथ गोलीबारी शुरू हुई। मुठभेड़ जारी है। अधिकारियों ने बताया कि अतिरिक्त बलों को घटनास्थल पर भेजा गया है। इससे पहले बुधवार-मंगलवार की रात को पुंछ जिले के सुरनकोट



तहसील में सशस्त्र पुलिस की छठी वाहनी के परिसर में संदिग्ध धमाका हुआ। इसमें कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंचे सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर जांच की है। हालांकि बुधवार देर रात तक कोई महत्वपूर्ण सुराग नहीं मिला। सुरनकोट तहसील में इस तरह के संदिग्ध धमाकों की चार माह में तीसरी और कस्बे में एक माह में दूसरी घटना है। पुंछ के एसएसपी विनय शर्मा, डीएसपी ऑपरेशन एजाज अहमद चौधरी, राजोरी-पुंछ रेंज के डीआईजी डॉ. हसीब मुगल ने भी घटना स्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद सुरनकोट थाने में बैठक कर मौजूदा स्थिति पर मंथन किया। पुलिस ने इस मामले में अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। ऐसा बताया जा रहा है कि यह कम क्षमता का देसी बम था। संदिग्ध विस्फोट के बाद लोगों में दहशत है। सुरनकोट तहसील में चार माह में यह तीसरा संदिग्ध धमाका है, वहीं, कस्बे में एक माह में दूसरी घटना है। तहसील में पहला संदिग्ध धमाका 15 सितंबर 2023 को देर रात फजलाबाद गांव में डीडीसी सदस्य एवं भाजपा के पहाड़ी नेता एडवोकेट सोहेल मलिक के घर के आंगन में हुआ था। इसमें सुहेल मलिक की गाड़ी को नुकसान पहुंचा था। वहीं, 15 नवंबर 2022 की रात को सुरनकोट बस अडडे के पीछे स्थित शिव कृष्ण मंदिर परिसर में धमाका हुआ था। अब एक माह बाद 19 दिसंबर को देर रात आर्म्ड पुलिस कैंप परिसर में धमाका हुआ है।

## उम्मीद है कनाडा भारत के दुश्मनों पर कार्रवाई करेगा: अरिंदम बागची

नई दिल्ली, 21 दिसंबर। जस्टिन ट्रूडो के एक साक्षात्कार में दिए गए बयान के बाद भारत ने कहा है कि भारत को भी आशा है कि कनाडा भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को कहा कि कनाडा के भारत का मुख्य मुद्दा वहां सक्रिय भारत विरोधी ताकतों को दी जाने वाली छूट का है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि भारत को भी उम्मीद है कि कनाडा अलगाववादियों और भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। अरिंदम बागची का यह बयान तब आया है जब बुधवार को एक साक्षात्कार में कहा कि जब से अमेरिका ने भारत सरकार के एक कर्मचारी पर अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश रचने का आरोप लगाया है और चेतावनी दी है तभी से भारत के रुख में बदलाव आया है। निखिल गुप्ता के मामले में विदेश मंत्रालय ने बड़ी जानकारी दी है। प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत को कम से कम तीन मौकों पर निखिल गुप्ता तक राजनयिक पहुंच प्राप्त हुई। भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को बीती 30 जून को चेक रिपब्लिक में गिरफ्तार किया गया द्यद्ब। निखिल गुप्ता पर आरोप है कि वह भारत के एक कथित सरकारी अधिकारी के संपर्क में था और निखिल गुप्ता और अन्य लोग अमेरिका के न्यूयॉर्क में भारतीय मूल के एक अलगाववादी नेता की हत्या की साजिश रच रहे थे। अमेरिका मीडिया का दावा है कि वह अलगाववादी नेता गुरुपतवंत सिंह पन्नू है। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, निखिल गुप्ता ने पन्नू की हत्या के लिए एक किलर से भी संपर्क किया था। कतर में 8 पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों को मौत की सजा पर भी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मामला अपीलीय अदालत में है। कतर की अपीलीय अदालत में इस मामले में तीन बार सुनवाई हो चुकी हैं। इस बीच, दोहा में हमारे राजदूत को तीन दिसंबर को सभी आठ लोगों से मिलने के लिए कांसुलर स्तर की सहायता मिली थी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा और कोई जानकारी साझा करने के लिए नहीं है। मुझे इस बात का कोई संकेत नहीं है कि किन लोगों को माफ़ किया गया था और कितने भारतीय वहां थे। आगे उन्होंने मालदीव द्वारा संयुक्त हाइड्रोग्राफिक सर्वे के लिए भारत के साथ समझौते को रिन्यू नहीं करने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने जानकारी दी।

## भारत के संविधान में संशोधन की अटकलों को प्रधानमंत्री मोदी ने खारिज किया

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 21 दिसंबर। पिछले दिनों देश में संविधान में संशोधन को लेकर छिड़ी बहस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विराम लगा दिया है। उन्होंने संविधान में संशोधन किए जाने की किसी भी बात को निरर्थक बताते हुए खारिज कर दिया। पीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने सबसे परिवर्तनकारी कदमों को ऐसा कुछ किए बिना और जन भागीदारी के जरिए साकार किया गया है। एक साक्षात्कार में मोदी ने देश में लाए गए बदलाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वच्छ भारत, शौचालय निर्माण अभियान से लेकर करीब एक अरब लोगों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाने तक के सफर का हवाला दिया। मोदी ने कहा, देश उड़ान भरने के लिए तैयार है और मैं अगले साल होने वाले आम चुनावों में जीत को लेकर बहुत आश्वस्त हूं। अब बस चाहता हूं कि इस उड़ान में तेजी लाई जाए और इसे सुनिश्चित करने करने के लिए सबसे अच्छी पार्टी कौन सी है यह पता है। उन्होंने कहा कि उड़ान में तेजी लाने के लिए वहीं पार्टी सबसे अच्छी है, जो उन्हें यहां तक लेकर आई है। पीएम मोदी ने साक्षात्कार के दौरान अपनी सरकार द्वारा आम आदमी के जीवन में लाए बदलाव का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि लोगों की आकांक्षाएं 10 साल पहले की आकांक्षाओं से अलग हैं। बता दें, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में लौटने और मध्य प्रदेश में अगले साल गर्मियों में होने वाले राष्ट्रीय चुनावों से पहले पार्टी को बरकरार रखने के कुछ दिनों बाद उनकी यह टिप्पणी आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर मोदी की जीत तीसरी बार भी होती है, तो समर्थक इस बात की पुष्टि कर देंगे, जो वो कहते हैं कि उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था और वैश्विक सम्मान का निर्माण किया है, लाखों लोगों के जीवन में सुधार किया है और बहुसंख्यक हिंदू धर्म को सार्वजनिक जीवन के केंद्र में रखा है। वहीं, कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष ने इंडिया के तहत गठबंधन किया है, जो देश के संस्थापकों के धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों पर हमला होने के बावजूद लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का वादा करता है। इसमें कहा गया है कि मोदी के विरोधियों को चिंता सता रही है कि अगर वो तीसरी बार जीतते हैं तो वह इसका इस्तेमाल भारत को



स्पष्ट रूप से हिंदू गणराज्य बनाने के लिए संविधान में संशोधन करके करेंगे। इस पर मोदी ने कहा कि भाजपा के आलोचकों को अपनी राय रखने का अधिकार है। हालांकि इस तरह के आरोपों के साथ एक बुनियादी मुद्दा है, जो अक्सर आलोचना के रूप में दिखाई देते हैं। ये दावे न केवल भारतीय लोगों की बुद्धिमत्ता का अपमान करते हैं, बल्कि विविधता और लोकतंत्र जैसे मूल्यों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को भी कम आंकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की विदेश नीति के दृष्टिकोण को विस्तृत करते हुए इसे राष्ट्रीय हितों के साथ जुड़े व्यावहारिक संबंधों पर केंद्रित मिक्स-एंड-मैच डिप्लोमेसी बताया। उन्होंने साक्षात्कार में कहा, दुनिया आपस में जुड़ी हुई है और एक-दूसरे पर निर्भर भी है। उन्होंने वैश्विक गतिशीलता की जटिलता को भी रेखांकित किया और इस बात पर जोर दिया कि विदेशी मामलों में भारत का सबसे प्रमुख मार्गदर्शक सिद्धांत उसका राष्ट्रीय हित है। पीएम मोदी के अनुसार, यह दृष्टिकोण, भारत को विभिन्न देशों के साथ इस तरह से जुड़ने में सक्षम बनाता है जो पारस्परिक हितों का सम्मान करता है और समकालीन भू-राजनीति की जटिल प्रकृति को स्वीकार करता है।

## उत्तर कोरियाई तानाशाह किम जोंग ने फिर दी परमाणु हमले की धमकी

**प्योंगयांग ।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने एक बार फिर परमाणु हमले की धमकी दी है। कोरियाई तानाशाह ने कहा कि उनके देश की नीति है कि अगर उन्हें उकसाया गया तो वह परमाणु हमला करने से पीछे नहीं हटेंगे। उत्तर कोरिया ने हाल ही में अपनी लंबी दूरी की अंतर महाद्वीपीय मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। किम जोंग उन ने परीक्षण करने वाले सैनिकों को बधाई दी। बता दें कि उत्तर कोरिया ने बीते साल ही न्यूक्लियर डॉक्ट्रिन को अपनाया है और उसके बाद से ही किम जोंग उन युद्ध की स्थिति में पहले ही परमाणु बम से हमले की धमकी कई बार दे चुके हैं। हालांकि कई विदेशी विशेषज्ञों का दावा है कि उत्तर कोरिया के पास अभी भी परमाणु मिसाइल को संचालित करने वाली तकनीक नहीं है, ऐसे में वह परमाणु हथियार का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। सोमवार को उत्तर कोरिया ने अपनी इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। उत्तर कोरिया ने इस परीक्षण को अमेरिका और दक्षिण कोरिया के लिए चेतावनी बताया है। उत्तर कोरिया ने दावा किया है कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया परमाणु हमले से बचने की रणनीति बनाने के लिए बैठकें कर रहे हैं।



# पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान तीन निर्वाचन क्षेत्रों से लड़ेंगे चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में फरवरी में होने वाले आम चुनाव पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान तीन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे। ज्ञात रहे कि पीपीपी प्रमुख इमरान खान रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। पीटीआई अध्यक्ष गौहर खान ने कहा कि पूर्व पीएम लाहौर, इस्लामाबाद और मियांवाली निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने तोशखाना मामले के फैसले के बाद इमरान खान को पांच साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। तोशाखाना मामले में एक निचली कोर्ट ने पांच अगस्त को इमरान को दोषी ठहराया था। यह मामला निर्वाचन आयोग ने दायर किया था। हालांकि, बाद में इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने उनकी तीन साल की सजा को निलंबित कर दिया। लेकिन वह फिलहाल कई अन्य मामलों में जेल में बंद हैं। इमरान की दोषसिद्धि को अब तक रद्द नहीं किया गया है। परिणामस्वरूप वह किसी भी सार्वजनिक पद के लिए अयोग्य हो गए हैं। पीटीआई के सांसद अली जफर ने कहा कि इस्लामाबाद हाई कोर्ट तोशाखाना मामले में दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली इमरान की याचिका पर अपना फैसला जल्द सुना सकता है, क्योंकि चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।



अली जफर ने कहा कि हाई कोर्ट पीटीआई की याचिका पर अपना फैसला सुनाएगा, जिसमें तोशाखाना मामले में पूर्व पीएम की सजा को निलंबित करने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने पीटीआई कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों के लिए अपना नामांकन पत्र जमा करने का आग्रह किया और कहा कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए टिकट के लिए जेल में बंद सदस्यों को प्राथमिकता देगी।

गौरतलब है कि पाकिस्तान में अगले साल 8 फरवरी को चुनाव होने हैं। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने 8 अगस्त को तोशाखाना केस में फैसला आने के बाद इमरान खान को किसी भी सार्वजनिक पद पर रहने के लिए पांच साल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था।

## 'भारत के साथ गहरी हुई साझेदारी, क्वाड के जरिए बढ़ा सहयोग'

**लाहौर।** भारत और अमेरिका के संबंधों में लगातार गहराई और मजबूती देखने को मिल रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के मजबूत संबंधों पर बहुत फोकस किया है। इसी क्रम में, अमेरिकी विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि भारत और अमेरिका की साझेदारी गहरी होती जा रही है। अमेरिका ने भारत के साथ अपनी साझेदारी को गहरा किया है। उन्होंने कहा कि देश ने क्वाड के माध्यम से भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ सहयोग बढ़ाया है।

ब्लिंकन ने कहा कि हिंद-प्रशांत में अमेरिका की साझेदारी कभी इतनी मजबूत नहीं रही है। इसके लिए अमेरिका परमाणु संचालित पनडुब्बियों के उत्पादन के लिए ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ काम कर रहा है। इसके अलावा, हमने वियतनाम और इंडोनेशिया के साथ नई व्यापक रणनीतिक साझेदारी, फिलीपींस के साथ एक नया रक्षा सहयोग समझौता, फिलीपींस और जापान के साथ नई त्रिपक्षीय पहल, सोलोमन द्वीप और टोंगा में नए दूतावास शुरू किए है।

**चीन से निपटने के लिए कर रहे काम**

अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ने आगे कहा, 'चीन की चुनौतियों से निपटने के लिए अमेरिका जी-7, यूरोपीय संघ और अन्य सहयोगियों और भागीदारों के साथ पहले से कहीं अधिक निकटता से जुड़ा हुआ है। हम नाटो और हमारे इंडो-पैसिफिक सहयोगियों के बीच सहयोग और समन्वय को गहरा कर रहे हैं।' इस्राइल-हमास युद्ध पर ब्लिकंन ने कहा हमारी कोशिश है कि इस्राइल के साथ सात अक्तूबर को जो हुआ वो भविष्य में कभी न हो। वहीं, अमेरिका की कोशिश है कि इस्राइल-हमास के बीच संघर्ष जल्द खत्म हो। वहीं, इस्राइल हमास के खतरे से निपट भी ले और गाजा में निर्दोष नागरिकों की हत्या न हो।

## आप्रवासन से अमेरिका की आबादी इस वर्ष 2 दशकों के शीर्ष पर पहुंची, कनाडा में भी बढ़ी आबादी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जनगणना ब्यूरो द्वारा जारी अनुमान के मुताबिक, अमेरिका में अप्रवासियों की संख्या इस साल दो दशकों में उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। इससे देश की कुल आबादी में वृद्धि हुई है। अमेरिका में 16 लाख नए लोग शामिल हुए, जिनमें से दो-तिहाई से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय प्रवासी हैं। इस कारण देश की कुल आबादी 33.49 करोड़ हो गई। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब आप्रवासन आधारित आबादी में वृद्धि हुई है। ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन के जनसांख्यिकी विशेषज्ञ विलियम फ्रे ने कहा, आव्रजन क्षेत्र भविष्य में विकास का मुख्य स्रोत बनने जा रहा है।



**कनाडा में भी प्रवासियों के चलते आबादी बढ़ी**

कनाडा में साल के प्रथम 9 माह में दूसरे देशों से बड़ी संख्या में प्रवासियों के आने से जनसंख्या में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज हुई। 'स्टेटिक्स कनाडा' ने कहा, यहां एक जुलाई से 4,30,635 लोगों (1.1त्न) की वृद्धि हुई है।

## म्यांमार में सशस्त्र विद्रोहियों का चीनी सीमा पर एक और जगह कब्जा, चीनी राष्ट्रपति चिंतित

**बैंकॉक।** म्यांमार के विद्रोही गुट और जातीय सशस्त्र समूह अपने ही देश की सेना पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। इन विद्रोहियों ने चीनी सीमा से लगे और और महत्वपूर्ण क्रॉसिंग पॉइंट पर कब्जा कर लिया है। शान राज्य के उत्तरी भाग में कोकांग स्व-प्रशासित क्षेत्र की राजधानी लाउक्काइंग टाउनशिप में स्थित सीमा क्रॉसिंग अब विद्रोहियों के कब्जे में है। यह चीन की सीमा पर स्थित पांचवां क्रॉसिंग पॉइंट है। इस पांचवें क्रॉसिंग पॉइंट पर अब विद्रोही कब्जा जमा चुके हैं। चीन खुलकर म्यांमार के सैन्य शासन का समर्थन कर रहा है। विद्रोहियों की इस सफलता से म्यांमार के सैन्य शासक मिन आंग ह्लाइंग और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की चिंता बढ़ गई है। म्यांमार की सेना ने दो साल पहले नागरिक सरकार को अपदस्थ कर सत्ता पर कब्जा जमा लिया था। तब से सैन्य शासन के तहत ही म्यांमार का शासन चल रहा है। लाउक्काइंग टाउनशिप के पास स्थित क्रॉसिंग पॉइंट पर म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी नाम के विद्रोही गुट ने कब्जा किया है। उन्होंने इस क्रॉसिंग पॉइंट पर कब्जे के लिए 27 अक्तूबर को पहला हमला किया था। म्यांमार की सेना पर आक्रमण के लिए ताआंग नेशनल लिबरेशन आर्मी और अराकान आर्मी का भी साथ मिला। ये तीनों खुद को थ्री ब्रदरहुड एलायंस भी कहते हैं।

## युद्ध विराम के कयासों के बीच नेतन्याहू का एलान- हमास के खातमा होने तक नहीं रुकेगा युद्ध

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास के खात्मे तक गाजा में कोई युद्ध विराम नहीं होगा। वहीं हमास प्रमुख इस्माइल हानिया ने मिस्र का दौरा किया। जबकि अमेरिका सहित यूरोपीय देश लगातार इजराइल पर युद्ध विराम का दबाव बना रहे हैं। ज्ञात रहे कि हमास युद्ध में अब तक 19,667 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, हम तब तक लड़ना बंद नहीं करेंगे जब तक हम अपने निर्धारित सभी उद्देश्यों को हासिल नहीं कर लेते। बता दें कि इजराइल के तीन उद्देश्यों में हमास का खात्मा, हमास के कब्जे में फंसे बंधकों की रिहाई शामिल है। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइली सेना गाजा में हर जगह हमास के आतंकवादियों पर हमला कर रही है। नेतन्याहू ने आगे कहा,जो कोई सोचता है कि हम रुक जाएंगे, वह सच्चाई से दूर है। इजराइल के कुछ सहयोगियों फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिका नागरिकों की मौत पर चिंता जताते हुए इजराइल से लगातार सटीक कार्रवाई करने को कह रहा है। वहीं, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि जब तक हमास बचे हुए 129 बंधकों को रिहा नहीं कर देता, युद्ध बंद नहीं हो सकता। हालांकि इजरायली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने संकेत दिए कि उनका देश विदेशी मध्यस्थता में मानवीय युद्ध विराम के लिए तैयार हो सकता है ताकि हमास के कब्जे वाले शेष बंधकों की रिहाई हो सके और मानवीय मदद गाजा पहुंच सके। इन बंधकों में आठ अमेरिकी नागरिक भी हैं।



# नेपाल के मंत्री के बिगड़े बोल, कहा- क्रिश्चियन का विरोध करना देशद्रोह

**काठमांडू।** नेपाल के पर्यटन तथा संस्कृति मंत्री सुदन किरांती ने एक विवादित बयान देते हुए क्रिश्चियन को नहीं मानने वाले को देशद्रोही की संज्ञा दी है। एक कार्यक्रम के दौरान संस्कृति मंत्री किरांती ने कहा कि क्रिश्चियन धर्म संविधान की तरह है। जो लोग क्रिश्चियन धर्म को नहीं मानते हैं वो संविधान का अपमान करते हैं और संविधान को नहीं मानने वाले देशद्रोही है। मंत्री के विवादित बयान यहीं पर नहीं रुका। आगे उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग क्रिश्चियन को नहीं मानते उन्हें हथकड़ी लगा कर जेल भेज देना चाहिए।

माओवादी पार्टी से आबद्ध किरांती खुद भी क्रिश्चियन सम्प्रदाय को मानते हैं। ईसाइयों के ही एक कार्यक्रम में सुदन किरांती ने कहा कि जिसस क्राइस्ट भी विद्रोही नेता थे। चूंकि माओवादी भी विद्रोह से आया है, इसलिए जिसस क्राइस्ट के लिए माओवादी नेताओं के मन में बहुत सम्मान है। किरांती ने यहां तक कहा कि माओवादी अध्यक्ष प्रचण्ड और प्रधानमंत्री भी जिसस क्राइस्ट को बहुत मानते हैं और उनका सम्मान करते हैं। किरांती के इस बयान का पुरजोर विरोध हो रहा है। सोशल मीडिया में मंत्री किरांती का यह विडियो तेजी से वाइयल हो रहा है। लोग मंत्री के इस बयान पर उनकी जमकर आलोचना कर रहे हैं। कई धार्मिक संगठनों ने भी मंत्री किरांती के बयान का विरोध करते हुए उन्हें बर्खास्त करने की मांग की है। विश्व हिन्दू परिषद नेपाल की तरफ से एक बयान जारी कर संस्कृति मंत्री के इस विवादित बयान पर उन्हें बर्खास्त करने की मांग की गई है।



# शारजाह से काठमांडू आए एयर अरेबिया के विमान के शौचालय में नवजात बरामद

**काठमांडू।** काठमांडू के त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल पर उतरे एक विमान के शौचालय को जब साफ करने के लिए ग्राउंड स्टाफ पहुंचा तो उसे वहां एक नवजात शिशु दिखाई दिया। खून से लथपथ उस नवजात शिशु को अस्पताल भेजा गया है। यह घटना आज सुबह की है, जब शारजाह से आए एयर अरेबिया के विमान के पिछले दरवाजे के पास वाले शौचालय से नवजात शिशु बरामद किया गया। नागरिक उड्डयन विभाग के प्रवक्ता सुभाष झा ने बताया कि शारजाह से आए एयर अरेबिया के विमान संख्या जी9 536 से सभी यात्रियों के उतरने के बाद सफाई कर्मचारी अन्दर गए तो उन्हें शौचालय में एक नवजात शिशु दिखाई दिया। उस सफाई कर्मचारी के हवाले से प्रवक्ता झा ने बताया कि वह नवजात शिशु खून से लथपथ था और बेहोश भी था।




इस घटना की जानकारी तत्काल विमानस्थल के सुरक्षाकर्मी को दी गई। उस विमान से उतरी एक महिला को भी हिरासत में लेने की जानकारी प्रवक्ता झा ने दी। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सूची देखने के बाद गर्भवती महिला के विमान में यात्रा करने की जानकारी मिलते ही इमिग्रेशन से आगे निकल चुके उस महिला को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बच्चे का जन्म विमान के शौचालय में ही होने और उसे वहीं छोडने की बात कबूल कर ली।

पुलिस ने उस नवजात शिशु के साथ साथ महिला को भी अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल महिला की जानकारी को गोपनीय रखा गया है। वह किस देश की नागरिक है और कहां से आई है, इस बात को फिलहाल नहीं बताया गया है।

## 'आतंक से लड़ने का मतलब गाजा की तबाही नहीं'

**इस्राइल ।** इस्राइल और हमास के बीच जारी संघर्ष को अब ढाई महीने से ज्यादा हो चुके हैं। हालांकि, दोनों ही तरफ से अब तक गाजा पट्टी पर युद्ध जारी है। जहां हमास की तरफ से अब तक इस्राइली बंधकों को नहीं छोड़ा गया है, वहीं इस्राइल की सेना ने भी गाजा से आतंकियों के सफाए के लिए सैन्य अभियान जारी रखा है। इस बीच गाजा पट्टी में हो रही मौतों को लेकर कई देशों ने इस्राइल से एहतियात बरतने की अपील की है। अब इन देशों में एक नाम फ्रांस का भी जुड़ गया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि इस्राइल के आतंक से लड़ने का यह मतलब बिल्कुल नहीं हो सकता कि वह गाजा को तबाह कर दे। मैक्रों ने कहा, 'हम इस विचार को बिल्कुल पनपने नहीं दे सकते कि आतंकवाद के खिलाफ एक कारगर तरीका गाजा को तबाह करना या उसकी नागरिक आबादी को निशाना बनाना है।÷ उन्होंने इस तरह की प्रतिक्रिया को अनुचित बताते हुए इसे रोकने की अपील की। मैक्रों ने कहा कि सभी तरह की जिंदगियां एक जैसी हैं और हमें उनकी रक्षा करनी चाहिए मैक्रों ने इस्राइल के खुद की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने के अधिकार का भी बचाव किया।

# डोनाल्ड ट्रम्प नहीं लड़ पाएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव, कैपिटल हिंसा मामले में अदालत ने अयोग्य ठहराया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सत्ता में दोबारा आने की होड़ में शामिल पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को बड़ा झटका लगा है। कोलोराडो प्रांत की प्रमुख अदालत ने यूएस कैपिटल हिंसा मामले में ट्रम्प को राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य करार दिया है। अदालत ने रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से व्हाइट हाउस की दौड़ के लिए प्रमुख उम्मीदवार ट्रम्प को राष्ट्रपति पद के लिए राज्य के प्राथमिक मतदान से हटा दिया है। अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को अयोग्य ठहराए जाने का यह पहला मामला है। कोलोराडो हाई कोर्ट ने 4-3 के बहुमत वाले अपने फैसले में कहा कि ट्रंप 14वें संशोधन की धारा-3 के तहत राष्ट्रपति पद संभालने के अयोग्य हैं। कोलोराडो प्रांत के हाई कोर्ट ने जिला अदालत के निर्णय को पलटते हुए यह आदेश दिया। जिला अदालत ने कहा था कि ट्रम्प ने 6 जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद पर हुए हमले के लिए भीड़ को हिंसा के लिए उकसाया था लेकिन ट्रम्प को राष्ट्रपति चुनाव में हिस्सा लेने से नहीं रोका जा सकता क्योंकि यह साफ नहीं है कि संविधान की धारा राष्ट्रपति पद को कवर करती है।



गौरतलब है कि वर्ष 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प की हार के बाद उनके समर्थकों ने 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद) पर हमला कर दिया था। उनके हजारों समर्थक संसद भवन के भीतर घुसकर जमकर हिंसा व तोड़फोड़ कर दी थी। हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई। ट्रम्प पर समर्थकों को संसद भवन में घुस कर हिंसा के लिए भड़काने का आरोप लगा था।

# 'कई चुनौतियों से मुकाबला कर रहे अफगानिस्तान के लोगों के साथ भारत', यूएनसी में बोलीं कंबोज

**बीजिंग।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने अफगानिस्तान के लोगों के प्रति देश की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। इसके साथ ही देश के लिए निरंतर अंतरराष्ट्रीय ध्यान और समर्थन की आवश्यकता पर बल दिया जो पहले से ही आतंकवाद और प्राकृतिक आपदाएं जैसी चुनौतियों का मुकाबला कर रहा है।

**बात रखने का दें मौका**

कंबोज ने अफगानिस्तान की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा, 'अफगानिस्तान के एक पड़ोसी, उसके मित्र और अफगानिस्तान में शांति व स्थिरता सुनिश्चित करने में प्रत्यक्ष हित रखने वाले देश के रूप में मुझे परिषद के सामने अपनी बात रखने का मौका दें।'




**मानवीय स्थितियों के बारे में चिंता व्यक्त की**

उन्होंने इस साल अक्टूबर में आए भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण बिगड़ती मानवीय स्थितियों के बारे में विशेष चिंता व्यक्त की। साथ ही अफगानिस्तान की स्थिति के बारे में चल रही चिंताओं पर प्रकाश डाला। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार इस साल की शुरुआत में अक्टूबर में पश्चिमी अफगानिस्तान में आए 6.3 तीव्रता के भूकंप में 320 से अधिक लोग मारे गए थे और सैकड़ों घायल हो गए थे।

कंबोज ने कहा कि अफगानिस्तान की स्थिति अभी भी चिंता का विषय है। अक्तूबर के भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बिगड़ती मानवीय स्थिति ने लोगों के जीवन पर विनाशकारी प्रभाव डाला है। उन्होंने इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान अफगानिस्तान से ध्यान न हटाने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के महत्व पर जोर दिया।

# पूर्व पीएम शरीफ ने बांधे भारत की तारीफों के पुल, कहा- हमारे पड़ोसी चांद पर पहुंच गए और हम जमीन...

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की आर्थिक हालात किसी से छिपे नहीं है। आए दिन किसी न किसी देश के सामने मदद के लिए हाथ फैला पड़ता है। इस बीच, यहां के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने एक बार फिर भारत की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि हमारे आसपास के देश चांद पर पहुंच गए हैं, लेकिन पाकिस्तान अब भी जमीन से नहीं उठा है। नवाज शरीफ इस्लामाबाद में पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) के कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

**देश पतन के लिए खुद जिम्मेदार**

उन्होंने देश की गंभीर आर्थिक स्थिति की ओर इशारा करते हुए कहा, 'हमारे पड़ोसी चांद पर पहुंच गए हैं, लेकिन हम अब तक जमीन से उठ भी नहीं पाए हैं। यह इस तरह से नहीं चल सकता। हम अपने पतन के लिए खुद जिम्मेदार रहे हैं, अन्यथा यह देश एक अलग जगह पर पहुंच गया होता।'

**यह सब विकास किए गए**

शरीफ चौथी बार प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि साल 2013 में देश बिजली की भारी लोड शेडिंग का सामना कर रहा था। तब हमने आकर इसे खत्म किया। पूरे देश से आतंकवाद को खत्म किया। इसके अलावा कराची की शांति बहाल की, राजमार्गों का निर्माण हुआ, सीपीईसी आया और विकास एवं समृद्धि का एक नया युग शुरू हुआ।



**तीन बार सत्ता से बाहर**

रिपोर्ट के अनुसार, नवाज शरीफ को तीन बार (1993, 1999 और 2017 में) सत्ता से बाहर किया गया था।

**इस्लामाबाद में महंगाई बढ़ी**

पाकिस्तान में मौजूदा संकट के लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाए इस पर शरीफ ने कहा, हमने खुद को अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारी है। 2014 में हमारी सरकार के दौरान महंगाई कम थी और आबपारा में दो पाकिस्तानी रुपये में एक रोटी मिलती थी, जो अब 30 पाकिस्तानी रुपये तक पहुंच गई है।

**फर्जी मामले दर्ज**

उन्होंने दावा किया कि उनके, मरियम और पीएमएल-एन के अन्य नेताओं के खिलाफ फर्जी मामले दर्ज किए गए हैं। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने केवल तीन सुनवाइयों में दो मामलों में दोषसिद्धि को रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा कि अगर देश विकसित होना चाहता है तो वह महिलाओं के विकास को प्राथमिकता दे। उन्हें लगता है कि महिलाओं को विकास के लिए बराबर की भागीदार बनना होगा, महिलाओं को भी आगे बढ़कर पुरुषों के साथ इस देश की सेवा में काम करना होगा।

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## 17 साल की लड़की चौथी मंजिल से गिरी, हालत गंभीर... पुलिस जांच में जुटी

**नोएडा।** दिल्ली में एक लड़की के छत से गिरने का मामला सामने आया है। बीती रात ट्रामा सेंटर को सूचना मिली थी कि सिविल लाइन इलाके में एक 17 साल की लड़की को उसके पिता ने ट्रामा सेंटर में भर्ती किया है। जो हरफूल सिंह बिल्डिंग की चौथी मंजिल से नीचे गिर गई थी। सूचना मिलने पर आईओ और एसएचओ पहुंचे। जहां घटना वाली जगह पर खून पड़ा हुआ था और घर में कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। क्राइम टीम ने घटनास्थल की जांच की। अभी तक की जांच में किसी भी तरह की किसी गड़बड़ी की जानकारी सामने नहीं आई है। आगे की जांच जारी है। लड़की की हालत गंभीर बनी हुई है। लेकिन स्थिर है।

## एआईआईए गोवा परिसर का प्रथम स्थापना दिवस स्मारक डाक टिकट जारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गोवा के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के पहले स्थापना दिवस पर बुधवार को यहां एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। श्री सोनोवाल ने यहां




आयोजित एक समारोह में स्मारक डाक टिकट जारी करते हुए कहा कि गोवा के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के पहले स्थापना दिवस के अवसर पर स्मारक डाक टिकट जारी होना गौरव का पल है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य पीएम मोदी के मार्गदर्शन में 2047 तक शीर्ष तीन देश बनने का है और हम आत्मनिर्भर देश बनेंगे। हम एक विकसित देश बनने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं। हम सर्वोत्तम प्रणालियों के साथ सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए कृतसंकल्प हैं।

## युवा कांग्रेस ने किया संसद का घेराव

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी तथा मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ संसद घेराव का किया और कहा के लोकतंत्र को कुचलकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने संसद के घेराव के लिए एकत्रित युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार द्वारा लोकतंत्र को कुचला जा रहा है, बेरोजगार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है और जमकर तानाशाही चल रही है लेकिन युवा कांग्रेस इस तानशाही का डटकर मुकाबला करेगी और फासीवादी ताकतों के मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे। श्री श्रीनिवास ने कहा कि युवाओं के भविष्य को कुचलने और लोकतंत्र की हत्या करने वाली भाजपा सरकार के खिलाफ आज हजारों युवा संसद घेराव के लिए आज दिल्ली पहुंचे। मोदी सरकार देश के युवाओं के लिए बेरोजगारी की सौगात लाई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा 141 सांसदों को निलम्बित कर लोकतंत्र को कुचला जा रहा है और बेरोजगारी के चलते युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। युवा कांग्रेस नेता ने कहा कि देश की लड़ाई अब युवा लड़ेगा और केंद्र की मोदी सरकार का सत्ता के घमंड को तोड़ेगा। लोकतंत्र की रक्षा और बेरोजगार युवाओं को उनका हक दिलाने के लिए संसद से सड़क तक संघर्ष जारी रहेगा।

## भारतीय तटरक्षक के लिए छह अत्याधुनिक स्वदेशी पोत खरीदे जायेंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तट रक्षक के लिए नयी पीढ़ी के छह अपतटीय गश्ती पोत की खरीद के लिए मझगांव डॉकयार्ड शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस खरीद पर (भारतीय-आईडीडीएम) श्रेणी के तहत कुल 1614.89 करोड़ रुपये की लागत आयेगी । इन छह पोत में से चार पुराने पोत की जगह लेंगे जबकि दो अन्य से भारतीय तटरक्षक बेड़े में वृद्धि होगी। इस खरीद का उद्देश्य भारतीय तटरक्षक की क्षमता को बढाना है। ये आधुनिक और उच्च तकनीक वाले पोत निगरानी, ??कानून प्रवर्तन, खोज और बचाव, समुद्री प्रदूषण से निपटने और मानवीय सहायता सहित अन्य महत्वपूर्ण क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इन बहुउद्देश्यीय अत्याधुनिक पोत को स्वदेशी डिजाइन से देश में ही विकसित और निर्मित किया जाएगा।

# दिल्ली-एनसीआर में कोरोना की वापसी: सात नए मामले मिलने से हड़कंप

### • कोरोना जेएन1 से हो जाएं अलर्ट, गाइडलाइन जारी


**दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर कोरोना की वापसी हो गई है। दिल्ली में सात लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। दिल्ली ही नहीं देश में भी स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना के नए वेरिएंट जेएन1 को लेकर अलर्ट रहने के लिए कहा है।

**दिल्ली में कोरोना के नए मरीज**

दिल्ली स्वास्थ्य विभाग की ओर से जानकारी देते हुए बताया गया है कि दिल्ली के अस्पतालों में कुछ 6157 बेड हैं, जिसमें से सात मरीज भर्ती हुए हैं। अभी अस्पतालों में 6150 बेड खाली हैं।

**अब तक 20 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित**

वहीं दिल्ली में मंगलवार को



तीन कोरोना के नए केस मिले थे। सभी मरीजों का उपचार अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अब राजधानी में 20 लाख 14 हजार 448 मामले संक्रमण के दर्ज हो चुके हैं।

**डॉक्टरों ने दी सलाह**

विशेषज्ञों ने लोगों से फिर से चेहरे पर मास्क लगाने और भीड़भाड़ वाले इलाके में जाने से बचने की सलाह दी है। हालांकि [illegible]

लोग नए साल के जश्न में डूबने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि आगे स्थित बिगड़ भी सकती है।

**गाजियाबाद में कोरोना का पहला मामला**

वहीं दूसरी तरफ गाजियाबाद में भी सात महीने बाद कोरोना के पहला मामला सामने आया है। निजी चिकित्सक ने निजी लैब में मरीज की जांच कराई है, जिसमें कोविड पॉजिटिव रिपोर्ट आई।

जिला सर्विलांस अधिकारी आरके गुप्ता ने बताया कि मरीज को एहतियात बरतने और भीड़भाड़ वाले स्थान पर ना जाने की सलाह दी गई है। मरीज शास्त्रीनगर निवासी हैं। नाक कान गला रोग विशेषज्ञ बीपी त्यागी ने [illegible]

## गाजियाबाद में बीजेपी पार्षद कोरोना संक्रमित, नए वेरिएंट की जांच के लिए भेजा सैंपल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में बीजेपी के पार्षद अमित त्यागी कोरोना संक्रमित पाए गए। कोरोना के नए वेरिएंट की जांच के लिए उनका सैंपल जिनोम सिक्वेंसिंग के लिए लैब में भेजा जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर आरके गुप्ता ने बताया कि दिल्ली के पश्चिम विहार में सीआरएल डायग्नोस्टिक लैब पर जांच हुई थी, जिसकी रिपोर्ट बुधवार को आई। मरीज को खांसी और सर्दी की शिकायत थी। इसके अलावा वे मधुमेह से भी पीड़ित हैं। जिसके बाद ये जांच कराने के लिए लैब पर



आए थे। फिलहाल कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद मरीज को होम आइसोलेट कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि परिवार में पत्नी, बेटा और मां हैं। इनके सैंपल लिए जा रहे हैं। संपर्क में आने वाले लोगों को भी ट्रेस कर उनकी सैंपलिंग की जा रही है। इसके अलावा, पॉजिटिव मरीज का सैंपल जिनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजा जा रहा है। कोरोना संक्रमित अमित त्यागी गाजियाबाद के शास्त्रीनगर में रहते हैं और नगर निगम में भाजपा पार्षद दल के सचेतक हैं। फिलहाल उनकी

## ईपीएफओ में अक्टूबर में दौरान 15.29 लाख सदस्य जुड़े

**नई दिल्ली।** जारी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के अनंतिम पेरोल डेटा में बताया गया है कि ईपीएफओ में अक्टूबर, 2023 के महीने में 15.29 लाख सदस्य शामिल हुए हैं। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में सदस्यता में 18.22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आंकड़ों से पता चलता है कि अक्टूबर, 2023 के दौरान लगभग 7.72 लाख नए सदस्य जुड़े। ये ईपीएफओ के सामाजिक सुरक्षा कवरेज के तहत स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। नए सदस्यों के जुड़ने की प्रति वर्ष वृद्धि की तुलना करें तो चालू माह के दौरान पिछले वर्ष अक्टूबर की तुलना में 6.07 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इन नए सदस्यों में, 18-25 वर्ष के आयु वर्ग के सदस्य महीने के दौरान जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 58.60 प्रतिशत हैं। इससे पता चलता है कि संगठित क्षेत्र के कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश सदस्य इस आयु वर्ग में पहली बार नौकरी प्राप्त वाले हैं।

पेरोल डेटा यह भी दर्शाता है कि लगभग 11.10 लाख सदस्य ईपीएफओ से बाहर चले गए थे, बाद में वे फिर से ईपीएफओ में शामिल हो गए। इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली है और ईपीएफओ के अंतर्गत आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए हैं और अंतिम निपटान के लिए आवेदन करने के बजाय अपनी जमा राशि को स्थानांतरित करने का विकल्प चुना है, जिससे ईपीएफओ के साथ उनकी सामाजिक सुरक्षा बढ़ गई है। पिछले 4 महीनों से ईपीएफओ छोड़ने वालों की संख्या में गिरावट का रुझान देखा गया है। कुल मिलाकर, अक्टूबर, 2023 के लिए ईपीएफओ से बाहर निकलने वाले सदस्यों की संख्या पिछले 12 महीनों में सबसे कम है।

## समाज सेवक चिरंजीव मल्होत्रा द्वारा संचालित संत शिव वृद्ध आश्रम में दुष्यंत कुमार गौतम ने अपनी बेटी का जन्मदिन मनाया!

### बीजेपी नेशनल जनरल सेक्रेटरी दुष्यंत कुमार गौतम ने अपनी पूरी फैमिली के साथ वृद्ध लोगों को अपनी बिटिया के जन्मदिन के अवसर पर गरम कंबल वितरण किए !

नई दिल्ली। संत शिव सेवा वृद्ध आश्रम करोलबाग में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व राज्यसभा सांसद दुष्यंत गौतम ने बुजुर्गों के साथ मनाया अपनी बेटी भारती गौतम का जन्मदिन। इस अवसर पर संत शिव सेवा वृद्ध आश्रम के संचालक समाजसेवी चिरंजीवी मल्होत्रा भी मौजूद रहे। दुष्यंत गौतम अपने पूरे परिवार के साथ संत शिव सेवा वृद्ध आश्रम करोलबाग पहुंचे, जहां समाजसेवी चिरंजीवी मल्होत्रा के साथ बे-सहारा बुजुर्गों, जिनके बच्चों ने घर से निकाल दिया है उन्हें गौतम ने मिठाइयां, फल और गरम कपड़े दिए व उनके साथ समय भी बिताए। इस मौके पर गौतम ने इन सहाय लोगो के लिए नेक कार्य के लिए चरणजीव मल्होत्रा की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यों को भारत सरकार लगातार प्रोत्साहन



कर रही है और जो सामाजिक लोग इस तरह के कार्य करते है उससे समाज में और भी उर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि समाज में बुराइयां खत्म हो, हम बुराइयों का मुकाबला कैसे करें इसलिए मैं चरणजीव मल्होत्रा जी का हौसला बढ़ाने आया हूं। चरणजीव मल्होत्रा ने श्री गौतम का आभार जताया और कहा कि समय की विडंबना कहें या समय की मार क्योंकि जब से परिवारों की परंपरा का विकास हुआ है। तब से वृद्ध पुरुषों का परिवारों में मान सम्मान व महत्व कम हो गया है, जिसके परिणाम स्वरूप इन्हें वृद्धा आश्रम में मजबूरन आसरा लेना पड़ता है।

## मृतका रीना के बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाएगी DMRC, हरदीप पुरी ने भी दिए निर्देश; मिलेंगे 15 लाख

**नई दिल्ली।** मेट्रो की गेट में साड़ी फंसने से हुई महिला की मौत के हफ्तेभर बाद दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने मृतका के परिजनों को 15 लाख रुपये का मुआवजा देने का एलान किया है। इसके अलावा डीएमआरसी ने मृतका के दोनों बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा भी उठाने का फैसला किया है। इसके लिए अधिकारियों की एक टीम बनाई गई है। इस मामले में केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी निर्देश दिया है कि बच्चों की देखभाल और शिक्षा दिल्ली मेट्रो प्रबंधन द्वारा सुनिश्चित की जाए। 14 दिसंबर को रेड लाइन पर इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर महिला यात्री हादसे का शिकार हुई थी। 16 दिसंबर को अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी। दिल्ली मेट्रो के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अनुज दयाल ने बताया कि मेट्रो रेलवे दावे की प्रक्रिया नियम 2017 के प्रावधानों के तहत मृतका रीना के परिजन को पांच लाख का मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा मृतका के बच्चों को मानवीय सहायता के रूप में 10 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि भी दी जाएगी। चूंकि मृतका के दोनों बच्चे अभी नाबालिग हैं, ऐसे में यह राशि किसे दी जाएगी, इसके लिए मेट्रो कानूनी सलाह ले रही है। घटना कैसे हुई और मेट्रो का गेट क्यों नहीं खुला, इसकी जांच मेट्रो रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) कर रहे हैं। इसकी जांच कब खत्म होगी इस बारे में मेट्रो की तरफ से बताया नहीं गया है। डीएमआरसी के सूत्रों ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद इस तरह के हादसे न हो इसको लेकर एक विस्तृत योजना तैयार की जाएगी। अभी फिलहाल भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए हैं।

## सांसों पर संकट बरकरार- दो दिन की राहत के बाद फिर 'जहरीली' हुई दिल्ली की हवा, AQI 300 के पार

**नई दिल्ली।** दो दिन की राहत के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ने से एयर इंडेक्स एक बार फिर 300 के पार पहुंच गया है। इस वजह से आज बृहस्पतिवार सुबह दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई। इसका कारण हवा की गति कम और स्थानीय परिस्थितियां हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की रिपोर्ट के अनुसार अगले छह दिनों तक दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी। सीपीसीबी के अनुसार, सुबह आठ बजे दिल्ली का एयर इंडेक्स 332 पहुंच गया। इस वजह से हवा की गुणवत्ता बेहद खराब



श्रेणी में पहुंच गई।

**इन इलाकों में अधिक है प्रदूषण**

जहांगीरपुरी,नेहरू नगर, आइटीओ, पंजाबी बाग, वजीरपुर, बवाना, रोहिणी

दिल्ली के इन इलाकों में प्रदूषण अधिक बना हुआ है। इस वजह से जहांगीरपुरी का एयर इंडेक्स 398, नेहरू नगर का 389, आइटीओ का 369, पंजाबी बाग का 363, वजीरपुर का 363, बवाना का 363 और रोहिणी का एयर इंडेक्स 362 रहा। एक दिन पहले 20 दिसंबर को दिल्ली का एयर इंडेक्स खराब श्रेणी में 285 और 19 दिसंबर को एयर इंडेक्स 286 था। इस तरह दो दिन पहले एयर इंडेक्स 300 से कम रहा था। इसके पहले 18 दिसंबर को एयर इंडेक्स 330 था। इसके बाद अब एक बार फिर एयर इंडेक्स 300 के पार पहुंच गया है।

## श्रीलंका में जारी आर्थिक सुधारों से विश्व बैंक संतुष्ट, 25 करोड़ डॉलर की दूसरी किस्त को मंजूरी

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने श्रीलंका में जारी सुधार कार्यक्रम में 'लगातार संतोषजनक प्रगति' का हवाला देते हुए नकदी संकट से जूझ रहे देश को 25 करोड़ डॉलर की दूसरी किस्त जारी करने का एलान कर दिया। विश्व बैंक के इस कदम से देश की अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में मदद मिलेगी। विश्व बैंक ने 50 करोड़ डॉलर की बजटीय सहायता का वादा किया था और नकदी संकट से जूझ रहे श्रीलंका को जून में अपनी पहली किस्त जारी की थी। श्रीलंका पर कुल 46.9 अरब डॉलर का विदेशी कर्ज है। विश्व बैंक की विज्ञप्ति की विज्ञप्ति के अनुसार, ÷सुधार कार्यक्रम के साथ सरकार द्वारा की गई निरंतर संतोषजनक प्रगति को ध्यान में रखते हुए श्रीलंका को यह मदद लचीलापन, स्थिरता और आर्थिक बदलाव (रीसेट) विकास नीति संचालन (डीपीओ) के रूप में दी जानी जाने वाली सुविधा के माध्यम से दी गई है। सरकार को बजटीय सहायता प्रदान करने वाले रीसेट डीपीओ को मूल रूप से इस साल जून में मंजूरी दी गई थी। बता दें


**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I Shiv Murti Vishbkarma S/O Jagt R/O HNo-4/33 Veena Enclave Nangloi west Delhi Delhi-110041.Declare that the name of mine has been wrongly written as Shiva in my minor daughter namely Kavita age15 years in her 10th class educational document . The actual name of mine is Shiv Murti Vishbkarma. Which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, VERSHA W/O SANJAY residing at H NO 11/248 BLOCK -11 GEETA COLONY NEAR HAPPY ENGLISH SCHOOL DELHI-110031 have changed my name to VARSHA for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, HIMANI W/O RAVINDER SINGH residing at 2E-213D, WARD NO-11, NIT, FARIDABAD, HARYANA-121001 have Change my name to HIMANI CHANDNA for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, Rooma Afshan w/o Mohd Wajid R/o 12-A/16, Gali No.10, Vijay Mohalla, Maujpur, Delhi-110053, have changed my name to Ruma Afsha for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, Mohd Walid s/o Rafiq Ahmed R/o 12-A/16, Gali No.10, Vijay Mohalla, Maujpur, Delhi-110053, have changed my name to Mohd Wajid for all future purposes.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, VANDANA DEVI W/O JAGDAMBA residing at N-834, MANGOL PURI, NORTH WEST DELHI, DELHI-110083 declare that name of mine has been wrongly written as VANDANA in my minor daughter's namely KAJAL aged 15 years in her School Records and birth certificate No. MCDOLR08196668. The actual name of mine is VANDANA DEVI, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, REETA DEVI Wife of No. NO-4485103A Rank-L/HAV Name-JAGDEV SINGH presently residing at VPO-NARAINGARH, TEH-AMLOH, DIST-FATEHGARH SAHIB, PUNJAB-147203 have changed my name from REETA DEVI to RITA DEVI for all future purposes vide Affidavit Dated 21/12/2023 before Notary Public, Delhi.

**NOTICE**
I, Radha Rani w/o Prabodh Kumar R/o declare thet name of my minor daughter hasbeen Wrongly written as cherish in my minor daughter namely cherish Singh aged 11 yrs in her School 345, near mcd School, Munirka Village South west Delhi-110067 record. The actual name of my minor daughter is cherish Singh which may be amended accordingly

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, AMIT VERMA S/O HANS RAJ R/o E-210,PANDAV NAGAR , DELHI-110091, declare that name of my minor son has been wrongly written as VIRAJ VERMA in my minor son VIRAJ DEDHA AGED 10 YEARS in his Educational Documents. The actual name of my minor son is VIRAJ DEDHA, which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**
I hitherto known as Rubeena Parveen D/O Mohd Irshad R/o J-30 Budh Vihar phase -1 north west Delhi 110086. have changed my name and shall hereafter be known as Rubi.

**NAME CHANGE**
I Arun Diwakar s/o Nathuni Lal R/o 79, J.J Camp, Anand Vihar ,Delhi 110092 inform that in some document my name is mentioned wrongly as Arun . Arun and Arun Diwakar is same and one person

**NAME CHANGE**
I, MEERA W/O RAJKUMAR residing at 516 WARD 2 MAHAN MEHEM ROHTAK HARYANA-124112 have changed my minor son name from JATIN to JATIN GOYAL for all future purpose

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, AMIT KUMAR S/0 SURESH KUMAR R/O- 211, Mehchana, Village- Mehchana (16), Tehsil-Farrukhnagar, Gurgoan, Hariyana-122504, declare that name of my wife and my minor daughter has been wrongly written as MALTI and NIDHI in my minor daughter namely NIDHI CHAUHAN aged 15 years in her School Records. The actual name of my wife and my minor daughter are MALTI DEVI and NIDHI CHAUHAN respectively, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, VIMALA DEVI Mother of No-14684160W Rank-HMT Name-ANIL KUMAR SAINI, presently residing at WARD NO-18, SITARAM JI KA NOVADA, BADAGAON, DIST-JHUNJHUNU, RAJASTHAN-333021, have changed my name from VIMALA DEVI to BIMLA for all future purposes and in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1968 instead of my correct date of birth as 01/01/1971 vide affidavit dated 21/12/2023 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, tara chandAR pandey S/O jagdish chandAR pandey residing at c-1239 f/f dda lig flats pocket-2 east of loni road nand nagri delhi-110093 have changed my name to tara chand pandey for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, Piyush Kashyap S/o Girish Kumar R/o 4753 Gali Razia Begum Hauz Qazi Delhi-110006, have changed my name to Abdul Rehman

**NAME CHANGE**
I, SAURABH KUMAR CHAURASIYA S/O RAJKUMAR CHAURASIYA residing at C-494, J J COLONY, BUDH NAGAR, INDERPURI, DELHI-110012 have changed my name to SOURABH CHAURASIYA permanently.

**PUBLIC NOTICE**
THE PUBLIC AT LARGE TAKE NOTICE THAT MY CLIENTS SH. SHUBHASH S/O SH. HARDWARI LAL & SMT. MAMTA DEVI W/O SH. SHUBHASH, BOTH R/O PLOT NO. 1007, E-BLOCK, GOYLA DAIRY, QUTAB PUR, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110071 HEREBY DISINHERIT THEIR BOTH SONS SH. MUKESH AND SH. TARUN AND THEIR DAUGHTER IN LAWS MRS POOJA SHARMA AND MRS. KAJAL FROM ALL THEIR PROPERTIES MOVABLE AND IMMOVABLE BECAUSE OF THEIR BAD CHARACTER AND UNCONTROLLABLE BEHAVIOR. THE SAID PERSONS WOULD THEREFORE, BE NO LONGER SONS & DAUGHTER IN LAWS OF MY CLIENTS. THE SAID SONS & DAUGHTER IN LAWS WILL NOT INHERIT ANY PROPERTY OF MY CLIENT AFTER THE DEATH OF MY CLIENTS. MY CLIENT SHALL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY QUARREL, CRIMINAL CIVIL CASE, OR OTHER ACTS OF HIS FAMILY MEMBERS AND RELATIVES OR FOR ANY DEBTS INCURRED BY THEM.
**KAMAL SINGH Advocate**
CHAMBER NO. 628, 6th FLOOR LAWYER'S CHAMBER BLOCK, DWARKA DISTRICT COURT, SEC-10, DWARKA, NEW DELHI-75

**सूचना**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा ग्राहक श्री सुमित नागर पुत्र श्री वीरेंद्र सिंह आवासीय मकान क्षेत्रफल 575 वर्ग गज या 481 वर्ग मीटर. खसरा नंबर 215 और 216 में से, गांव लुक्सर, परगना दनकौर तहसील और जिला गौतमबुद्धनगर में स्थित है के मालिक है। उपहार विलेख दिनांक 08/12/2023 द्वारा श्री वीरेंद्र सिंह पुत्र श्री शिव दयाल द्वारा श्री सुमित नागर पुत्र श्री वीरेंद्र सिंह के पक्ष में निष्पादित किया। (Doc. No. 32156, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 43882, पेज- 157 से 172, SR- सदर ग्रेटर नोएडा)। जो आगे अपनी वास्तविक आवश्यकताओं के लिए उक्त संपत्ति को फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के पास गिरवी रखने का इरादा रखता है। जिसे भी उक्त बंधक या अधिग्रहण पर कोई आपत्ति हो या संपत्ति पर किसी का दावा या अधिकार या हित हो, उसे 07 दिनों के भीतर आपत्ति के साथ अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करना होगा। जिससे यह मान लिया जाएगा कि कोई आपत्ति नहीं है।
नई दिल्ली
दिनांक: 21/12/2023
**प्रज्ञा भूषण वकील**
Enrl No. D/721/02
कार्यालय: L-27,GF, कैलाश कालोनी, नई दिल्ली-48 Mob: 9968006418

**NANI RESORTS & FLORICULTURE PVT. LTD.**
**Corporate Office: ROF Group, Building No. 80, First Floor, Sector-44, Gurugram-122003, Ph.0124-4399399**

Applications are invited from general public out for booking of residential apartments in the Affordable Housing Project ***"ROF AALAYAS - II"*** being developed by M/s. **NANI RESORTS & FLORICULTURE PVT. LTD.**

On first come first serve basis at **Sector 102, Gurugram, Haryana (License No. - 82 of 2018 dated: 06.12.2018)** which have been either surrendered by the applicants or allotment of which has been cancelled by the Developer due non-payment or any other reason in terms of the Haryana Affordable Housing Policy 2013 dated 19.08.2013 (as amended):

| Application No. | Carpet Area (Sq. Ft.) | Apartment No. |
|---|---|---|
| 1383 | 646, 3BHK (TYPE-16) | I-807 |
| 1072 | 645, 2+S BHK (TYPE-17) | I-302 |

* Payable as per payment plan.

The Applications forms containing detailed terms and conditions can be obtained from our office situated at **First Floor, Building No. 80, Sector-44, Gurgaon-122003**

For **NANI RESORTS & FLORICULTURE PVT. LTD.**
**Place: Gurugram (Haryana)**

**NAME CHANGE**
I, Jaswant Singh Channa S/o Amarjit Singh R/o T-487/1, First Floor, Ration Wali Gali, Baljeet Nagar, Patel Nagar, Delhi-110008 have changed my name to Jaswant Singh.

**PUBLIC NOTICE**
I, hitherto known as CHANDRA VATI W/O AMAR CHAND SHARMA R/O H.NO. D- 83, GALI NO. 27, MOLARBAND EXTN., BADARPUR, JAITPUR, SOUTH DELHI- 110044 have changed my name and shall hereafter be known as BEENA SHARMA.

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारी ग्राहक श्रीमती जनक गुलाटी पत्नी स्वर्गीय सतीश कुमार गुलाटी, रोहिणी के लेआउट प्लान में स्थित, पॉकेट-25 सेक्टर-24 क्षेत्र में 28 वर्ग मीटर के क्षेत्र संख्या 139 की फ्रीहोल्ड निर्मित संपत्ति के छत के अधिकार के बिना फ्रीहोल्ड आवासीय पूरी पहली मंजिल की मालिक हैं। आवासीय योजना, रोहिणी, दिल्ली। विक्रय विलेख दिनांक 23.05.2011 के आधार पर एसआर-VI दस्तावेज़ संख्या 7283 वॉल्यूम संख्या 4379 पृष्ठ संख्या 174-179 दिनांक 23.05.2011 के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत। आज तक और अपना मूल विक्रय विलेख दिनांक 31.07.2009 को खो दिया है/गुम कर दिया है, जो एसआर-VI दस्तावेज़ संख्या 7684 खंड संख्या 2989 पृष्ठ संख्या 183-187 के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत है। इसे श्री बीरिंदर सिंह पुत्र के पक्ष में निष्पादित किया गया था। श्री हरभजन सिंह, अब हमारे ग्राहक घोषणा कर रहे हैं कि उक्त संपत्ति पर किसी अन्य व्यक्ति का कोई अधिकार नहीं है, और वही संपत्ति श्री नवीन कुमार के नाम से बिकने जा रही है, क्योंकि इसका वित्तपोषण उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड शाखा आदर्श नगर नई दिल्ली द्वारा किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में अधिकारञ्चस्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
**Naveen Kumar Verma (advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad Uttar Pradesh-201010, Contact at-09958871432

# पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के अन्तगर्त एक वर्कशाप का आयोजन



**करनाल।** चेयरपर्सन जिला समुचित प्राधिकारी एवं सिविल सर्जन करनाल डा0 कृष्ण कुमार, की अध्यक्षता में होटल ज्वैलस करनाल में पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के अन्तगर्त एक वर्कशाप का आयोजन किया गया। वर्कशाप में सी.एम सैल हरियाणा से जी.एल.सिंघल ने मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लिया। कार्यशाला में जिला करनाल में पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के अन्तगर्त रजिस्ट्रर्डअल्ट्रासाउंड केन्द्रों के ओनर व आप्रेटर शामिल हुए। इसके अतिरिक्त जिला न्यायवादी डा0 पंकज भी इस वर्कशाप में उपस्थित रहे।

उपरोक्त वर्कशाप का मुख्य उदेश्य पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के अन्तगर्त सभी रजिस्ट्रर्ड केन्द्रों द्वारा पीएनडीटी एक्ट की पालना जैसे फार्म एफ को सही प्रकार से भरना, अपने केन्द्र के रिकार्ड का सही रख-रखाव, प्रत्येक माह की 5 तारीख तक अपने केन्द्र की रिपोर्ट कार्यालय में भिजवाना इत्यादि रहे। इस वर्कशाप में जी.एल. सिंघल द्वारा प्रैजेंटेशन के माध्यम से पीएनडीटी एक्ट के बारे में विस्तार से बताया गया तथा पीएनडीटी एक्ट के अन्तगर्त होने वाले कोर्ट केसिज के बारे में भी चर्चा की गई।

सिविल सर्जन करनाल तथा नोडलअधिकारी पीएनडीटी द्वारा सभी केन्द्रों के ओनर व आप्रेटरो को पीएनडीटी एक्ट व एमटीपी एक्ट की पालना करने तथा जिला के लिंग अनुपात में सुधार करने हेतु अपना सहयोग देने बारे भी कहा गया। वर्कशाप में विभिन्न केन्द्रों से आए ओनर व आप्रेटरों द्वारा किए गए सवालों का जवाब देते हुए उन द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम पीएनडीटी व एमटीपी एक्ट की उल्लंघना करने वालों के विरूद्ध सचेत है तथा लिंग अनुपात में सुधार करने हेतु प्रत्येक सफल कोशिश कर रही है। इस वर्कशाप में जिला करनाल से आए 50 से अधिक केन्द्रों के ओनर व आप्रेटर उपस्थित रहे। सिविल सर्जन करनाल द्वारा बताया गया कि अवैध लिंग जांच करने वालों के विरूद्ध सूचना देने व सूचना सही पाए जाने पर सरकार की हिदायतों अनुसार एक लाख रूप्ये की नकद राशि गुप्त रूप से दी जाएगी तथा सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# कष्ट निवारण समिति के सदस्यों द्वारा रखी गई समस्याओं का अधिकारी करें शीघ्र समाधान : डॉ. कमल गुप्ता




**करनाल।** हरियाणा शहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री एवं जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष डॉ. कमल गुप्ता की अध्यक्षता में स्थानीय पंचायत भवन में समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मंत्री के समक्ष विभिन्न विभागों से संबंधी कुल 15 मामले रखे गए, जिनमें 4 मामले पिछ्ली बैठक से लंबित थे। मंत्री ने कुल मामलो में से 11 मामलो का मौके पर ही निपटारा कर दिया तथा 4 शेष मामलों के समाधान के लिए अधिकारियों को पुन- जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समिति के गैर सरकारी सदस्यों द्वारा रखी गई समस्याओं पर विशेष ध्यान दें और उनका समाधान करें।

कष्ट निवारण समिति बैठक के दौरान मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने सबसे पहले पिछ्ली बैठक से चले आ रहे मामलों की सुनवाई की और संबंधित अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्राप्त की। लंबित मामलों में गांव शेरगढ़ टापू निवासी रोशन लाल का मामला सहकारी चीनी मिल करनाल से संबंधित था। इस मामले की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए एमडी शुगरमिल करनाल ने बताया कि प्रार्थी के खाते में बकाया राशि का भुगतान कर दिया गया है। प्रार्थी अब पूरी तरह संतुष्ट है। इसके अलावा मिल द्वारा दोषी कर्मचारी को निलंबित किया गया और विभागीय जांच जारी है। मंत्री ने इस मामले को फाईल करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से अगला मामला शेखपुरा खालसा निवासी आरती पत्नी राकेश कुमार की शिकायत पुलिस विभाग से संबंधी थी। प्रबंधक थाना घरौंडा द्वारा की तफदीस से मुकदमा की घटना में केवल आरोपी नीरज, सुनीता और अजय निवासीगण गांव शेखपुरा खालसा संलिप्त होना पाए गए। इनके विरूद्ध मुकदमा का चालान तैयार करके न्यायालय में दिया गया। मंत्री ने इस मामले को भी फाईल करने के निर्देश दिए।

बैठक में एक अन्य मामला हांसी रोड करनाल निवासी कोमल का पुलिस विभाग से संबंधित था। इस मामले की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि मुकदमा की तफतीश के दौरान 8 सितंबर 2023 को प्रार्थिया की पुत्री नितिका अपने पति दीपक के साथ हाजिर हुई। जिसने अपनी मर्जी से शादी करने बारे बतलाया। नितिका का कथन धाराधीन 164 दंड प्रक्रिया संहिता मान्य न्यायलय के सम्मुख अंकित करवाया गया जिसके कथन अनुसार मुकदमा में सज्ञेंय अपराध का घटित होना नहीं पाया जाने पर थाना प्रबंधक शहर करनाल द्वारा मुकदमा को अखराज रिपोर्ट अंकित की जा चुकी है। मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने इस मामले को फाईल करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से हकीकत नगर निवासी अंजू देवी की शिकायत पशुपालन विभाग से संबंधित थी। इस मामले की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए पशुपालन विभाग के उप निदेशक ने बताया प्रार्थीया ने बयान दिया हैं कि मैंने अपनी गाय के टेस्ट उचानी से करवा कर उन्हीं से इसका पूर्ण ईलाज लिखवाया था और मोनू से अपनी गाय को ये टिके उचानी के डाक्टर के हिसाब से ही लगवाए थे। इसके उपरांत मेरी गाय मर गई थी मुझे अब मोनू से कोई गिला शिकवा नहीं है। मेरी द्वारा की गई शिकायत को खारिज करने का कष्ट करें। मंत्री ने इस मामले को फाईल करने के निर्देश दिए।

**कष्ट निवारण समिति की बैठक में 11 नए मामलों की हुई सुनवाई**

कष्ट निवारण समिति की बैठक में पहला मामला जुंडला गेट निवासी संदीप का नगर निगम से संबंधित था। इस मामले में प्रार्थी कहना है कि उनके घर के आगे मेन डोर के नजदीक बिल्कुल बाहर गली में सीवरेज बना हुआ है, जिसका गंदा पानी ओवरफ्लो होकर घर में आता है। इसकी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए निगम के अधिकारी ने बताया कि प्रार्थी के घर के आगे जो मेन हॉल बना हुआ था जिसके शिविर का पानी ऑवरफ्लो नहीं हो रहा था और ना ही किसी के घर में जा रहा था। लेकिन फिर भी विभाग द्वारा शिकायत में वर्णित मेन हॉल को हटवा दिया है। मंत्री ने इस मामले को फाईल करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से गांव बजीदा जाटान निवासी निशा का मामला उनके गांव में दहा गांव में जाने वाली सडक़ पर रियासी आबादी के पास राजबीर द्वारा कानून व नियमों का उलघन करते हुए एक शराब का ठेका खोला गया है। जांच अधिकारी ने रिपोर्ट में बताया कि गांव बजिदा जाटान का ठेका जोन नम्बर 42 में ही खुला हुआ है। वर्तमान शराब का ठेका इसी स्थान पर पिछ्ले पांच-छ्ह साल वर्षो से खुला हुआ है। उक्त शराब का ठेका आबकारी नीति वर्ष 2023-24 की सभी शर्ते पूर्ण करता है। मंत्री ने इस मामले को फाईल करने के निर्देश दिए और कहा कि शराब के ठेके के पास बत्तमीजी करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी और पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए।

अगला मामला गांव रंदौली निवासी सुखराज का उत्तरी हरियाणा बिजली वित्तरण निगम करनाल से संबंधित था। प्रार्थी का कहना था कि गांव रंदौली में डिस्पेंसरी के पास गुरूद्वारा वाली गली के बीच में एक ट्रांसफार्मर लगा है, जिसके कारण बराबर में से ट्रेक्टर-ट्रॉली व अन्य कृषि यंत्र नहीं निकाल सकते और जानमाल का खतरा बना रहता है। जांच अधिकारी ने रिपोर्ट में बताया कि मौका निरीक्षण किया गया प्रार्थी के कहे अनुसार ट्रांसफार्मर को गली के एक तरफ लगा दिया गया। जिससे प्रार्थी पूरी तरह से संतुष्ट है। मंत्री ने इस मामले को फाईल करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से गांव औंगद निवासी गुरूज्ञान का मामला जन स्वास्थ्य विभाग से संबंधित था। प्रार्थी का कहना है कि उनके घर तक पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है, जिसके कारण उन्हें पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जांच अधिकारी ने रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि गांव के सरपंच के साथ जे.ई. द्वारा स्थल स्थ्ल का निरीक्षण किया गया। प्रार्थी के नल में पानी चलता हुआ पाया गया। लेकिन दबाव कम था। इसके अलावा प्रार्थी ने पाईपलाईन को बदलने की मांग की। इस समस्या को दूर करने के लिए पाईपलाईन को बदलने का कार्य प्रगति पर है और कुछ दिनों में पूरा हो जाएगा।

# कोरोना को लेकर हरियाणा अलर्ट, सुरक्षा उपायों को लेकर की मॉक ड्रिलः स्वास्थ्य मंत्री



**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने राज्य में कोविड का अभी कोई केस नहीं है। हम आईएलआई और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) के केसों का आरटीपीसीआर टेस्ट करेंगे। विज आज देश के कुछ राज्यों में हाल ही में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि और देश में कोविड-19 के जेएन.1 वेरिएंट के पहले मामले का पता चलने के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री डा. मनसुख मांडविया तथा अन्य राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों एवं सचिवों के साथ सुरक्षा उपायों पर आयोजित वीडियो कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि आईएलआई लक्षण और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) केसों में आरटीपीसीआर टेस्ट जरूरी होने चाहिए और कोविड-19 को नोटिफाई बीमारी घोषित करना चाहिए ताकि निजी अस्पतालों में कोई केस आए तो वह सीएमओ व सरकारी अस्पतालों को जानकारियां दें। उन्होंने कहाकि इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) मामलों की निगरानी और रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है, ताकि ऐसे मामलों की शुरुआती बढ़ती प्रवृत्ति का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हमने मॉकड्रिल की है और हमारी सारी तैयारी है। हरियाणा में 238 पीएसए प्लांट चालू हालत में है। यह बीमारी इसी रूप से आ रही है जैसे पहले आई थी और इसीलिए इसे गंभीरता से लेना चाहिए। पहले हम इस बीमारी के साथ लड़े है और सारी तैयारी टॉप गियर में करते हुए अलर्ट कर दिया गया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि आज केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग हुई है, इसके लिए क्या-क्या गाइडलाइन है हम पूरी तरह चौकस है, हमने हरियाणा की मीटिंग की है और मॉकड्रिल भी है जिसमें उपकरणों को जांचा गया है और हम पूरी तरह तैयार है।

# नवोदय विद्यालय जींद के 150 बच्चों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही

**चंडीगढ़।** जींद के जवाहर नवोदय विद्यालय के 150 बच्चों ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र की कार्यवाही देखी और प्रशासन, विधानसभा व राजनीति के कुछ मूलमंत्र सीखे। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के निमंत्रण पर चंडीगढ़ पहुंचे पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खुंगाकोठी के 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों ने दो दिन तक विधानसभा की कार्यवाही देखी और साथ ही विधानसभा भवन का दौरा किया। सत्र के दौरान विधानसभा की कॉफी टेबल बुक का विमोचन और राज्य गीत पर विधायकों के बीच चर्चा छात्रों के लिए विशेष आकर्षण का विषय रहे और ये दिन उनके लिए यादगार बन गया। राज्यगीत के चयन पर हुई चर्चा के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के विधायकों द्वारा अपने यहां की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक बातों का वर्णन विद्यार्थियों ने गौर से सुना। साथ ही कुछ विधायकों द्वारा सदन में सुनाए गए लोकगीत और देशभक्ति के गानों को सुनना भी उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा। छात्रों ने बताया कि विधायकों द्वारा अपने क्षेत्र के विकास कार्यों से जुड़ी मांगे उठाए जाना और जनहित के मुद्दों पर विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच वाद-विवाद देखकर उन्हें विधायकों की राजनीतिक जिम्मेदारी का अहसास हुआ। छात्रों ने कहा कि यह देखना दिलचस्प रहा कि सत्ता पक्ष के विधायक भी अपनी सरकार से अपने हक के लिए मजबूती से लड़ते हैं और जरूरत पड़ने पर मंत्रियों से बहस भी करते हैं। गत 17 दिसंबर को उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जींद के खुंगाकोठी स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में स्कूल के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। उस वक्त डिप्टी सीएम ने विद्यार्थियों को हरियाणा विधानसभा की कार्यवाही दिखाने की बात कही थी। उसी वायदे को पूरा करते हुए डिप्टी सीएम ने पीएम



श्री नवोदय विद्यालय जींद के विद्यार्थियों को विधानसभा की लाइव कार्यवाही दिखाने की व्यवस्था की। इस अवसर पर डिप्टी सीएम ने विधानसभा की लाइब्रेरी के पास विद्यार्थियों के साथ एक यादगार फोटो भी क्लिक करवाई। इस दौरे से विद्यार्थी काफी खुश दिखाई दिए और उन्होंने डिप्टी सीएम का धन्यवाद भी किया। सभी विद्यार्थियों ने पंजाब और हरियाणा सचिवालय, विधानसभा की ऐतिहासिक इमारतों को उत्सुकता के साथ देखा और इनके बारे में जानकारी ली। विधानसभा की कार्यवाही के बाद विद्यार्थियों ने विधानसभा के पुस्तकालय का भी दौरा किया।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा'**

# हर घर सरकारी योजनाएं पहुंचाने की प्रधानमंत्री की बड़ी पहलः विधायक रामकुमार कश्यप

**इंद्री/करनाल।** इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर सरकारी योजनाएं पहुंचाने के लिए 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के रूप में बड़ी पहल की है। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। यात्रा बुधवार को छाप्पर व खानपुर गांव में पहुंची। विधायक रामकुमार कश्यप ने दोनों गांवों में बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। विधायक रामकुमार कश्यप ने विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शित की गई स्टॉल का अवलोकन किया। इसके उपरांत उन्होंने कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि लाभार्थी एक ही स्थान पर अपनी समस्याओं के समाधान व योजनाओं का लाभ मिलने से खुश नजर आ रहे हैं। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के दौरान अंतिम व वंचित व्यक्ति सरकार की 'अंत्योदय' योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। सरकार अंतिम व वंचित व्यक्तियों का सपना पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। जिनके पास अपना घर नहीं है, उन्हें अपना घर मिले, इसकी चिंता भी सरकार कर रही है। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि 'मोदी की गारंटी वाली गाड़ी' युवा और नारी शक्ति को और सशक्त कर रही है, जिन्हें योजनाओं का लाभ मिला है, वह लोगों को बताएं तो दूसरों को ज्यादा भरोसा होगा। सरकार का लक्ष्य गांव के गरीब से शहर की झुग्गी-झोपड़ी तक सरकार की योजनाएं पहुंचाने का है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि यह संकल्प लेकर चलें कि 2047 तक देश 'आत्मनिर्भर और विकसित' होकर रहेगा। इस मौके पर छाप्पर गांव में मंडल अध्यक्ष अमनदीप विर्क ने कार्यक्रम में आमजन को विकसित




भारत से जुड़ी शपथ दिलाई। वहीं खानपुर गांव में उपमंडल अध्यक्ष सीखा रानी ने शपथ दिलाई। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और सरकार से जुड़ी योजनाओं का लाभ उठाया। दोनों गांवों में 4-4 प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए गए। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी से सोनू रंबा, कर्ण समोरा, सीखा रानी, राजपाल, संघ विस्तारक संजय सैनी, बीडीपीओ साहब सिंह, एसएमओ डॉ. किरण गिरधर, एसएमओ डॉ. अंजू, डॉ. शुभम गांधी, छाप्पर गांव के सरपंच शाम सिंह व खानपुर गांव के सरपंच सुरेंद्र मौजूद रहे।

# नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, 748 विद्यार्थियों ने नशा न करने की शपथ ली

**पानीपत।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्री शशांक कुमार सावन भापुसे साहब और श्री अनिल कुमार साहब के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा उच्चाधिकारियों के दिशानिर्देशों से प्रतिदिन हरियाणा के विभिन्न संस्थानों में जाकर नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उझा में एक दिवसीय 49 वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 748 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों के साथ वार्तालाप के माध्यम से तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर वाद-विवाद के रूप में सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, साइबर अपराध से बचने के उपाय और सबसे महत्वपूर्ण नशा जीवन की करता दुर्दशा पर चर्चा की और सिद्ध किया कि एक जागरूक नागरिक के लिए इन तीनों महत्वपूर्ण बातों को लेकर जागरूक होना अति आवश्यक है। राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़ों पर चर्चा करते हुए डॉ. वर्मा ने बताया कि भारत में प्रति वर्ष साढ़े चार लाख सड़क दुर्घटनाएं



होती हैं जिसमें 5 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं और लगभग 1 लाख 50 हज़ार लोग मृत्यु को प्राप्त होते हैं। उन्होंने बताया कि आंकड़ों के अनुसार 25 वर्ष से कम आयु के 1000 युवा सड़क दुर्घटना में मरते हैं। उन्होंने युवाओं को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया और साइबर अपराध से बचने के उपाय बताते हुए कहा कि साइबर ठगी होने पर 1930 पर सम्पर्क करें। उन्होंने आगे कहा कि अधिकतर 90 प्रतिशत अपराधों की जड़ केवल और केवल नशा है। इस विषय पर उन्होंने खुले मंच पर विद्यार्थियों को आमंत्रित कर उनके विचार जानकार उनसे ही समाधान ढूंढ़ने को कहा और वार्तालाप के माध्यम से उन्हें नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। नशे के कारण, निवारण और समाधान पर चर्चा करते हुए डॉ. वर्मा ने कहा कि विधि अनुसार प्रतिबंधित नशा रखना, सेवन करना, क्रय विक्रय करना, उत्पादन करना और ऐसे कार्य में किसी की सहायता करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित एवं दंडनीय है। कार्यशाला में इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा परिचर्चा में विद्यार्थियों को जोड़कर इसे और अधिक रोचक बनाया गया। डॉ. वर्मा ने बताया कि नशा मुक्त समाज के लिए हरियाणा सरकार बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य भी कर रही है। यदि कोई व्यक्ति नशे का शिकार हो चूका है और नशा छोड़ना चाहता है तो वह नागरिक अस्पताल के नशा मुक्ति केंद्र में निशुल्क उपचार करा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने हृदय पर हाथ रहकर शपथ ली कि वे जीवन में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे और अन्य लोगों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करेंगे। यदि कोई नशे का कारोबार करता है तो इसकी सूचना 9050891508 पर देंगे।

# सीएम फ्लाइंग ने पॉलिथीन कचरे से उत्पाद बनाने वाली फैक्ट्री पर मारा छापा

**जींद।** सीएम फ्लाइंग और प्रदूषण विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को औद्योगिक क्षेत्र में वेस्ट प्लास्टिक से उत्पाद बनाने वाली एक फैक्ट्री पर छापा मारा। फैक्ट्री के संचालन में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर प्रदूषण विभाग ने फैक्ट्री संचालक को नोटिस जारी किया है। प्रदूषण विभाग द्वारा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि औद्योगिक क्षेत्र में बेकार प्लास्टिक से उत्पाद बनाए जाते हैं। जिसमें नियमों को ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है। कचरे से उठने वाली दुर्गंध से भी लोगों को परेशानी हो रही है। वहां काम करने वाले कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ सकता है। सीएम फ्लाइंग के इंस्पेक्टर राजदीप के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसमें सब इंस्पेक्टर चरण सिंह व भगवान सिंह तथा प्रदूषण विभाग के एसडीओ अनिल कुमार भी शामिल हुए। टीम ने दस्तक दी तो वहां करीब डेढ़ दर्जन मजदूर काम करते मिले। वहां बड़ी मात्रा में पॉलीथिन का कचरा पड़ा हुआ था। जिससे दुर्गंध आ रही थी। फैक्ट्री में इस्तेमाल होने वाले पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं थी। जो खुले में पड़ा सड़ रहा था। इसके अलावा फैक्ट्री संचालन में अन्य खामियां भी मिलीं। टीम में शामिल प्रदूषण विभाग के अधिकारियों ने अनियमितता बरतने पर फैक्ट्री संचालक को नोटिस जारी किया है। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी रवींद्र कुमार ने बताया कि फैक्ट्री में गंदे पानी के निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं थी। कार्रवाई में अन्य अनियमितताएं भी पाई गईं। प्रदूषण विभाग ने फैक्ट्री संचालक को नोटिस जारी किया है।

# सांकेतिक हड़ताल के दौरान सब्जी मंडी बरवाला रही पूर्णतया बंद



**हिसार।** सरकार द्वारा सब्जी मंडी के आढतियों को एकमुश्त टैक्स एडवांस में लिए जाने के नोटिफिकेशन के विरोध में सब्जी मंडी बरवाला के आढतियों ने सब्जीमंडी पूर्णतया बंद रखी और सब्जी मंडी का कामकाज ठप्प रहा। इसके अलावा सब्जी मंडी में करियाणा के दुकानदारों ने भी सब्जी मंडी एसोसिएशन का साथ देते हुए अपनी करियाणा की दुकाने भी बंद रखी। सब्जी मंडी प्रधान ओमप्रकाश रहेजा ने कहा कि सब्जी मंडी में आढती का माल आया नहीं और सरकार उसका टैक्स एडवांस में वसूलना चाहती है? तथा टैक्स भी 40 प्रतिशत बढ़ा दिया है। अगर सरकार ने अपना फैसला नहीं बदला तो सब्जी मंडी एसोसिएशन द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल कर दी जायेगी। आढती सुरेश ढींगडा ने कहा कि इस बारे में चीफ एडमिनिस्ट्रेटर और मुख्यमंत्री से भी मिल चुके हैं परंतु सरकार कोई सुनवाई नहीं कर रही है। सब्जी मंडी एसोसिएशन ने सरकार से एडवांस में एकमुश्त टैक्स लिए जाने की प्रथा को बंद करके टैक्स 0 प्रतिशत किए जाने की मांग की है ताकि आढती अपनी - अपनी सब्जियों व फलो को सस्ते दामों पर बेच सके। इस अवसर पर अनेक आढती दर्शन लाल, बाला तनेजा, पवन मेहंदीरता, सन्नी मेहता, वेद आनंद व सुरेंद्र भारती आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को ऊंचाइयों पर पहुंचायाः नगर पार्षद लोकेश नगरू

**पानीपत।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कवी व नारा गांव में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोनो कार्यक्रमों में मुख्यअतिथि नगर पार्षद लोकेश नागरू रहे। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जो सम्मान शहीदों के परिजनों को मोदी सरकार ने दिलाया है इससे पूर्व किसी भी सरकार ने नहीं दिलाया। उनके नेतृत्व में देश मजबूत बना है और ऊंचाइयों को छू रहा है। देश की महिलाओ को उज्वाला जैसी योजना का लाभ दिया जा रहा है। ग्रामीणों को नल से जल की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के अब तक के कार्यकाल के दौरान किस योजना का कितना लाभ लोगो को मिला है इसकी जानकारी लेने के




लिए आया हूं ताकि पूरी जानकारी हासिल कर बचे कार्यों को करवाया जा सकें। जन संवाद में उन्होंने अंतिम समय तक लोगों की एक-एक समस्या को गंभीरता पूर्वक सुना व समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने विकसित भारत की संकल्प शपथ दिलाई।

नगर पार्षद ने कहा कि प्रदेश मे मुख्य मंत्री मनोहर लाल ने हर वर्ग के उत्थान को लेकर योजनाएं बनाई है जिनका हर वर्ग के लोगों को लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने अनेक योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का भी बड़े स्तर पर लोगों को लाभ दिया जा रहा है।

कार्यक्रम संयोजक राजेश जागलान ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से अंकुश लगाया है। अब प्रदेश में नौकरिया मेरिट के आधार पर मिलती है।

ब्लॉक समिति चेयरमैन मीना रानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व मे देश की पहचान मजबूत हुई है। रक्षा के मामले में हम अच्छी पोजिशन में है। बहुत सी चीजो में आज हम पूरी तरह आत्म निर्भर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ग का पूरा पूरा ख्याल रखा है। महिलाओं को पंचायत इलेक्शन में 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ पहुंचा कर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने महिला सशक्तिकरण को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं किसी की मोहतज नहीं। कार्यक्रम में गांव के पूर्व सैनिकों, खिलाडियों, उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं व होनहार बच्चों को सम्मानित किया गया। कृषि विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों के सामने ड्रोन उड़ाकर उसके बारे में भी ग्रामीणों को जानकारी दी। इस मौके जीएम रोडवेज कुलदीप जांगड़ा, तहसीलदार अजय कुमार सैनी, बीईओ मनीष गुप्ता, बीजेपी के जिला युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बलविंदर आर्य, रोशन लाल म्हला, टेकराम मराठा, सुरेन्द्र आर्य, सरपंच बृजपाल, सरपंच रणबीर आदि मौजूद रहे।

# हड्डियों को मजबूत बनाएंगे ये ड्राई फ्रूट्स, सर्दियों में आप भी बनाएं अपनी डाइट का हिस्सा



**ड्राई फ्रूट्स में सभी जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर के लिए जरूर होते हैं। माना जाता है कि इन्हें खाने से पूरी सेहत को फायदा मिलता है। सर्दियों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए ड्राई फ्रूट्स खाना जरूरी माना जाता है लेकिन क्या आप जानते हैं सूखे मेवे कैल्शियम से भी भरपूर होते हैं। इन्हें खाने हड्डियां स्वस्थ रहती हैं।**

सेहतमंद रहने के लिए शरीर में सभी पोषक तत्वों का होना जरूरी है। इन्हीं महत्वपूर्ण पोषक तत्वों में शामिल है कैल्शियम। अगर शरीर में कैल्शियम की कमी हो जाए, तो अनिद्रा, मांसपेशियों में दर्द, नाखून टूटना, कब्ज आदि कई समस्याएं होती हैं। आप अपनी डाइट में डेयरी प्रोडक्ट्स, हरी सब्जियां या कुछ साबुत अनाज शामिल कर भी कैल्शियम की कमी को दूर कर सकते हैं। इनके अलावा कुछ ड्राई फ्रूट्स भी कैल्शियम के अच्छे स्रोत हैं, जिन्हें खाने से शरीर में कैल्शियम की कमी दूर हो सकती है। आइए जानते हैं हड्डियों को मजबूत और स्वस्थ रखने के लिए कौन-से ड्राई फ्रूट्स फायदेमंद होते हैं।

**बादाम**

बादाम में कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा बादाम में विटामिन-ई और हेल्दी फैट्स जैसे आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं, अगर आप रोजाना बादाम खाते हैं, तो शरीर में कैल्शियम की कमी दूर होगी साथ ही आपको कई फायदे मिलेंगे।

**अंजीर**

स्वाद से भरपूर अंजीर सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसमें कैल्शियम पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा अंजीर फाइबर से भी भरपूर होता है। इसे खाने से हड्डियां स्वस्थ रहती हैं, साथ ही पाचन के लिए भी फायदेमंद होता है।

**खजूर**

खजूर न केवल मीठा और स्वादिष्ट होता है बल्कि कई समस्याओं से भी बचाता है। आप खजूर को सुबह या शाम हेल्दी नाश्ते के रूप में खा सकते हैं।

**पिस्ता**

शरीर में कैल्शियम की कमी को दूर करने के लिए आप अपनी डाइट में पिस्ता शामिल कर सकते हैं। इसे खाने से हड्डियां मजबूत होती हैं। इसके अलावा इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। जिससे आप कई तरह की बीमारियों से बच सकते हैं।

**अखरोट**

अखरोट में भी कैल्शियम पाया जाता है, इसमें अन्य ड्राई फ्रूट्स की तुलना में कैल्शियम की मात्रा कम होती है। यह ओमेगा-3 फैटी एसिड और कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। ऐसे में हड्डियों को स्वस्थ रखने के लिए अखरोट को भी अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

ब्राजील नट्स

ब्राजील नट्स सेहत का खजाना है। इनमें सेलेनियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है साथ ही कैल्शियम की भी मात्रा मौजूद होती है। हड्डियों को स्वस्थ रखने के लिए इन नट्स को डेली डाइट में शामिल कर सकते हैं।

# लोकतंत्र के लिए खतरनाक है थोक में सांसदों का निलम्बन



इन तमाम परिस्थितियों को देखते हुए एकदम स्पष्ट है कि दोनों सदनों के संचालक (क्रमशः अध्यक्ष व सभापति) सरकार के मददगार बनकर काम कर रहे हैं। वे भी नहीं चाहते कि सरकार के सामने कोई भी विपक्ष खड़ा हो जो मोदी, उनकी सरकार व पार्टी को असहज स्थिति में डाल सके। इन तरीकों से हो सकता है कि मोदी अगला चुनाव फिर से जीत जायें परन्तु ऐसे फैसले लोकतंत्र के लिये घातक हैं।

सोमवार का दिन भारत के संसदीय इतिहास के सर्वाधिक काले दिनों में से एक कहा जायेगा जब लोकसभा के 78 सदस्यों को निलम्बित कर दिया गया। ये सांसद पिछले बुधवार (13 दिसम्बर) को संसद में कुछ युवकों द्वारा किये गये प्रदर्शन को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग पर अड़े थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इसे सदन के कामकाज में व्यवधान मानते हुए इन्हें सत्र के लिए निलम्बित कर दिया। इसी विषय पर 14 तारीख को लोकसभा के एक तथा राज्यसभा के 13 सदस्यों को भी निलम्बित किया गया था। इस प्रकरण में अलग-अलग तरीकों से व विभिन्न नियमों का हवाला देकर कुल 151 सदस्यों को अब तक निलम्बित कर दिया गया है।थोक के भाव में सांसदों को बाहर का रास्ता दिखलाना यह दर्शाता है कि संसद को पूरी तरह से विपक्ष मुक्त बनाने का अभियान भारतीय जनता पार्टी द्वारा जो चलाया जा रहा है वह अपने चरम पर पहुंच गया है। लोकतंत्र के लिए यह बेहद खतरनाक है। किसी भी जनतांत्रिक प्रक्रिया में इसे अनुचित ही माना जायेगा क्योंकि सदन आखिर बना ही चर्चा के लिए है और विपक्ष का काम सरकार से प्रश्न पूछना ही है। सरकार का दायित्व है कि वह जवाब दे।

हंगामे का जो कारण था, वह इस बात के लिए पर्याप्त आधार है कि सांसद उद्वेलित हों। जिस प्रकार से दो लोग लोकसभा की दर्शक दीर्घा से सदन में कूद पड़े थे और उनमें से एक व्यक्ति एक से दूसरी बेंच पर छलांगें लगाकर भागता रहा, उससे संसद की सुरक्षा व्यवस्था में गम्भीर खामी सामने आई थी। यह मामला सांसदों की सुरक्षा से तो जुड़ा ही है, इसकी गम्भीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह कृत्य संसद पर 22 वर्ष पहले हुए आतंकी हमले के ही दिन हुआ। विदेश में बैठे एक अलगाववादी नेता ने इसी दिन पर हमले की चेतावनी दी थी।इसके बावजूद जिस तरीके से ये साधारण से दिखने वाले व्यक्ति आये, एक ने पीला धुआं फैलाया और शेष ने सदन के बाहर नारेबाजी की, सारा कुछ अपने आप में मसले की नज़ाकत व उसे देश की सर्वोच्च पंचायत के भीतर बहस योग्य तो बनाता ही है। फिर, इस पर अगर विपक्ष गृह मंत्री से जवाब नहीं चाहेगा तो और किससे मांग की जायेगी? जिस दिन से यह घटना हुई है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं सदन से गायब हैं। यह मामला तो ऐसा है कि उन्हें खुद ही उपस्थित होकर सदस्यों को संतुष्ट करना था। मजेदार बात तो यह है कि संसद की सुरक्षा व्यवस्था को सुधारने का आश्वासन मोदी सदन के बाहर दे रहे हैं। उन्होंने कहा है कि कमियों को दूर किया जा रहा है। यह बात उन्हें सदन के भीतर कहने से आखिर क्या गुरेज़ है, यह समझ से परे है।मोदी व उनकी सरकार का इतिहास ऐसा ही रहा है। 2014 और 2019 में भी बड़ी संख्या में विपक्षी दलों को निलम्बित करने के उदाहरण देश देख रहा है। एक तो वे या उनके जिम्मेदार मंत्री सदन में जवाब नहीं देते और सदन में जब सदस्य इसकी मांग करते हैं तो उन्हें निलम्बित कर दिया जाता है। हाल ही में मणिपुर और गौतम अदाणी के मामलों में भी यही देखा गया। कांग्रेसी नेता राहुल गांधी व टीएमसी की महुआ मोइत्रा की सदस्यता छीनी गई। तरीका चाहे जो भी रहा।इस मामले में मोदी की कथनी व करनी में बड़ा अंतर नज़र आता है। अभी इसी सत्र के शुरुआती अवसर पर मोदी का आग्रह था कि विपक्ष सकारात्मक रवैया अपनाये। उन्होंने कहा भी था कि प्रतिपक्ष हाल के विधानसभा चुनावों में पराजय का गुस्सा छोड़कर सदन में आये। इससे देश का उनकी ओर देखने का नज़रिया भी बदलेगा। यह तो उन्होंने तंज कसते हुए कहा था लेकिन मोदी ने यह भी कहा था कि विरोधी नेता सरकार की गल्तियां बताए। उन्होंने विपक्षी दलों को सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया था। उसके पहले नये संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर भी प्रधानमंत्री इसी तरह की बातें करते नज़र आये थे। अब विपक्ष जब सरकार की खामियां सामने ला रहा है, तो मोदी व शाह सदन में जवाब देने से बचते फिर रहे हैं।

यूं तो मोदी परस्पर संवाद के लिए हमेशा अपनी व सरकार की तैयारी बतलाते हैं परन्तु सच्चाई तो यह है कि वे ज़रूरी मुद्दों पर न तो सदन के भीतर चर्चा कराना चाहते हैं और न ही बाहर। सदन के अंदर जब भी उन्हें कहते सुना गया है तो वह है विपक्ष पर हमला और इतिहास में जाकर पिछले 75 वर्षों की बातें करना। किसी भी विषय पर तार्किक, तथ्यात्मक, आंकड़ों के साथ और बिन्दुवार जवाब देने की बजाये वे संवाद को अनर्गल और कटु मोड़ देते हुए ही दिखाई दिये हैं। सदन के भीतर उनकी कही बातों पर मेजें थपथपाने वाले लोगों का बहुमत है तो बाहर आयोजित होने वाली उनकी सभाओं में पार्टी कार्यकर्ता हैं, जो उनकी तथ्यहीन बातों पर %मोदी मोदी% का शोर मचाने में माहिर हैं।

सदन के भीतर की ही तरह बाहर भी वे किसी के सवालों का जवाब नहीं देते। प्रेस कांफ्रेंस वे करते नहीं और कभी-कभार वे मीडिया से कोई बात करते भी हैं तो वह एकतरफा। सवाल वे लेते नहीं। तुर्रा यह कि इसके बाद भी वे भारत को %मदर ऑफ डेमोक्रेसी% या %दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र% कहते हैं। कांग्रेस मुक्त व विपक्ष मुक्त भारत का नारा देने वाले मोदी अपने विरोधियों को जिस योजनाबद्ध तरीके से खत्म कर रहे हैं, उसी के एक विस्तार कार्यक्रम की तरह संसद के दोनों सदनों से थोक के भाव में सदस्यों को निलम्बित किया जा रहा है। कहने को तो यह निलम्बन लोकसभा अध्यक्ष व राज्यसभा के सभापति का निर्णय लग सकता है परन्तु इन दोनों का जो व्यवहार देखा गया है उसके मुताबिक दोनों ने सरकार व भाजपा के अंग की तरह यह काम किया है।ये निलम्बन ऐसे वक्त पर हुए हैं जब इस सरकार का यह लगभग अंतिम सत्र है। समझा जाता है कि अगले सत्र में केवल अनुपूरक बजट ही पेश किया जायेगा क्योंकि अप्रैल में आचार संहिता लागू हो सकती है ताकि मई में लोकसभा चुनाव कराये जा सकें। ऐसे में कह सकते हैं कि सरकार का इरादा साफ है कि वह कई महत्वपूर्ण बिल संसद में बिना चर्चा के पारित कराना चाहती है। अभी ही अनेक विधेयक बगैर चर्चा के पास होकर कानून का रूप ले चुके हैं। सरकार का उद्देश्य विरोधी सदस्यों को दोनों सदनों के बाहर ही रखना है। फिर, जैसे कि कयास लगाये जा रहे हैं, कि 22 जनवरी, 2024 को मोदी के हाथों तय किये गये राममंदिर के उद्घाटन के तुरन्त बाद लोकसभा के मध्यावधि चुनावों की घोषणा हो सकती है- इन चुनावों की तैयारी के लिए भाजपा अपने लिए विरोध-मुक्त वातावरण बनाने में जुटी है।इन तमाम परिस्थितियों को देखते हुए एकदम स्पष्ट है कि दोनों सदनों के संचालक (क्रमशः अध्यक्ष व सभापति) सरकार के मददगार बनकर काम कर रहे हैं। वे भी नहीं चाहते कि सरकार के सामने कोई भी विपक्ष खड़ा हो जो मोदी, उनकी सरकार व पार्टी को असहज स्थिति में डाल सके। इन तरीकों से हो सकता है कि मोदी अगला चुनाव फिर से जीत जायें परन्तु ऐसे फैसले लोकतंत्र के लिये घातक हैं।

## संपादकीय

# लोकतंत्र का तमाशा और इंडिया की राह

हमें पहले जीतकर आना होगा, उसके बाद लोकतांत्रिक तरीके से हमारे चुने हुए सांसद तय कर लेंगे कि प्रधानमंत्री पद पर कौन बैठेगा। ये महत्वपूर्ण बयान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को दिया है। इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक मंगलवार 19 दिसम्बर को दिल्ली में हुई, जिसमें गठबंधन के सभी 28 दलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। भाजपा के खिलाफ बने इस विपक्षी गठबंधन की इस बार की बैठक कई मायनों में महत्वपूर्ण थी। मुंबई में हुई तीसरी बैठक के बाद अब जाकर हुई इस चौथी बैठक में काफी लंबा अंतराल रहा, और इस दरम्यान इंडिया गठबंधन को लेकर जितने किस्म की अफवाहें मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए फैलाई जा सकती थीं, वो सब फैलाई गईं। इन अफवाहों में दस बार इंडिया गठबंधन में टूट पड़ी, उसके नेताओं की राहें अलग हो गईं, अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी और नीतीश कुमार जैसे नामों को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बताते हुए यह भी कहा गया कि ये सब कांग्रेस के खिलाफ एक हो सकते हैं। इस बीच हुए विधानसभा चुनावों में मध्यप्रदेश में सीटों को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच हुए मतभेद को सीधे अखिलेश यादव की कांग्रेस को चुनौती के तौर पर पेश किया जाने लगा।मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की हार को सीधे इंडिया की हार से जोड़ा गया और लगे हाथ ये तर्क भी दिया गया कि अब इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका कमतर हो जाएगी। अब तक कांग्रेस बड़े भाई की भूमिका में थी, लेकिन अब बाकी दल उसकी बात नहीं सुनेंगे। लेकिन ये तमाम दावे मंगलवार को तब खोखले साबित हो गए, जब बैठक के बाद सभी दलों ने श्री खड़गे को ही प्रेस को संबोधित करने के लिए कहा। इससे पहले खबर ये भी आई कि बैठक में ममता बनर्जी ने गठबंधन के संयोजक पद के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम को प्रस्तावित किया और अरविंद केजरीवाल ने उसका समर्थन किया। हालांकि अभी संयोजक पद के लिए किसी नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।किन जिन ममता बनर्जी के लिए कहा जा रहा था कि वे कांग्रेस को अग्रणी भूमिका में नहीं आने देना चाहती हैं, उन्होंने ही श्री खड़गे के नाम को आगे बढ़ाकर ये बता दिया कि आने वाले लोकसभा चुनावों में इंडिया का नेतृत्व कांग्रेस ही मुख्य रूप से करेगी। गौरतलब है कि बैठक के लिए इससे पहले दिल्ली पहुंची ममता बनर्जी ने बयान दिया था कि इंडिया के प्रधानमंत्री उम्मीदवार का फैसला 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद किया जाएगा। इस सीधे बयान को जबरदस्ती तोड़-मरोड़ कर अन्य अर्थों में पेश किया जा रहा था। जबकि सुश्री बनर्जी और श्री खड़गे एक जैसी बात ही कह रहे हैं।दरअसल इस समय देश में जो राजनैतिक माहौल बन चुका है, उसमें इंडिया गठबंधन के सभी दलों को यह स्पष्ट हो चुका है कि उनके लिए एकजुट रहना सबसे बड़ी प्राथमिकता है, बाकी सारी बातें दोयम हैं। यही बात अब देश की जनता को भी समझने की जरूरत है। देश के संसदीय इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि एक साथ 151 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया जाए। प्रधानमंत्री मोदी भारत के लिए मदर ऑफ डेमोक्रेसी की उपमा देते हैं, लेकिन आज उसी भारत में मर्डर ऑफ डेमोक्रेसी जैसा नजारा बन चुका है।लोकतंत्र तभी जिंदा कहलाएगा, जब सत्ता पक्ष के साथ संसद में विपक्ष भी मौजूद हो। जब विपक्ष को सवाल पूछने और सत्ता से जवाब मांगने पर दंडित किया जाए। जब विपक्ष की गैरमौजूदगी में बिना चर्चा के महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कर कानून बनाने का रास्ता तैयार हो जाए, तब हम कैसे दावा कर सकते हैं कि हमारे देश में लोकतंत्र जिंदा है। संसद तक पहुंचा एक-एक प्रतिनिधि कम से कम अपने संसदीय क्षेत्र के 15-20 लाख लोगों की आवाज बनता है। अब हिसाब लगा लीजिए कि 151 सांसदों को निलंबित कर एक झटके में कितने करोड़ लोगों की आवाज को मोदी सरकार ने खामोश करवा दिया। प्रधानमंत्री मोदी पिछले कुछ वक्त से मेरे देशवासियों, मित्रो या भाइयो-बहनो की जगह मेरे परिवारजनो का संबोधन जनता को देते हैं, तो उनसे पूछा जाना चाहिए कि अपने परिवार के करोड़ों लोगों की जुबान पर ताला लगवाकर आखिर कौन से परिवार धर्म का पालन किया जा रहा है।

# भारतीय शेयर बाजार में तेजी घरेलू और वैश्विक अर्थव्यवस्था में सकारात्मक दृष्टिकोण पर आधारित

वृद्धि पर समग्र प्रतिक्रियाओं को देखते हुए, कुछ बाजार विशेषज्ञों को कम से कम इतना तो लगता ही है कि महीने के अंत में सुधार हो सकता है। लेकिन यह अभी भी किसी का अनुमान नहीं है। अधिक प्रासंगिक प्रश्न यह हो सकता है कि वित्तीय बाज़ारों में ऐसी आशावाद को कौन से कारक प्रेरित कर रहे हैं। इस बार जवाब ढूंढने के लिए दूर-दूर तक नजर नहीं दौड़ानी पड़ेगी।भारतीय शेयर बाजार फिलहाल अजेय नजर आ रहा है। शेयर बाजार नयी ऊंचाइयों को छू रहा है और इसके साथ ही निवेशक मालामाल हो रहे हैं। शुक्रवार को इंट्रा-डे ट्रेडिंग में बीएसई सेंसेक्स करीब 1000 अंक बढ़ गया और एनएसई इंडेक्स करीब 300 अंक चढ़ गया है।इस तरह के उत्साहपूर्ण उछाल के बाद अनिवार्य रूप से सवाल उठता है कि क्या ऊपर की ओर रुझान कायम रहेगा या कोई प्रतिक्रिया होगी और कुछ सुधार या गिरावट होंगे? हो सकता है, नवीनतम एआई मॉडल से एक प्रकार का उत्तर देने के लिए कहा जा सकता है। लेकिन ऐसा लगता है कि एआई के जादूगर भी ऐसे सवालों से घबरा जायेंगे।वृद्धि पर समग्र प्रतिक्रियाओं को देखते हुए, कुछ बाजार विशेषज्ञों को कम से कम इतना तो लगता ही है कि महीने के अंत में सुधार हो सकता है। लेकिन यह अभी भी किसी का अनुमान नहीं है।

अधिक प्रासंगिक प्रश्न यह हो सकता है कि वित्तीय बाज़ारों में ऐसी आशावाद को कौन से कारक प्रेरित कर रहे हैं। इस बार जवाब ढूंढने के लिए दूर-दूर तक नजर नहीं दौड़ानी पड़ेगी। इस बार अनुकूल संयोग है और तेजी कुछ देर तक चल सकती है। लंबे समय के बाद कम मुद्रास्फीति हाल का प्रमुख सकारात्मक विकास हो सकता है।

कम मुद्रास्फीति एक आसान धन नीति और इसकी दरों में नीचे की ओर संशोधन की उम्मीदों को बढ़ावा देती है। इधर, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने रेट कट का चक्र शुरू करने के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहा है। बल्कि सावधानी बरतने की बात की है और चेतावनी दी है कि आरबीआई मुद्रास्फीति प्रिंटों की बारीकी से निगरानी कर रहा है।

लेकिन फिर, केंद्रीय बैंकों के बड़े भाई, यूएस फेड के अध्यक्ष, जेरोम पॉवेल ने बाजार की अपेक्षा से अधिक तेजी से दर संशोधन चक्र की संभावना का संकेत दिया है। इसने बाजार के लिए एक मादक कॉकटेल के रूप में काम किया था।लेकिन यहां और अभी के लिए इस तरह के बेतहाशा उतार-चढ़ाव बहुत अच्छी बातें हैं। ये फीडबैक चैनलों की नकल करते हैं जो एक प्रकार के उत्साह को बढ़ावा देते हैं, भले ही ऐसी चीजें अल्पकालिक होती हैं।हालांकि शेयर बाज़ार में निवेशक बहुत बड़े नहीं हैं, लेकिन बाज़ार में इस तरह के व्यापक उतार-चढ़ाव एक प्रकार का %फील-गुड' कारक पैदा करते हैं जो उपभोक्ता भावनाओं को



मजबूत करने की दिशा में काम करता है। इससे कम से कम निवेशकों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और उपभोग मांग में बढ़ोतरी हो सकती है।जब बीएसई सेंसेक्स 70,000 को छू गया था, तो यह ऊंचा दिख रहा था। अब, यह 71,000 से आगे बढ़ रहा है। देखिए किस गति से ये चीजें हो रही हैं। जहां सेंसेक्स को 1,000 अंक चढ़ने में 93 सत्र लगे, वहीं 70,000 से 71,000 तक पहुंचने में इसे केवल एक दिन लगा। तर्कसंगत रूप से कहें तो यह अनिश्चितता का संकेतक है। जब मूड में इतना तीव्र बदलाव होता है तो प्रतिक्रियाएं भी उतनी ही तीव्र हो सकती हैं। लेकिन, इसे एक पल के लिए छोड़ दें, और आइए हम उन कारकों की जांच करें जो इस तरह की चीजों को बढ़ावा दे रहे हैं और ये कितने स्थिर हो सकते हैं।मुख्य रूप से, यह कुछ वैश्विक रुझानों का प्रतिबिंब है जो सीमाओं के पार धन के प्रवाह को प्रभावित कर रहे हैं।

जैसा कि हमने उल्लेख किया था, अमेरिकी केंद्रीय बैंक, फेडरल रिजर्व ने इस सप्ताह की शुरुआत में संकेत दिया था कि अमेरिकी मुद्रास्फीति दरों में नरमी को देखते हुए, प्रतिबंधात्मक मौद्रिक नीति को समाप्त किया जा सकता है और ब्याज दरों में संभावित कटौती की जा सकती है। अमेरिकी मुद्रास्फीति पिछले वर्ष के 7.5 फीसदी से घटकर अब लगभग 3.5 फीसदी हो गई है। यह एक मजबूत विकास है।

इसे कहां तक बनाये रखने की उम्मीद है? क्या मजबूत मूल्य रुझान की वापसी हो सकती है? इसकी संभावना नहीं है क्योंकि अमेरिकी वेतन वृद्धि मुद्रास्फीति की तुलना में तेज़ चल रही है और अब इसमें कमी आने की उम्मीद है। दूसरे, तेल की कीमतें भी गंभीर निशान छोड़ रही हैं।

फेड अध्यक्ष के बयान पर उत्साहजनक प्रतिक्रियाओं की लहर दौड़ गई और अमेरिकी वित्तीय बाजार उत्साहित हो गये। अमेरिकी शेयर बाजार में निवेशकों द्वारा शेयरों की भारी खरीदारी देखी गई और परिणामस्वरूप अमेरिकी बाजार चढ़ गया।

दूसरी ओर, अमेरिकी दर में कटौती की प्रत्याशा में, निवेशकों ने अपने विकल्पों की समीक्षा की और अन्य वित्तीय बाजारों में अवसरों की तलाश कर रहे हैं। बॉन्ड बाजार के निवेशकों को भविष्य में कमाई की संभावनाएं क्षीण लग रही हैं और इसलिए वे अन्य बाजारों और अन्य उत्पादों की ओर देखने के लिए बाध्य हैं।

धन भारतीय बाज़ारों में क्यों आना चाहिए? ऐसा इसलिए कि वैकल्पिक बाज़ार अनाकर्षक दिख रहे हैं। चीन, हाल तक संयुक्त राज्य अमेरिका के अलावा सबसे बड़ा बाजार था, जो धन आकर्षित करता था। हालांकि, चीनी बाज़ार स्वयं कमजोर हो रहा है और वहां राजनीतिक मालिक चीनी अर्थव्यवस्था के हर विकास को नियंत्रित करना चाह रहे हैं।चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक कदमों से चीन में बाजार की धारणा बुरी तरह प्रभावित हुई है और बड़ी संख्या में कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। चीन की कंपनियों ने चीनी शेयर बाजार अधिकारियों को लापता मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के बारे में सूचित किया है। इस खबर के परिणामस्वरूप चीनी शेयर बाजारों में गिरावट आई है

।बदले में, भारतीय बाज़ारों में बढ़त जारी है। सबसे पहले, भारत में व्यापक आर्थिक स्थिति अनुकूल है। हाल तक, कीमतें बढ़ रही थीं और सकारात्मक भावनाओं को खतरे में डाल रही थीं। ऊंची ब्याज दरों को लेकर रिजर्व बैंक को हस्तक्षेप करना पड़ा।हालांकि, हाल ही में कीमतों में नरमी आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक ने कम प्रिंट दिया है, हालांकि कुछ उछाल देखा गया है। भारत में ब्याज दरें बढ़ने की संभावनाएं कम नजर आ रही हैं। इसलिए, निवेश की संभावनाएं उज्ज्वल हैं।विशेषज्ञ विदेशों से अत्यधिक धन प्रवाह की उम्मीद कर रहे हैं और इससे शेयर बाजार में तेजी आ रही है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक दिसंबर के पहले दस दिनों में प्रतिदिन औसतन 4000 करोड़ रुपये निवेश कर रहे हैं।

पिछले महीने विदेशी निवेशकों ने 9000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। ये सभी बातें अमेरिकी फेडरल रिजर्व की संभावित ब्याज दरों में कटौती की घोषणा से पहले की हैं।ये भारत में निवेश को लेकर सकारात्मक भावनाओं के संकेत हैं और यह जारी रहने की संभावना है। निवेशक निवेश में बने रहने का लाभ उठा रहे हैं। अगला वर्ष उन लोगों के लिए निवेशकों का वर्ष होने की संभावना है जो भारतीय इक्विटी में निवेश करने के लिए संसाधन और साहस जुटा सकते हैं।



# कोणार्क सूर्य मंदिर के शिखर पर लगे पत्थर के बारे में जो बताया जाता है वह कितना सच है

**ओडिशा** के कोणार्क शहर में प्रतिष्ठित सूर्य मंदिर यूनेस्को की विश्व धरोहरों में शामिल हैं। वैसे तो इस मंदिर का निर्माण हजारों वर्षों पूर्व हुआ माना जाता है लेकिन कई इतिहासकार मानते हैं कोणार्क सूर्य मंदिर का निर्माण 1253 से 1260 ई. के बीच हुआ था। भारत के सुप्रसिद्ध मंदिरों में शुमार कोणार्क सूर्य मंदिर में सूर्य देव को रथ के रूप में विराजमान किया गया है तथा पत्थरों को उत्कृष्ट नक्काशी के साथ उकेरा गया है। स्थानीय लोग यहां सूर्य-भगवान को बिरंचि-नारायण भी कहते थे।

## कोणार्क सूर्य मंदिर की खासियत

केसरी वंश के राजा द्वारा निर्मित इस मंदिर की शिल्पकला दर्शनीय है। मंदिर का निर्माण सूर्य के काल्पनिक रथ का रूप देकर किया गया है। सूर्य मंदिर चौकोर परकोटे से घिरा है। इसके तीन तरफ ऊंचे-ऊंचे प्रवेशद्वार हैं। पूरब दिशा में मुख्य द्वार है जिसके सामने समुद्र से सूर्य उदय होता दिखाई पड़ता है। इसमें सूर्य भगवान को अपने विशाल चौबीस पहियों तथा सात घोड़ों के रथ पर सवार होकर दिनभर की यात्रा के लिए निकलते हुए दिखाया गया है। रथ के सात घोड़ों को सूर्य के प्रकाश के सात रंगों तथा चौबीस पहियों की परिक्रमा के प्रतीक रूप में दिखाया गया है। कोणार्क सूर्य मंदिर ओडिशा के स्वर्णकाल तथा कलिंग शैली की शिल्पकला का प्रतीक है। इस मंदिर की दीवारों पर पत्थर की नक्काशी की हुई अनेक आकर्षक प्रतिमाएं हैं। सूर्य भगवान के रथ की अलंकृत नक्काशी वाला यह बेजोड़ मंदिर भव्यता में अद्भुत है।

## कोणार्क मंदिर से जुड़ी अजब कथा

कई कथाओं में इस प्रकार का उल्लेख मिलता है कि कोणार्क सूर्य मंदिर के शिखर पर एक चुम्बकीय पत्थर लगा है जिसके प्रभाव से, कोणार्क के समुद्र से गुजरने वाले सागरपोत इस ओर खिंचे चले आते हैं, जिससे उन्हें भारी क्षति हो जाती है। एक अन्य कथा में उल्लेख मिलता है कि शिखर पर लगे इस पत्थर के कारण पोतों के चुम्बकीय दिशा निरूपण यंत्र सही दिशा नहीं बता पाते थे इसलिए कुछ आक्रांता इस पत्थर को निकाल कर ले गये जिससे मंदिर को नुकसान हुआ था। हालांकि यह सब कही-सुनी बातें हैं इसका कोई ऐतिहासिक साक्ष्य उपलब्ध नहीं है।

## कोणार्क मंदिर देखने कैसे आएं

यदि आप भी कोणार्क सूर्य मंदिर आना चाहते हैं तो भुवनेश्वर और पुरी से यहां आसानी से आ सकते हैं। ओडिशा पर्यटन विकास निगम की ओर से यहां भ्रमण की भी व्यवस्था कराई जाती है। वैसे कोणार्क में रहने की भी पर्याप्त व्यवस्था है। पर्यटक चाहें तो भुवनेश्वर से यहां आकर भ्रमण कर के उसी दिन वापस लौट सकते हैं। कोणार्क में रहने के लिए पर्यटन विभाग के लाज, टूरिस्ट बंगला और निरीक्षण भवन भी हैं।

## कोणार्क का समुद्र तट भी अवश्य देखें

कोणार्क का समुद्र तट विश्व के सुंदरतम तटों में से एक माना गया है। यहां समुद्र के रेतीले गुट का आनंद उठाया जा सकता है। समुद्र की खूबसूरती निहारते हुए उठती-गिरती लहरों को देखना मंत्रमुग्ध कर देता है। यह एक सुंदर पिकनिक स्थल भी है। समुद्र तट सूर्य मंदिर से तीन किलोमीटर दूर है। इसके अलावा कोणार्क की दुर्लभ कलाकृतियों का संग्रह देखने के लिए मंदिर के पास ही स्थित संग्रहालय भी जा सकते हैं।






# गुजरात का यह मंदिर दिन में दो बार हो जाता है गायब, जानिए क्या है रहस्य

**भारत** में कई हिस्सों में भगवान शिव के कई प्राचीन मंदिर हैं जहाँ दूर-दूर से लोग दर्शन करने के लिए आते हैं। लेकिन आज हम आपको भगवान शिव के एक ऐसे अनोखे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं जो दिन में दो बार गायब हो जाता है। जी हाँ, गुजरात में स्थित स्तंभेश्वर मंदिर को 'गायब मंदिर' भी कहा जाता है। देश-विदेश से शिव भक्त अपनी मनोकमना पूर्ण होने की कामना के साथ इस मंदिर में आते हैं। आइए जानते हैं भगवान भोलेनाथ के इस अद्भुत मंदिर के बारे में -

## वडोदरा के पास स्थित है स्तंभेश्वर मंदिर

स्तंभेश्वर मंदिर गुजरात के जम्बूसार तहसील में कवि कंबोई गांव में स्थित है। यह मंदिर वडोदरा से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित होने के कारण वडोदरा के पास सबसे लोकप्रिय दार्शनिक स्थलों में से एक है। यह मंदिर लगभग 150 साल पुराना है और इसे %गायब मंदिर% भी कहा जाता है। सालभर मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है। खासतौर पर सावन के महीने में इस मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से महादेव के दर्शन करने के लिए यहां आते हैं।

## स्कंद पुराण में मिलता है उल्लेख

स्कन्द पुराण में दिए गए उल्लेख के अनुसार स्तम्भेश्वर मंदिर को



भगवान कार्तिकेय के ताड़कासुर नाम के राक्षस को नष्ट करने के बाद स्थापित किया था।

कहा जाता है कि राक्षस ताड़कासुर भगवान शिव का बहुत बड़ा भक्त था। उसने भगवान को प्रसन्न करने के लिए घोर तपस्या कीऔर भोलेनाथ ने उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर उसे एक वरदान मांगने को कहा। तब ताड़कासुर ने आशीर्वाद माँगा कि भगवान शिव के छह दिन के पुत्र के अलावा कोई भी उसे मार न सके। उसकी इच्छा पूरी होने के बाद, ताड़कासुर ने तीनों लोकों में हाहाकार मचा दिया। तब ताड़कासुर के अत्याचार को समाप्त करने के लिए भगवान शिव ने अपने तीसरे नेत्र की ज्वाला से भगवान कार्तिकेय की रचना की। ताड़कासुर को मारने वाले भगवान कार्तिकेय भी उसकी शिव भक्ति से प्रसन्न थे। इसलिए, प्रशंसा के संकेत के रूप में, उन्होंने उस स्थान पर एक शिवलिंग स्थापित किया जहां ताड़कासुर का वध किया गया था।

एक अन्य संस्करण के अनुसार, ताड़कासुर को मारने के बाद भगवान कार्तिकेय खुद को दोषी महसूस कर रहे थे क्योंकि ताड़कासुर राक्षस होने के बाद भी भगवान शिव का भक्त था। तब भगवान विष्णु ने कार्तिकेय को यह कहते हुए सांत्वना दी कि आम लोगों को परेशान करके रहने वाले राक्षस को मारना गलत नहीं है। हालाँकि, भगवान कार्तिकेय शिव के एक महान भक्त को मारने के अपने पाप से मुक्त होना चाहते थे। इसलिए, भगवान विष्णु ने उन्हें शिव लिंग स्थापित करने और क्षमा के लिए प्रार्थना करने की सलाह दी।

## मंदिर के गायब होने के पीछे है यह वजह

स्तंभेश्वर मंदिर के गायब होने के पीछे की वजह प्राकृतिक है। दरअसल, यह मंदिर समुद्र के किनारे से कुछ मीटर की दूरी पर स्थित है। इसलिए दिन में समुद्र का स्तर इतना बढ़ जाता है कि मंदिर जलमग्न हो जाता है। फिर कुछ जो देर में जल का स्तर घट जाता है जिससे मंदिर फिर से दिखाई देने लगता है से प्रकट होता है। चूंकि समुद्र का स्तर दिन में दो बार बढ़ जाता है इसलिए मंदिर हमेशा सुबह और शाम के समय कुछ देर के लिए गायब हो जाता है। इस नज़ारे को देखने के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से इस मंदिर में आते हैं।



# बिना तेल और घी के जलता है दीया, तिरुपति बालाजी मंदिर से जुड़े चमत्कारी रहस्यों के बारे में कितना जानते हैं आप?

**भारत** में एक ऐसा मंदिर मौजूद है जहाँ भगवान स्वयं विराजमान है। यह मंदिर है भगवान तिरुपति बालाजी का जिन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मन्दिर भारत के सबसे प्रसिद्ध तीर्थस्थलों में से एक है। तिरुमला की पहाड़ियों पर बना श्री वैंकटेश ?वर बालाजी मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के तिरुपति में स्थित है। यह मंदिर समुद्र तल से 3200 फीट ऊंचाई पर स्थित है और तिरुपति के सबसे बड़े आकर्षण का केंद्र है। कहा जाता है जो भी व्यक्ति एक बार यहाँ दर्शन कर ले उसके भाग खुल जाते हैं। इस मंदिर की लोकप्रियता से हर कोई वाकिफ है पर क्या आप मंदिर के चमत्कारी रहस्यों के बारे में जानते हैं। आज हम आपको इन्हीं रहस्यों के बारे में बताने वाले हैं-

मान्यता है कि जब भगवान की पूजा की जाती है तो उनकी मूर्ति मुस्कुराने लगती है। भगवान तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी की मूर्ति में माता लक्ष्मी भी समाहित है। मान्यता है कि भगवान तिरुपति वेंकटेश्वर की मूर्ति इस मंदिर में स्वयं प्रकट हुई थी।

कहा जाता है भगवान तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी की मूर्ति पर लगे हैं बाल असली हैं। यह बाल कभी भी उलझते नहीं हैं और हमेशा मुलायम रहते हैं।

जब आप मंदिर के गर्भ गृह के अंदर जायेंगे तो ऐसा लगेगा कि भगवान श्री वेंकेटेश्वर की मूर्ति गर्भ गृह के मध्य में स्थित है, पर जब आप गर्भ गृह से बाहर आकर मूर्ति को देखेंगे तो प्रतीत होगा कि भगवान की प्रतिमा दाहिनी तरफ स्थित है।

तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर समुद्र तल से 3200 फीट ऊंचाई पर स्थित है लेकिन फिर भी भगवान की मूर्ति से समुद्र की आवाजें सुनाई देती हैं। यहाँ के लोगों का मानना है कि भगवान की यह मूर्ति समुद्र से प्रकट हुई थी इसलिए इससे समुद्र की आवाज सुनाई देती है।

तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर के द्वार पर एक छड़ी रखी हुई है। इस छड़ी को लेकर अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित है। एक कथा के अनुसार जब भगवान विष्णु धरती पर माता लक्ष्मी को ढूंढ़ने आये थे तो यह छड़ी उन्हें उनका पता बता रही थी।

ऐसी मान्यता है कि यह वहीं छड़ी है जिससे बचपन में भगवान वेंकटेश्वर जी को चोट लगी थी। चोट का निशान आज भी उनकी मूर्ति के चेहरे पर है। इसलिए हर शुक्रवार उनके चेहरे पर चन्दन का लेप लगाया जाता है।

श्री तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर में श्रृंगार, प्रसाद के चढ़ाये जाने वाली सामग्री तिरुपति बालाजी के गांव से आती है। यह गांव मंदिर से 23 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और यहाँ बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध है।

श्री वेंकेटेश्वर बालाजी मंदिर में एक ऐसा दीया रखा हुआ है जो हमेशा जलता रहता है और चौंकाने वाली बात यह है कि इस दीपक में कभी भी तेल या घी नहीं डाला जाता। दीपक को सबसे पहले किसने और कब प्रज्वलित किया था यह बात अब तक रहस्य बनी हुई है।



# सर्दियों में लेना है स्नोफॉल का मजा तो जरूर जाएं भारत की इन 5 खूबसूरत जगहों पर

**भारत** में कई ऐसी जगहे हैं जो अपनी खूबसूरत वादियों और सर्दियों में बर्फबारी के लिए दुनियाभर में मशहूर हैं। अगर आप अपना विंटर वेकेशन प्लान कर रहे हैं और इस बार परिवार के साथ बर्फबारी का लुत्फ उठाना चाहते हैं तो आज हम आपको ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं आप स्नोफॉल का मजा ले सकते हैं-

**शिमला :** स्नोफॉल का जिक्र होते ही हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला का नाम सबसे पहले जहन में आता है। यह स्नोफॉल के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। यहां के हरे भरे पहाड़, ऊंची चोटियां ठंड के दिनों में बर्फ से पूरी तरह ढंककर और भी खूबसूरत दिखते हैं। शिमला को लॉन्ग मून नाइट्स यानी लंबी चांदनी रातों का मौसम भी कहा जाता है। दिसंबर से फरवरी के बीच यहां बर्फबारी का आनंद लिया जा सकता है। इस मौसम में आप यहां स्कींग का भी मज़ा ले सकते हैं। शिमला में आइस स्केटिंग दिसंबर से फरवरी तक होती है।

**गुलमर्ग :** धरती के स्वर्ग जम्मू-कश्मीर में स्थित गुलमर्ग बेहद खूबसूरत जगह है और यहां बर्फबारी का आनंद लेने का अनुभव बहुत खास होता है। सर्दियों के मौसम में गुलमर्ग में चारों तरफ बस बर्फ ही बर्फ दिखती है और इसकी खूबसूरती में चार चांद लग जाते हैं। सर्दियों के मौसम में गुलमर्ग में स्कीइंग करने वालों की भी भीड़ जुटती है। यहां की कुदरती खूबसूरती आपका मन मोह लेगी।

**औली :** उत्तराखंड का सबसे पुराना शहर औली बेहद सुंदर है। बर्फबारी के समय यह किसी स्वपनलोक सा दिखता है। औली भी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ स्कीइंग के लिए मशहूर है। यहां देवदार पेड़ों की लंबी कतार है। बर्फ से ढके जंगलों के बीच सैर करके आप अपनी यात्रा को यादगार बना सकते हैं।

**कुफरी :** शिमला के अलावा हिमाचल प्रदेश में स्थित कुफरी भी स्नोफॉल के दौरान बहुत सुंदर दिखता है और लोग यहां स्कींग के लिए आते हैं। सर्दियों के मौसम में यहां सैलानियों की काफी भीड़ जुटती है। यहां लोग पहाड़ों के बीच रोमांच का मज़ा लेते हैं। हाइकिंग, स्कीइंग, खूबसूरत नजारे, देवदार के लंबे-लंबे पेड़ और सुहानी सर्द हवा का मज़ा लेना है तो कुफरी ज़रूर जाएं।

**कुल्लू-मनाली :** पॉप्युलर हनीमून डेस्टिनेशन कुल्लू मनाली में भी बर्फबारी का मज़ा लिया जा सकता है। हिमाचल प्रदेश का यह हिल स्टेशन भी लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। रोमांच के शौकीनों की तो यह पहली पसंद है। दिसंबर जनवरी में आकर यहां आप भी स्नोफॉल का आनंद ले सकते हैं।

## जम्मू-कश्मीर कोकेरनाग मुठभेड़ मामले को एनआईए ने अपने हाथ में लिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने इस साल सितंबर में हुए जम्मू-कश्मीर कोकेरनाग ड्डमुठभेड़ मामले को अब अपने हाथ में लिया है। इस मुठभेड़ में भारतीय सेना के एक कर्नल, एक मेजर और एक सैनिक, जे-के पुलिस के एक डीएसपी बलिदान हुए थे। ऑपरेशन में सुरक्षाबल लश्कर-ए-तैयबा के खूंखार आतंकवादी उजैर खान को उसके सहयोगी के साथ मार गिराने में कामयाब रहे थे। कोकरनाग मुठभेड़ के बारे में जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने कहा था कि इस मुठभेड़ को तूल देना कुछ निहित स्वार्थी तत्वों का काम था। भारतीय सेना ने 13 सितंबर को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग के गडोले जंगल में 19 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनप्रीत सिंह, कंपनी कमांडर मेजर आशीष धोंचक, जम्मू-कश्मीर पुलिस के उपाधीक्षक हुमायूं भट और सैनिक प्रदीप सिंह को खो दिया था। एनआईए ने गृह मंत्रालय के आदेश पर मामले को अपने हाथ में लेने के साथ एक नया मामला दर्ज किया है।




## संसद सेंध मामले में यूपी के उरई से युवक को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया

**जालौन।** संसद की दर्शक दीर्घा से सदन में कूदने और स्मोक बम फोड़ने के बहुचर्चित मामले में दिल्ली पुलिस ने आधी रात को उरई से एक वामपंथी विचारक को हिरासत में लिया है। दिल्ली पुलिस ने उरई कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राम नगर के रहने वाले अतुल कुलश्रेष्ठ से पूछताछ के लिए फिर से हिरासत लिया है। पुलिस का दावा है कि पुलिस को सोशल मीडिया पर कुछ चैट मिले है, जिसके बाद पुलिस ने अतुल को हिरासत में लिया है। हालांकि, अतुल की कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। लेकिन छात्र जीवन से ही शहीदे आजम भगत सिंह की विचारधारा से उनका लगाव जुनूनी स्तर पर रहा है। वे इसके लिए गोष्ठियों और सभाओं का आयोजन कराते रहे हैं, लेकिन न तो उनका कोई क्रिमिनल रिकार्ड है। और न ही वे कभी किसी अराजक गतिविधि में संलिप्त रहे हैं।



## 24 जनवरी से देश भर में रामलला दर्शन अभियान चलायेगी भाजपाः जग्रनाथ ठाकुर

**समस्तीपुर।** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) देशभर मे 24 जनवरी से रामलला दर्शन अभियान की शुरूआत करेगी,जिसके तहत 50 करोड़ रामभक्तों को अयोध्या नगरी स्थित रामलला का निःशुल्क दर्शन कराया जायेगा। भाजपा के प्रदेश महामंत्री जग्रनाथ ठाकुर ने गुरुवार को यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि रामलला दर्शन अभियान आगामी 24 जनवरी से 24 मार्च तक बिहार समेत देशभर मे चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत बिहार से भी 2 सौ 75 रेलवे स्टेशनों से अयोध्या के लिए रामलला विशेष ट्रेन चलाई जायेगी। स्पेशल ट्रेन के माध्यम से बिहार के 2 करोड़ से अधिक रामभक्तों को भी अयोध्या ले जाया जायेगा जहां भव्य राममंदिर का निःशुल्क दर्शन कराया जायेगा।

## मेरे वीडियो बनाने की बजाय सांसद निलंबन पर हो चर्चा : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नये संसद भवन के मकर द्वार पर सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद सांसदों के स्पीकर की मिमिक्री करते हुए श्री गांधी द्वारा वीडियो बनाने पर कहा कि उनके बनाए वीडियो की बजाय सांसदों के निलंबन पर चर्चा होनी चाहिए। श्री गांधी ने मिमिक्री विवाद पर बुधवार को कहा कि सांसद संसद भवन के बाहर गेट पर बैठे थे तो उन्होंने वीडियो बनाया है लेकिन इसको लेकर चर्चा हो रही है और असली मुद्दों पर कोई चर्चा ही नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा, सांसद वहां बैठे थे, मैंने उनका वीडियो शूट किया। मेरा वीडियो मेरे फोन पर है लेकिन मीडिया दिखा रहा है। हमारे 150 सांसदों को बाहर निकाल दिया गया है लेकिन इस पर किसी ने कुछ नहीं कहा। मीडिया में उस पर कोई चर्चा नहीं है। अडानी पर कोई चर्चा नहीं है, राफेल पर कोई चर्चा नहीं है, बेरोजगारी पर कोई चर्चा नहीं है।



# उपराष्ट्रपति की मिमिक्री पर पक्ष-विपक्ष में टकरार

## सदन चलाना नहीं चाहती मोदी सरकार: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार नहीं चाहती की सदन चले। वो विपक्ष को बोलने देना नहीं चाहते हैं। खड़गे ने गुरुवार को विजय चौक पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि लोकतंत्र में सवाल करना हमारा हक है। हम सवाल उठा रहे हैं कि संसद सुरक्षा में जो चूक हुई, उस पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बयान दें। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बाकी जगहों पर बात कर रहे हैं लेकिन वे सदन में बयान नहीं देते हैं, ये सदन का अपमान है। उपराष्ट्रपति के अपमान मुद्दे पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में खड़गे ने कहा कि उन्हें (उपराष्ट्रपति को) इस मुद्दे को जातीय मुद्दा नहीं बनाना चाहिए। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है।



## जंतर-मंतर पर दिल्ली भाजपा का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री पर पक्ष और विपक्ष के बीच तकरार बढ़ गई है। एक तरफ जहां जंतर मंतर पर दिल्ली भाजपा प्रदर्शन किया है तो वहीं दूसरी तरफ विपक्ष के निलंबित सांसद सरकार के खिलाफ मार्च निकाल निकाला है। मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी समेत अन्य नेताओं ने कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोला है। वहीं पुड़ में भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने देश के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का विपक्षियों द्वारा किए गए अपमान के विरोध में एचपीडीए चौराहा पर कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी का पुतला फूंका।



## मोदी के नेतृत्व में देश में नई सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना जागृत हुई है: शेखावत

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज कहा कि देश में पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में तेजी से काम हुआ है। भारत की संस्कृति के पुनर्जागरण के पुरोधा बने नरेन्द्र मोदी ने विश्व के पटल पर हमारे प्राचीन ज्ञान, विज्ञान, योग, धरोहरों एवं परंपराओं को लाने का काम किया है। उनके प्रयासों के चलते आज विदेश में रह रहे प्रवासी लोग अपनी संस्कृति से न केवल जुड़ाव महसूस करने लगे हैं बल्कि उस पर गर्व करने के साथ उसे आगे बढ़ाने का काम भी कर रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में देश में नई सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना जागृत हुई है। संवाददाता सम्मेलन में गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्राचीन समय में भारत ज्ञान, विज्ञान का केन्द्र था। आज पिछले दस सालों के कालखंड में इस ज्ञान, परंपरा और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करने और इसे पुनर्जागृत करने के काम में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। 16 मई, 2014 के लंदन ट्रिब्यून में छपे लेख का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि वो दिन देश की दूसरी आजादी के रूप में स्मरण किया जाएगा। देश औपनिवेशिक मानसिकता से आजाद हो कर आज अपनी संस्कृति पर गर्व कर रहा है। देश में विकास और विरासत की दिशा में तेजी से काम हुआ है। भारत का सांस्कृतिक लोकाचार विश्व के पटल पर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश का 500 सालों से राम मंदिर बनने का स्वप्न पूरा होने वाला है। औपनिवेशिक मानसिकता से लैस लोगों के इस मंदिर निर्माण में निरंतर अवरोध के बीच प्रधानमंत्री मोदी के अथक प्रयासों से मंदिर निर्माण का रास्ता प्रशस्त हुआ है। 22 जनवरी को राम लला की मूर्ति स्थापना के बाद यहां करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे।



## शराब घोटाला घमंडिया गठबंधन को जोड़ने वाला फेविकोल- भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आईएनडीआईए गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि सारे घोटालेबाज जेल जाने के डर से एकजुट हुए हैं। गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में भाजपा के प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि घमंडिया गठबंधन को जोड़ने वाला फेविकोल शराब घोटाला है। घमंडिया गठबंधन शराब घोटाले और संसद का अपमान करने वालों का जमावड़ा है। चुनावों के दौरान देश ने देखा कि कैसे कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के घर पर 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की नगदी और सोना चांदी बरामद हुआ। इधर गठबंधन शामिल खुद को ईमानदार बताने वाले अरविंद केजरीवाल भी शराब घोटाले में पूछताछ से बचने के लिए विपश्यना करने जा रहे हैं। संबित पात्रा ने कहा कि दो नवंबर को शराब घोटाले को लेकर अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुलाया था लेकिन तब त्योहारों का हवाला देकर समय मांगा। अब फिर से ईडी के समन से बचने के लिए विपश्यना के नाम पर भाग रहे हैं।



## जातिगत जनगणना पर संघ ने कहा- सर्वांगीण उत्थान का सदा समर्थन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्पष्ट किया है कि जातिगत जनगणना से उसे कोई आपत्ति नहीं है लेकिन इसका उपयोग समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए होना चाहिए ना कि एकात्मता खंडित करने के लिए।

संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने एक बयान में कहा कि पिछले कुछ समय से जाति आधारित जनगणना की चर्चा पुनः प्रारंभ हुई है। हमारा यह मत है कि इसका उपयोग समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए हो और यह करते समय सभी पक्ष यह सुनिश्चित करें कि किसी भी कारण से सामाजिक समरसता एवं एकात्मता खंडित ना हो । उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किसी भी प्रकार के भेदभाव एवं विषमता से मुक्त समरसता एवं सामाजिक न्याय पर आधारित हिन्दू समाज के लक्ष्य को लेकर सतत कार्यरत है। यह सत्य है कि विभिन्न ऐतिहासिक कारणों से समाज के अनेक घटक आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से पिछड़ गए। उनके विकास, उत्थान एवं सशक्तीकरण की दृष्टि से विभिन्न सरकारें समय-समय पर अनेक योजनाएँ एवं प्रावधान करती हैं, जिनका संघ पूर्ण समर्थन करता है । उल्लेखनीय है कि केंद्र में विपक्षी पार्टियां जातिगत जनगणना का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार पर इसको लेकर दबाव डाल रही हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में यह प्रमुख मुद्दा बन सकता है।



## देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 358 नए मामले, 6 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के नए मामले एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 358 नए मामले सामने आए हैं और इससे 6 लोगों की मौत हुई है। कोरोना के सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। केरल में पिछले 24 घंटे में 300 नए मामले सामने आए और इससे तीन की मौत हुई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में कोरोना के 358 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस की संख्या 2669 हो गई है। जिन राज्यों में कोरोना के मामले दर्ज किए जा रहे हैं, उनमें ज्यादातर दक्षिण के राज्यों से आ रहे हैं। हालांकि उत्तर भारत के राज्यों में भी अब नए मामले देखे जा रहे हैं। हरियाणा में एक, दिल्ली और गुजरात में 11, महाराष्ट्र में 10, तमिलनाडु में 12, तेलंगाना में 5, कर्नाटक में 13 मामले दर्ज किए गए हैं।



## चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े विधेयक को मिली संसद की मंजूरी

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और अन्य विषयों से जुड़ा विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया। राज्यसभा ने 12 दिसंबर को इसे पारित कर दिया था। इसके साथ ही विधेयक को संसद की मंजूरी मिल गई।

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक, 2023 पारित किए जाने के लिए निचले सदन में पेश किया। कानून बनने के बाद यह चुनाव आयोग (चुनाव आयुक्तों की सेवा शर्तें और कार्य) कानून 1991 का स्थान लेगा। विधेयक पर कुल 12 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि संविधान में अनुच्छेद 324 देश में चुनाव कराने से जुड़ा है। इसके दूसरे भाग में कहा गया था कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए संसद एक कानून बनाएगी लेकिन कांग्रेस सरकारों ने ऐसा नहीं किया। 1991 में वे कानून लेकर आए लेकिन उसमें भी इस बात को शामिल नहीं किया गया। 2 मार्च को इस संबंध में फैसला आया और सुप्रीम कोर्ट ने कानून बनने तक एक समिति बना दी। सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुरूप ही आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कानून लायी है। उन्होंने कहा, ÷कांग्रेस ने बाबा साहेब का सपना अधूरा छोड़ दिया था, हमने उसे पूरा करने जा रहे हैं। उन्होंने कुछ सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए का कि चुनाव आयुक्त बनने की योग्यता तय की गई है। केन्द्र सरकार में सचिव या उससे ऊपर के पद पर रह चुके व्यक्ति चुनाव आयुक्त बन सकते हैं। चुनाव आयुक्त से जुड़ी खोज समिति की अध्यक्षता कानून मंत्री करेंगे।

## राहुल, सोनिया गांधी और कल्याण बनर्जी ने किया देश की 140 करोड़ जनता का अपमानः शर्मा

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों ने जिस तरह से संसद में हंगामा किया और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मखौल उड़ाया गया, यह सिर्फ राज्यसभा के सभापति का नहीं, बल्कि देश की 140 करोड़ जनता का अपमान है। यह विदेशों में बसे लाखों भारतीयों का भी अपमान है और इस घटना से पूरा देश आंदोलित है। अपने इस शर्मनाक कृत्य के लिए राहुल गांधी और सोनिया गांधी को देश की जनता से सार्वजनिक रूप से मांफी मांगनी चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा बुधवार शाम को भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के पुतला दहन के अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक विश्वास सारंग, रामेश्वर शर्मा एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि उपराष्ट्रपति के अपमान की इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में भले ही इंडी गठबंधन के नेता भी शामिल रहे हों, लेकिन कांग्रेस पार्टी इस पूरे मामले में अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। उप राष्ट्रपति की मिमिक्री भले ही टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने की हो, जो कैमरे के सामने एक महिला विधायक के गाल खींचकर अभद्रता करने में संकोच नहीं करते।



## बखिरा के पीतल बर्तन उद्योग को विश्वकर्मा योजना से जोड़ा जाएगा : योगी

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि संतकबीरनगर के बखिरा कस्बे के पीतल बर्तन उद्योग को विश्वकर्मा योजना से जोड़ा जाएगा। जिले के बघौली ब्लाक के ग्राम करौंदा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि श्री योगी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पीएम मोदी की भारत को 2047 तक भारत को दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में स्थापित करने का अभियान है। विकसित भारत संकल्प यात्रा हम सबको जोड़ने की मुहिम है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में हम एक नव भारत का दर्शन कर रहे हैं और भारत को एक वैश्विक भारत का सम्मान प्राप्त हो रहा है। जनता को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। योगी ने कहा कि बखिरा के पीतल बर्तन उद्योग को विश्वकर्मा योजना से जोड़ा जाएगा। डबल इंजन की सरकार ने समाज में संत कबीर के मूल्यों व आदर्शों, समता, सद्भावना एवं समरसता की स्थापना और शोध को बढ़ावा देने के लिए 'संत कबीर अकादमी' का निर्माण कराया है। वर्तमान बजट में हमने प्रावधान किया है कि 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के लाभार्थियों को होली के अवसर पर फ्री में भी सिलेंडर देंगे।



## संसद की सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी सीआईएसएफ

**नई दिल्ली।** संसद भवन के भीतर लोकसभा में दो युवकों के कूदने की घटना के बाद सरकार ने समूचे संसद भवन की सुरक्षा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंपने का फैसला किया है। सीआईएसएफ ने उप महानिरीक्षक अजय कुमार की अध्यक्षता में एक बोर्ड गठित किया है जो संसद भवन परिसर का व्यापक एवं सघन सर्वेक्षण करेगा ताकि सीआईएसएफ की सुरक्षा एवं अग्निशमन विंग की नियमित तैनाती की जा सके। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने सीआईएसएफ के महानिदेशालय को बुधवार को संसद भवन परिसर के व्यापक सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया था जिस पर सीआईएसएफ महानिदेशालय ने तुरंत ही यह बोर्ड गठित करने का निर्णय लिया।

## दूरसंचार विधेयक पर संसद की मुहर

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा ने दूरसंचार विधेयक 2023 को विपक्ष की गैर मौजूदगी में ध्वनिमत से आज पारित कर दिया जिसमें टेलीकॉम क्षेत्र में नन्न सिर्फ व्यापक पैमाने पर सुधार के प्रावधान किये गये बल्कि उपभोक्ताओं के हितों और अधिकारों के सुरक्षा के साथ ही फर्जी कागजात पर सिम लेकर उससे धोखाधड़ी करने वालों पर शिकंजा कसने की व्यवस्था की गयी है। लोकसभा ने इस विधेयक को कल पारित किया था। इस तरह से आज इस पर संसद की मुहर लग गयी। संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में इस विधेयक पर हुयी चर्चा का जबाव देते हुये कहा कि उपनिवेश काल के कानूनों को समाप्त कर यह नया विधेयक बनाया गया है। पिछले साढे नौ वर्षों में यह क्षेत्र घोटालों से उबर कर उभरता हुआ क्षेत्र बन गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में देश में 6.25 लाख टॉवर थे जो अभी बढ़कर 25.5 लाख हो गये हैं। इसके साथ ही ब्रांडबैंड इंटरनेट ग्राहकों की संख्या भी 1.5 करोड़ से बढ़कर 85 करोड़ हो गयाी है। 14 महीने से भी कम समय में देश में 5 जी के 4 लाख से अधिक टॉवर लगाये गये हैं।




## खड़गे को विपक्ष का प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया जाये : ममता

**कोलाकाता।** तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उन्होंने अगले आम चुनाव में विपक्ष की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को प्रधानमंत्री पद के दावेदार के रूप में प्रस्तुत किए जाने का प्रस्ताव किया है ताकि कोई यह न कह सके कि 'विपक्ष के पास इस पद के लिए कोई चेहरा नहीं है। राज्य सभा के सभापति के बारे में कुछ सदस्यों द्वारा संसद भवन परिसर में अभिनय किए जाने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि इसे हल्की फुल्की बात के रूप में नजरंदाज किया जाना चाहिए यह अपमान का मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसका वीडियो न बनाया होता तो किसी को इसका पता भी नहीं चलता। सुश्री बनर्जी ने कहा कि श्री खड़गे को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाये जाने के उनके प्रस्ताव को आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का समर्थन मिला है। मुख्यमंत्री बनर्जी ने मंगलवार को यहां विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन की चौथी बैठक में भाग लिया था। उन्होंने बुधवार को यहां संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद संवाददाताओं द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने किसी दलित को प्रधानमंत्री के उम्मीदवार के रूप में प्रस्तुत किए जाने की मांग की थी तो उन्होंने जवाब में कहा, 'हां हमने यह मांग की थी। (कांग्रेस के अध्यक्ष) खड़गे जी का नाम हमने प्रस्तुत किया है। श्री केजरीवाल ने हमारा समर्थन किया। लोग पूछते हैं कि आप की ओर से किसका नाम है, इसीलिए यह प्रस्ताव किया गया है।' उन्होंने कहा कि खड़गे जी का नाम होगा तो अच्छा रहेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या इससे जनता दल यूनाइटेड के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार नाराज हैं तो उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि इससे कोई नाराज है। मुझे इसकी जानकारी नहीं है।' सुश्री बनर्जी ने संसद में गतिरोध और राज्य सभा के उप सभापित को विपक्षी सांसदों द्वारा प्रहसन का विषय बनाए जाने के विवाद के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह तृणमूल कांग्रेस संसदीय दल के विषय में कुछ नहीं बोलती हैं और यहां भी कुछ नहीं बोलेंगी। उन्होंने कहा कि आप इस विषय में बांद्योपाध्याय (सुदीप्त) और ओ ब्रायन (डेरेक) से बात करें । वे इसका जवाब देने में समर्थ हैं। उन्होंने कहा कि ईवीएम में वीवीपैट की शत-प्रतिशत गणना होनी चाहिए। उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापित जगदीप धनखड़ को प्रहसन का विषय बनाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'यह असम्मान का मामला नहीं है। हम किसी का असम्मान नहीं करते, हम सबका सम्मान करते हैं।

# सबसे खास सर्दियों का अहसास

हर साल एक नया अहसास है ठंड का मौसम। इस बार ठंड में सर्दी-जुकाम से डरने की जगह इनसे लड़ने के लिए खुद को और अपने परिवार को तैयार कीजिए। ठंड के लिए ऐसे ऊनी कपड़ों का चुनाव कीजिए, जो आपके परिवार को पर्याप्त गर्माहट दे और साथ ही स्टाइलिश लुक भी। कैसे चुनें ऊनी कपड़ें और उनकी देखभाल के दौरान किन बातों को ध्यान में रखें -





सर्दी के मौसम में बदरंग और बोरिंग दिखने के दिन अब लद गए। जाड़े का मौसम भी अब स्टाइलिश हो गया है। ठंड से बचने के लिए अब जरूरी नहीं कि खुद को बोरिंग और गहरे रंग के कपड़ों के हवाले कर दिया जाए। ठंड से खुद को और अपने परिवार को बचाते हुए अब आप स्टाइलिश भी दिख सकती हैं, पर इसके लिए जरूरी है कि अपने कपड़ों का चुनाव आप सोच-समझकर करें और साथ ही गर्मी के कपड़ों और ठंड के कपड़ों के बीच अच्छा तालमेल भी बिठाएं।

## लेयरिंग का है मौसम

वो दिन गए जब ठंड के मौसम में अपने कपड़ों की परत को छुपाने की कोशिश करते थे। अब एक साथ दो-तीन कपड़े पहनने और उन्हें दिखाने का ट्रेंड आ गया है। अपने ठंड के कपड़ों को निकालें और तरह-तरह के कॉम्बिनेशन में उन्हें पहनें। जरूरी नहीं है कि ठंड का मौसम आते ही आप अपने गर्मी वाले कपड़ों को अलविदा कह दें। उन्हें भी ठंड के मौसम में अपने गर्म कपड़ों के बीच जगह दें। ठंड के मौसम में फैशनेबल दिखने का मूलमंत्र यही है। अपने जैकेट, कार्डिगन और पुलोवर को अपने कॉटन के शर्ट या ड्रेस के साथ पहनें। एक्सपेरिमेंट करने से नहीं घबराएं। एक्सपेरिमेंट करेंगी, तभी कपड़ों की कई परत के साथ भी औरों से अलग दिखेंगी।

## सोच-समझकर चुनें रंग

ठंड के मौसम में हमेशा गहरे और आकर्षक रंग चुनें। पेस्टल रंग के कपड़े ठंड के मौसम को नीरस बना देंगे। ठंड के कपड़े खरीदते वक्त ऐसे रंग चुनें जो इस बदरंग मौसम में रंग भरें। ऐसे स्वेटर या ऊनी कपड़े न चुनें, जिसके पैटर्न में एक साथ ढेर सारे रंग हों। साधारण पैटर्न और एकाध रंग वाले ऊनी कपड़े चुनें। ऑरेंज, गोल्डन ब्राउन, ऑफ व्हाइट या फिर पीले रंग वाले ऊनी कपड़े पहनने से बचें।

## एक्सेसरीज भी बदलें

अपनी एक्सेसरीज में बदलाव लाकर आप अपने लुक को बेहद आसानी से बदल सकती हैं। अगर ठंड बहुत ज्यादा है तो पशमीना शॉल को अपने वॉर्डरोब में शामिल करें। साथ ही आप स्टाइलिश मफलर और फर वाले स्टोल से भी स्टाइल स्टेटमेंट बना सकती हैं। हैट्स और ऊनी टोपी भी ठंड के मौसम में आपको स्टाइलिश लुक देंगे और ठंड से भी बचाएंगे।

## फ्लोरल प्रिंट्र से बनाएं दूरी

फ्लोरल प्रिंट के कपड़े गर्मी के मौसम में ही ज्यादा अच्छे लगते हैं। अगर आपको ये प्रिंट बहुत ही ज्यादो पसंद हैं और आप ठंड में भी इन्हें पहनना चाहती हैं तो ठंड के मौसम में थोड़े गहरे प्रिंट वाले कपड़े अपने लिए चुनें। ठंड के मौसम के आपके वॉर्डरोब में ये गहरे फ्लोरल पिंट्र वाले कपड़े आसानी से घुल-मिल जाएंगे। अगर आप फ्लोरल प्रिंट्र वाले कपड़े पहन ही रही हैं तो पूरी बाजू वाले कपड़े चुनें। इससे फ्लोरल प्रिंट का असर कुछ कम हो जाएगा।

## बूट्स से बनें फैशनेबल

गर्मियों के फुटवियर को कुछ माह आराम दें और जूते और बूट्स को अपने वॉर्डरोब में शामिल करें। अपनी गर्मी के मौसम के कपड़े को ठंड वाला लुक देने के लिए इससे बेहतर तरीका कुछ और नहीं। जींस और कार्डिगन के साथ बूट्स पहनें और ठंड से बचने के साथ-साथ इस मौसम के अनुकूल लुक भी पाएं।

## बच्चों जैसे मुलायम, उनके कपड़े

ठंड से मासूम बच्चों को बचाकर रखना आसान काम नहीं है। बच्चों के लिए ठंड का मौसम सेहत भरा रहे, इसके लिए जरूरी है कि इस सर्द मौसम में भी वो पूरी तरह से गर्म रहें। बच्चों के लिए ठंड के कपड़ों का चुनाव करते वक्त इसलिए हमेशा फैशन और ट्रेंड की जगह उनके आराम और कपड़ों की गर्माहट का ध्यान रखें। बच्चों के लिए हमेशा मुलायम और आरामदायक ऊनी कपड़े चुनें। कपड़े का फैब्रिक ऐसा हो जो उनकी मुलायम त्वचा को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचाए। बच्चों के ऊनी कपड़े हमेशा थोड़े हल्के रंग के चुनें ताकि आपको आसानी से पता चल सके कि वो कब गंदे हो गए हैं और उन्हें साफ करने की जरूरत है। बच्चे को कभी भी एक साथ ढेर सारे कपड़े न पहनाएं। बहुत ज्यादा कपड़े पहनाने पर उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। बच्चे के लिए ढीली फिटिंग वाले और ढेर सारे बटन वाले ऊनी कपड़े चुनें ताकि इन कपड़ों को पहनाते और उतारते वक्त आपको और आपके बच्चे दोनों को परेशानी न हो। बच्चे के लिए पूरी बाजू वाले ऊनी कपड़े चुनें ताकि उनके हाथ भी गर्म रहें। अगर ठंड बहुत ज्यादा हो तो बच्चे के कान में रुई के फाहे डाल दें और ऊनी टोपी या स्कार्फ पहनाएं ताकि बच्चे का सिर भी गर्म रहे। कभी भी बच्चे को सबसे पहले ऊनी कपड़ा न पहनाएं। पहले नीचे कोई सूती कपड़ा पहनाएं और उसके ऊपर से उसे ऊनी कपड़ा पहनाएं। बच्चे की त्वचा में किसी तरह की एलर्जी न हो, इसलिए ठंड के मौसम में उसके पूरे शरीर में हर दिन विंटर क्रीम लगाएं। ठंड बहुत ज्यादा हो, तब भी सोते वक्त बच्चे को ढेर सारे कपड़े न पहनाएं और न ही उनके ऊपर ढेर सारे कंबल डालें। बच्चे के पैरों को गर्म रखने के लिए उनके लिए ऐसे पाजामे खरीदें, जिनके साथ जुराबें जुड़ी हुई रहती हैं। बच्चे के हाथ भी जल्दी ठंडे हो जाते हैं, इसलिए उनके हाथों को गर्म रखने के लिए उन्हें ग्ल्व्स पहनाना न भूलें।

## खिल उठेंगे आपके ऊनी कपड़े

- ऊनी कपड़ों की ओर बैक्टीरिया और धूल-मिट्टी जल्दी आकर्षित होते हैं, इसलिए अपने जैकेट और कोट को नियमित अंतराल पर ब्रश से साफ करें। इससे आपके सर्दियों के कपड़े न सिर्फ साफ रहेंगे, बल्कि किसी तरह की स्किन एलर्जी और रैशेज होने की आशंका भी नहीं रहेगी।
- ठंड के कपड़ों को बीच-बीच में धूप में सुखाएं। पर ध्यान रहे कि सूरज की तेज रोशनी आपके ऊनी कपड़ों पर सीधी न पड़े। ऐसा करने से आपके ऊनी कपड़े बदरंग हो जाएंगे। वहीं धूप में ऊनी कपड़ों को सुखाने से उसकी नमी गायब हो जाएगी और साथ ही सभी कीटाणु भी मर जाएंगे। ऊनी कपड़े को धूप में सुखाने से वो न सिर्फ आपको ज्यादा गर्माहट देंगे, बल्कि उन्हें पहनने पर भी आपको ज्यादा अच्छा महसूस होगा।
- अपने भारी-भरकम स्वेटर को वॉर्डरोब में लटकाकर नहीं रखें। भारी स्वेटर को लटकाकर रखने से स्वेटर की फिटिंग बिगड़ जाती है। साथ ही हैंगर से स्वेटर को लटकाकर रखने से कंधे वाले हिस्से के जल्दी फटने की आशंका बढ़ जाती है।
- ऊनी कपड़े बेहद नाजुक होते हैं। लंबी उम्र देने के लिए ऊनी कपड़ों को धोने के लिए हमेशा माइल्ड साबुन या डिटर्जेट और गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। माइल्ड साबुन और डिटर्जेट के इस्तेमाल से आपके ऊनी कपडमें की चमक और उनका वास्तविक लुक बरकरार रहेगा। गुनगुना पानी आपके ऊनी कपड़ों में छिपे कीटाणुओं को मारेगा और उसकी स्वच्छता को बरकरार रखेगा।
- स्वेटर और कार्डिगन में अकसर रोंए हो जाते हैं। ये रोंए स्वेटर और किसी अन्य वस्तु के बीच रगड़ खाने से होते हैं। ये रोंए आपके नए और स्टाइलिश स्वेटर को भी पुराना और गंदा लुक दे सकते हैं। इन रुंओं को हटाने के लिए छोटे रेजर का इस्तेमाल करें और अपने स्वेटर को फिर से नया लुक दें।
- अपने स्वेटर पर लगे दाग-धब्बों को हटाने के लिए कभी भी उन पर ब्लीच का इस्तेमाल न करें। ब्लीच के इस्तेमाल से आपका स्वेटर बदरंग हो जाएगा। कभी भी ऐसे डिटर्जेट में स्वेटर न धोएं, जिसमें ब्लीच हो।
- एक ही स्वेटर को तीन दिन से ज्यादा लगातार न पहनें। ऐसा करने से स्वेटर का शेप बिगड़ जाता है। साथ ही आपका स्वेटर जल्दी खराब और पुराना भी हो जाएगा।



# ठंड में बच्चा न हो पस्त

अचानक मौसम परिवर्तन का असर सभी पर होता और इससे छोटे बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। सर्दी, जुकाम और गले में इंफेक्शन के अलावा छोटे बच्चों को ये परेशानियां सबसे ज्यादा होती हैं -

**रोटा वायरल डायरिया** - इसमें बच्चे को दस्त, उल्टी और बुखार एक साथ होता है। बच्चे के शरीर में पानी की मात्रा कम हो जाती है और बुखार के कारण वह सुस्त और चिड़चिड़ा हो जाता है। बच्चा कभी-कभी बहुत कमजोर भी हो जाता है।

**एलर्जी और अस्थमा** - इस मौसम में बच्चों को सांस संबंधी परेशानी भी होती है। बंद नाक और गले में जकड़न के साथ नाक और आंख से पानी भी गिरता रहता है। तेज हवा और प्रदूषण से सांस लेने में दिक्कत आने लगती है।

**आंखों में इंफेक्शन** - इस मौसम में आंखों में भी इंफेक्शन होने लगता है। आंखों की पलकें रात में चिपक जाती हैं और सुबह बच्चे को आंख खोलने में परेशानी होती है।

**त्वचा में लाल दाने** - सर्दी में त्वचा में रैशेज और दाने की समस्या प्राय- छोटे बच्चों में हो जाती है। इसका कारण एलर्जी और हार्मोन में बदलाव के साथ ठंडी हवा भी है।

निमोनिया - यह ठंड के मौसम में बच्चों को होने वाली सबसे आम समस्या है। इसमें बच्चे को तेज बुखार होता है और साथ ही उसका सिर बहुत गर्म रहता है। कभी-कभी बच्चे के लंग्स में भी दिक्कत हो जाती हैं।

## क्या है कारण

**ठंड में प्रतिरोधक क्षमता का कम होना** - सर्दी के मौसम में बच्चों के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता सामान्य दिनों से कम हो जाती है। इसलिए किसी भी प्रकार का मौसम परिवर्तन का असर तुरंत बच्चे पर पड़ता है।

**बड़ों की लापरवाही** - अक्सर बड़े बच्चों को ठंड के मौसम में आलस के कारण हाथ धोए बिना ही गोद में उठा लेते हैं। ठंडे हाथ भी उन्हें लगाते हैं। कीटाणु का ध्यान नहीं रखते। इस वजह से उन्हें इंफेक्शन का खतरा बढ़ता है।

**किसी भी चीज को मुंह में लेना** - अक्सर बच्चे कलम के कैप या नीचे गिरी हुई चीजों को मुंह में लेते हैं जिससे उन्हें पेट में दर्द या दस्त की समस्या हो जाती है।

**नैपी के गीलेपन का ध्यान न रखना** - आम मौसम की अपेक्षा ठंड में बच्चे ज्यादा पेशाब करते हैं। अगर नैपी के गीलेपन का ध्यान न रखा जाए तो बच्चों को न केवल ठंड लग जाती है बल्कि उनके शरीर के आंतरिक हिस्से में सूजन और इंफेक्शन भी हो सकता है।

**कमरे के तापमान का ध्यान न रखना** - ठंड में बच्चे को अधिक गर्म कमरे में ना रखें। कमरे का तापमान सामान्य होना चाहिए। अधिक गर्म वातावरण से अगर बच्चा सामान्य तापमान में जाता है तो उसे तुरंत सर्दी असर करती है।

## कैसे करें बचाव

**सफाई का रखें ध्यान** - धूल, धुएं और गंदगी से छोटे बच्चों को दूर रखें। इससे उन्हे सांस की समस्या के साथ दस्त भी हो सकती है। घर की सफाई का पूरा ध्यान रखें।

**नहलाना कम करे** - रोज नहलाने के बजाय हर दूसरे दिन छोटे बच्चों को गर्म पानी में सॉफ्ट एंटीबैक्टीरियल लिक्विड डालकर उसमें नर्म तौलिया भिगोकर उनका शरीर साफ कर दें।

**गर्म कपड़े पहनाएं** - जैसे ही मौसम बदले, बच्चे को गर्म कपड़े पहनाना शुरू कर दें। हल्की ठंड को नजर अंदाज ना करें और बच्चे को हमेशा मोजे पहना कर रखें।

**मालिश के लिए गर्म तेल का प्रयोग करें** - यूं तो मालिश बहुत जरूरी नहीं है, लेकिन यदि आप मालिश कर रही हैं तो इसके लिए गर्म तेल का प्रयोग करें।

**संभव हो तो थोड़ी देर धूप में रखे** - अगर आपके घर में धूप आती हो तो बच्चे को गर्म कपड़े पहना कर थोड़ी देर के लिए धूप में रखें। उसे ताजी हवा और विटामिन डी दोनों मिलेंगे।

**ठंडी चीजें खाने को न दें** - अगर आपका बच्चा 7 माह से अधिक का है और वह खाना खाता है, तो उसे ठंडी चीजें न खिलाएं और साथ ही उसे बासी खाना या ठंडा खाना भी न दें।

**बेहतर क्वालिटी के स्वेटर पहनाएं** - स्वेटर हमेशा अच्छी क्वालिटी का पहनाएं, क्योंकि वूलन से कभी-कभी त्वचा में एलर्जी हो जाती है।



बुजुर्ग और बच्चे ठंड के मौसम में सबसे ज्यादा परेशान होते हैं। बुजुर्ग तो अपनी तकलीफ बता सकते हैं, पर बहुत छोटे बच्चे तो वो भी नहीं कर सकते। अगर आप ठंड की शुरुआत से ही सावधानी बरतें तो आपका बच्चा सर्दियों में भी मुस्कुराता रहेगा। छोटे बच्चों की ठंड में कैसे देखभाल करें, बता रहे हैं शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ

# वेडिंग लुक तालमेल है जरूरी

इन दिनों ज्यादातर वुड बी कपल अपनी शादी के मौके पर कॉम्प्लिमेंट्री लुक अपना रहे हैं। कॉम्प्लिमेंट्री वेडिंग लुक दूल्हे दुलहन के बीच की जबर्दस्त केमिस्ट्री को दर्शाता है। इस लुक को क्रिएट करने के कई तरीके हैं जिन्हें वुडबी कपल्स अपनी पसंद के हिसाब से अपना सकते हैं।



बहुत बुरी कुक हूं। लेकिन तुम्हारी कुकिंग का जवाब नहीं है। तुम ओवर इमोशनल हो और मैं प्रैक्टिकल। एक लाइन में कहूं तो हम दोनों एक दूसरे को बैलेंस करते हैं। हम परफेक्ट लाइफ पार्टनर हैं क्योंकि हमारा आपसी तालमेल बेजोड है। मैं चाहती हूं कि यही तालमेल हमारे वेडिंग डे पर हमारे लुक में भी नजर आए। यह तर्क सामने रखकर अंशिका ने अपने मंगेतर अंश को कॉम्प्लिमेंट्री वेडिंग डे लुक क्रिएट करने के लिए राजी कर ही लिया। अंशिका और अंश की तरह इन दिनों ज्यादातर वुड बी कपल अपनी शादी के मौके पर कॉम्प्लिमेंट्री लुक अपना रहे हैं। कॉम्प्लिमेंट्री वेडिंग लुक दूल्हे दुलहन के बीच की जबर्दस्त केमिस्ट्री को दर्शाता है। इस लुक को क्रिएट करने के कई तरीके हैं जिन्हें वुडबी कपल्स अपनी पसंद के हिसाब से अपना सकते हैं।

## कलर केमिस्ट्री

जो कपल्स जटिल की जगह सहज अभिव्यक्ति को तरजीह देते हैं, उन्हें रंगों पर आधारित कॉम्प्लिमेंट्री लुक चुनना चाहिए। इस तरह की मैचिंग में कलर व्हील की मदद ली जा सकती है। व्हील में एक-दूसरे के सामने आने वाले रंग एक दूसरे को कॉम्प्लिमेंट करते हैं। जैसे, ऑलिव-मरून, रस्ट-मिडनाइट ब्ल्यू और वायलेट-ऑरेंज आदि। इन रंगों के बीच जबर्दस्त कंट्रास्ट फैक्टर होता है जिसके चलते इनका कॉम्बिनेशन बेहद वाइब्रेंट लगता है। ऐसे में दूल्हा-दुलहन इन कॉम्प्लिमेंट्री कलर्स के परिधान पहन सकते हैं।

## काल आधारित

इन दिनों किसी विशेष काल पर आधारित वेडिंग वेयर पहनने का चलन जोरों पर है। वुडबी कपल्स मुगल काल, विक्टोरियन काल या विंटेज काल पर आधारित परिधान पहन सकते हैं। जैसे विंटेज काल में प्रचलित रंग और एंब्रॉयडरी दुलहन के लहंगे और दूल्हे के कुर्ते में नजर आए। लेकिन इस तरह की मैचिंग करते समय कपल्स को ध्यान रखना चाहिए कि वह किसी काल के दो या तीन फीचर्स को ही अपने परिधानों के माध्यम से अभिव्यक्त करें। बहुत ज्यादा फीचर्स की अभिव्यक्ति उन्हें वेडिंग कपल्स की जगह किसी ऐतिहासिक नाटक का पात्र बना देगी।

## वर्क या प्रिंट आधारित

परिधानों पर किए गए वर्क या प्रिंट में तालमेल बैठाना भी ब्राइड और ग्रूम के लुक में कोऑर्डिनेशन का एक बेहतरीन तरीका है। आप विभिन्न तरीकों से एंब्रॉयडरी या प्रिंट के आधार पर यह तालमेल बैठा सकते हैं। जैसे, दुलहन के दुपट्टे और दूल्हे के स्टोल की एंब्रॉयडरी एक जैसी रख सकते हैं। इसी तरह दुलहन के लहंगे के पैनल का प्रिंट दूल्हे की पगडी के प्रिंट में भी नजर आ सकता है। या दूल्हे और दुल्हन के परिधानों के बॉर्डर में एक कॉमन प्रिंट हो सकता है।

## एक्सेसरीज आधारित

कॉम्प्लिमेंट्री एक्सेसरीज पहनना भी ब्राइड और ग्रूम के लुक में सामंजस्य बैठाने का एक खास तरीका है। आप चाहें तो कॉम्प्लिमेंट्री एन्गेजमेंट रिंग्स, ब्राइडल वॉच-ग्रूम कफलिंग या ब्राइडल ईयररिंग्स-ग्रूम कफलिंग्स जैसे कॉम्बिनेशन कैरी कर सकती हैं। ब्राइड और ग्रूम की ज्यूलरी में कॉम्प्लिमेंट्री कलर स्टोन का इस्तेमाल भी अच्छा लगेगा।

### विशेष टिप्स

- ब्राइड और ग्रूम को अपनी पसंद के हिसाब से कॉम्प्लिमेंट्री वेडिंग लुक तय करना चाहिए।
- आप कॉम्प्लिमेंट्री लुक क्रिएट करने के दो तरीकों को कंबाइन भी कर सकते हैं। जैसे कॉम्प्लिमेंट्री कलर्स और एंब्रॉयडरी वाले परिधान ट्राई कर सकते हैं। इसी तरह किसी एक काल पर आधारित परिधानों के साथ आप कॉम्प्लिमेंट्री ज्यूलरी भी पहन सकते हैं।

## पाकिस्तान को लगा करारा झटका, तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से बाहर

**कराची।** पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच से पहले तब करारा झटका लगा जब उसके तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद पसली में फ्रैक्चर और पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए।




पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पुष्टि की खुर्रम शहजाद की बाईं पसली में फ्रैक्चर है तथा विशेषज्ञों से सलाह मशविरा करने के बाद यह फैसला किया गया कि वह मेलबर्न में 26 दिसंबर से और सिडनी में 3 जनवरी से शुरू होने वाले दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। पीसीबी ने बयान में कहा, 'खुर्रम शहजाद चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पहले टेस्ट मैच के दौरान उन्होंने अपनी बायीं तरफ की पसली में दर्द की शिकायत की थी।' खुर्रम शहजाद ने पर्थ में खेले गए पहले मैच में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करते हुए 5 विकेट हासिल किए थे। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 360 रन के बड़े अंतर से जीता था।

## जयवर्धने बोले- हार्दिक को कप्तान बनाना कठिन फैसला, रोहित शर्मा के लिए दी सचिन की उदाहरण

**मुंबई ।** मुंबई इंडियंस के वैश्विक क्रिकेट प्रमुख महेला जयवर्धने ने स्वीकार किया कि रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाने का फैसला कठिन था लेकिन भविष्य को देखते हुए यह जरूरी भी था। पंड्या बतौर कप्तान मुंबई टीम में लौटे हैं जिसकी टीम के प्रशंसकों ने काफी आलोचना की है। जयवर्धने ने कहा कि यह कठिन फैसला था। यह जज्बाती फैसला था। प्रशंसकों की प्रतिक्रिया आना लाजमी है। लेकिन टीम को ऐसे फैसले लेने होते हैं। श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने कहा कि सार्थक बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि हम हमेशा खिताब के लिए खेलना चाहते हैं। अपनी विरासत तैयार करना चाहते हैं। लोगों को लग रहा होगा कि हमने जल्दबाजी की है लेकिन हमें यह फैसला लेना ही था। जयवर्धने ने कहा कि हार्दिक काफी समय ड्रेसिंग रूम का हिस्सा रहा है। इसमें कुछ नया नहीं है। हमें पता है कि वह क्या कर सकता है। यह गुजरात टाइटंस की कप्तानी से अलग अनुभव होगा। उसके लिए यह उस अनुभव के आधार पर आगे बढ़ने का मौका है। उन्होंने कहा कि रोहित का अगली पीढ़ी को मार्गदर्शन देने के लिए टीम में होना काफी महत्वपूर्ण है। वह शानदार कप्तान रहा है। मैंने उसके साथ करीब से काम किया है। वह मुंबई इंडियंस की विरासत का हिस्सा है। जयवर्धने ने सचिन तेंदुलकर का उदाहरण दिया जिन्होंने मुंबई इंडियंस की कप्तानी छोड़कर सीनियर बल्लेबाज के रूप में खेला और युवा खिलाड़ियों के मार्गदर्शक रहे। उन्होंने कहा कि सचिन ने युवाओं के साथ खेला। उन्होंने किसी और को कप्तानी सौंपी और यह सुनिश्चित किया कि मुंबई इंडियंस सही दिशा में जा रही है। यह उसी तरह है।

## जयवर्धने बोले- हार्दिक को कप्तान बनाना कठिन फैसला, रोहित शर्मा के लिए दी सचिन की उदाहरण

**मुंबई ।** मुंबई इंडियंस के वैश्विक क्रिकेट प्रमुख महेला जयवर्धने ने स्वीकार किया कि रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाने का फैसला कठिन था लेकिन भविष्य को देखते हुए यह जरूरी भी था। पंड्या बतौर कप्तान मुंबई टीम में लौटे हैं जिसकी टीम के प्रशंसकों ने काफी आलोचना की है। जयवर्धने ने कहा कि यह कठिन फैसला था। यह जज्बाती फैसला था। प्रशंसकों की प्रतिक्रिया आना लाजमी है। लेकिन टीम को ऐसे फैसले लेने होते हैं।श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने कहा कि सार्थक बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि हम हमेशा खिताब के लिए खेलना चाहते हैं। अपनी विरासत तैयार करना चाहते हैं। लोगों को लग रहा होगा कि हमने जल्दबाजी की है लेकिन हमें यह फैसला लेना ही था। जयवर्धने ने कहा कि हार्दिक काफी समय ड्रेसिंग रूम का हिस्सा रहा है। इसमें कुछ नया नहीं है। हमें पता है कि वह क्या कर सकता है। यह गुजरात टाइटंस की कप्तानी से अलग अनुभव होगा। उसके लिए यह उस अनुभव के आधार पर आगे बढ़ने का मौका है। उन्होंने कहा कि रोहित का अगली पीढ़ी को मार्गदर्शन देने के लिए टीम में होना काफी महत्वपूर्ण है। वह शानदार कप्तान रहा है। मैंने उसके साथ करीब से काम किया है। वह मुंबई इंडियंस की विरासत का हिस्सा है। जयवर्धने ने सचिन तेंदुलकर का उदाहरण दिया जिन्होंने मुंबई इंडियंस की कप्तानी छोड़कर सीनियर बल्लेबाज के रूप में खेला और युवा खिलाड़ियों के मार्गदर्शक रहे।

## अल्टीमेट खो-खो लीग : गुजरात जायंट्स ने अक्षय भांगरे को बनाया अपना कप्तान

**कटक।** अल्टीमेट खो-खो लीग का बहुप्रतीक्षित दूसरा सीज़न नजदीक है, और गुजरात जायंट्स ने अपने कप्तान और उप-कप्तान की घोषणा कर दी है। दूसरा सीज़न 24 दिसंबर, 2023 को कटक में शुरू होगा, जिसका फाइनल 13 जनवरी, 2024 को होगा। गुजरात जायंट्स 25 दिसंबर को राजस्थान वॉरियर्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। अदानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स की कमान मुंबई के अक्षय भांगरे संभालेंगे। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी का अल्टीमेट खो-खो लीग में पहला प्रवेश होगा। पांचवीं कक्षा से खेलना शुरू करने वाले अक्षय, जो एक डिफेंडर हैं, ने सीनियर और जूनियर स्तर पर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने महाराष्ट्र की सीनियर टीम और भारतीय खो-खो टीम की भी कप्तानी की है। पट्टा नरसैया को उप-कप्तान की जिम्मेदारी दी गई




है, और वह अक्षय को टीम के लिए रणनीति बनाने और योजना बनाने में मदद करेंगे। आंध्र प्रदेश के विजयनगरम के 28 वर्षीय खिलाड़ी अल्टीमेट खो-खो लीग में अपना दूसरा सीज़न खेलेंगे। बेहद आक्रामक स्वभाव वाले पट्टा खो-खो खिलाड़ियों प्रसन्ना कुमार और अमित पाटिल के बहुत बड़े प्रशंसक हैं और उन्होंने उनकी राज्य टीम की कप्तानी भी की है। जब टीम ने टेस्ट श्रृंखला में नेपाल का सामना किया तो पट्टा ने भी भारतीय रंग धारण किया। गुजरात जायंट्स द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कप्तान अक्षय भांगरे ने कहा, 'अल्टीमेट खो खो लीग में यह मेरा पहला सीज़न है, और मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि गुजरात जायंट्स ने कप्तानी के मामले में मुझ पर भरोसा किया है। द जाइंट्स एक बहुत मजबूत फ्रेंचाइजी है और मैं टीम को गौरव तक ले जाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का वादा करता हूं। हम हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगे। गुजरात जायंट्स के प्रमुख कोच संजीव शर्मा ने कहा, गुजरात जायंट्स ने एक अच्छी तरह से संतुलित टीम तैयार की है। अदाणी स्पोर्ट्सलाइन प्रबंधन ने हमें जरूरत के मुताबिक टीम बनाने की खुली छूट दी है। अक्षय भांगरे और पट्टा नरसैया अच्छे लीडर हैं और मुझे विश्वास है कि वे सुनिश्चित करेंगे कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।

## कोपा अमेरिका 2024 से पहले मैत्री मैच खेलेंगे ब्राजील और मैक्सिको

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने कहा कि ब्राजील और मैक्सिको संयुक्त राज्य अमेरिका में एक दोस्ताना मैच के साथ 2024 कोपा अमेरिका के लिए अपनी तैयारियों को बेहतर



बनाएंगे। सीबीएफ के एक बयान के अनुसार, मैच 8 जून को निर्धारित किया गया है, हालांकि अभी स्थान की घोषणा नहीं की गई है। 20 जून से 14 जुलाई तक 14 अमेरिकी शहरों में खेले जाने वाले कोपा अमेरिका में 16 टीमें हिस्सा लेंगी। ब्राजील को अपना अभियान 24 जून को होंडुरास और कोस्टा रिका के बीच प्लेऑफ के विजेताओं के खिलाफ शुरू करना है। पांच बार की विश्व चैंपियन ग्रुप चरण में पराग्वे और कोलंबिया से भी भिड़ेगी।

मेक्सिको टूर्नामेंट का पहला मैच 22 जून को जमैका के खिलाफ खेलेगा और बाद में ग्रुप चरण में इक्वाडोर और वेनेजुएला से भिड़ेगा। ब्राजील और मेक्सिको आखिरी बार रूस में 2018 विश्व कप के राउंड ऑफ़ 16 में मिले थे, जिसमें ब्राजील ने 2-0 से जीत दर्ज की थी।

## आईएसएल मैच प्रीव्यू : हैदराबाद और जमशेदपुर को रहेगी जीत की तलाश

**हैदराबाद।** जमशेदपुर एफसी अब इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में जीत की अपनी खोज में गाचीबोवली स्टेडियम में पहुंच गई, जहां रेड माइनर्स मेजबान हैदराबाद एफसी का सामना करेंगे। फुटबॉल में समय बदलते देर नहीं लगती है, क्योंकि जमशेदपुर एफसी ने 2021-22 में आईएसएल लीग विनर्स शील्ड जीती थी और उसी सीजन में हैदराबाद एफसी ने फाइनल में केरला ब्लास्टर्स एफसी को हराकर आईएसएल ट्रॉफी जीती थी। दो साल से भी कम समय पहले वे देश की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें थीं, और इस सीजन में अभी तक इन दोनों क्लबों पर भाग्य मेहरबान नहीं हुआ है। रेड माइनर्स ने 10 मैचों में महज एक जीत हासिल की है, जबकि हैदराबाद एफसी को अब तक खेले मुकाबलों से अभी भी पूरे तीन अंक हासिल करने हैं। इन टीमों के लिए गोल करना एक बड़ी चिंता का विषय रहा है, क्योंकि दोनों टीमों के कुशल फॉरवर्ड लगातार गोल करने में असफल रहे हैं।

हैदराबाद एफसी के मुख्य कोच थांगबोई सिंग्टो ने उन



प्रयासों की सराहना बार-बार की है जो उनके सहयोगी स्टाफ और खिलाड़ी अब तक के अनचाहे परिणामों के बावजूद ट्रेनिंग में पसीना बहाकर किए हैं। इसी तरह, जमशेदपुर एफसी के रणनीतिकार स्कॉट कूपर ने अपनी कोचिंग फिलोस्फी पर बने रहने पर जोर दिया है। वह अपनी टीम की डिफेंस लाइन की मजबूती की सराहना करते रहे हैं, जिसने अब तक 10 मैचों में केवल 11 गोल खाए हैं। हालांकि, उनके फॉरवर्ड को प्रभावी प्रदर्शन करने की आवश्यकता है ताकि टीम एकजुट होकर क्लिक कर सकें और जमशेदपुर एफसी को जीत दिला सकें। हैदराबाद एफसी के मुख्य कोच थांगबोई सिंगतो ने यह स्वीकार करते हुए कहा कि सीजन की पहली जीत हासिल करने के लिए टीम को और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'हम हैदराबाद वापस आकर वास्तव में खुश हैं, क्योंकि, यह हमारा घर है, यह हमारा गढ़ है। हैदराबाद एफसी से जुड़े सभी लोग एक बेहतर जीत के हकदार हैं।'

## पल्टन की जीत की हैट्रिक, पुणे लेग के अंतिम मैच में बुल्स को 25 अंक से हराकर शीर्ष पर कायम

**पुणे।** मेजबान पुनेरी पल्टन ने श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रात खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 10वें सीजन के पुणे लेग के अंतिम मैच में बेंगलुरू बुल्स को 43-18 के अंतर से हरा दिया। पल्टन छह मैचों में पांचवीं जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर कायम हैं जबकि बुल्स सात मैचों में पांचवीं हार के साथ आठवें स्थान पर बने हुए हैं। पल्टन ने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार ऊर्जा दिखाते हुए रेड और डिफेंस में 17-17 अंक बटोरे जबकि बुल्स उनके सामने कहीं नहीं टिक सके। बुल्स को रेड में 10 और डिफेंस में 8 अंक मिले। बुल्स के लिए रोहित नांदल (6) ने हाई-5 लगाया जबकि विकास कंडोला ने 5 अंक बटोरे। पुणे के लिए मोहम्मदरेजा शादलू ने हाई-5 लगाया और मोहित गोयत ने 8 अंक अपने नाम किए। लगातार चार हार के बाद जीत की पटरी पर लौटी बुल्स एक बार फिर बेपटरी हो गई। पल्टन के डिफेंस और रेड विभाग ने बेहतरीन शुरुआत की और चौथे मिनट में अपनी टीम को 6-1 की लीड दिला दी। बुल्स टीपर आलआउट का खतरा था



और इसे अंजाम देकर पल्टन ने 10-2 की लीड ले ली। पुणे की टीम यहीं नहीं रुकी और जल्द ही अपनी लीड 15-2 कर ली। बुल्स के लिए सुपर टैकल आन था लेकिन कंडोला ने इसे टाल दिया। फिर बुल्स के डिफेंस ने मोहित को बाहर भेज लगातार दूसरा अंक बटोरा। भरत पहले ही बाहर थे और ब्रेक के बाद कंडोला भी आउट कर दिए गए। अब तक बुल्स ने सात फेल्ड टैकल किए थे जबकि पल्टन ने सिर्फ एक गलती की थी। उसने एक और शिकार कर अपनी लीड 18-4 कर ली। इसके बाद पल्टन ने बुल्स को दूसरी बार आलआउट कर 22-5 की लीड ले ली। पल्टन के डिफेंस ने गरज जारी रखा। शादलू ने दूसरा टैकल कर अपनी टीम को 26-6 से आगे कर दिया। मोहित ने डू ओर डाई रेड पर अमन को आउट कर बुल्स को फिर सुपर टैकल की स्थिति में ला दिया लेकिन कंडोला ने मल्टी प्वाइंट रेड के साथ टीम की वापसी कराई। हाफ टाइम तक पल्टन 28-8 से आगे थे और बुल्स के लिए सुपर टैकल आन था।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 5 देशों के टूर्नामेंट में फ्रांस को 5-4 से हराया

**वालेंसिया।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को वालेंसिया में हो रहे 5 देशों के टूर्नामेंट के अपने चौथे और अंतिम मैच में फ्रांस को 5-4 से हरा दिया। भारत के लिए मैच जुगराज सिंह (20', 60') और हरमनप्रीत सिंह (25', 56') ने दो-दो गोल किया, जबकि विवेक सागर प्रसाद (16'') ने एक गोल किया।

पहले क्वार्टर में फ्रांस ने लुकास मोंटेकॉट (11') के पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद विवेक सागर प्रसाद (16') ने फील्ड गोल कर भारत को 1-1 की बराबरी दिला दी। इसके बाद जुगराज सिंह (20') ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी, इस गोल के पांच मिनट बाद ही कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एक और पेनल्टी कॉर्नर के




जरिए गोल कर भारत की बढ़त 3-1 कर दी। फ्रांस को जल्द ही पेनल्टी स्ट्रोक मिला और एटिने टाइनेवेज़ (28') ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए गोल किया, जिससे मध्यांतर तक भारत 3-2 से आगे रहा। फ्रांस ने तीसरे क्वार्टर के अंत में गैसपार्ड बॉमगार्टन (43') के फील्ड गोल से 3-3 की बराबरी कर ली। इसके बाद एटिने टाइनेवेज़ (53') ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर फ्रांस को 4-3 से आगे कर दिया। इसके बाद हरमनप्रीत सिंह (56') ने पेनल्टी कॉर्नर के माध्यम से अपना दूसरा गोल करते हुए भारत को 4-4 से बराबरी दिला दी। जुगराज सिंह (60') ने एक और पेनल्टी कॉर्नर के माध्यम से अपना दूसरा गोल करते हुए भारत को 5-4 से आगे कर दिया और अंत मे यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

## बांग्लादेशी बल्लेबाज सौम्य सरकार ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का 14 साल पुराना रिकॉर्ड

**नेल्सन।** बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज सौम्य सरकार ने नेल्सन में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच के दौरान महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

सौम्य ने 151 गेंदों पर 111.92 की स्ट्राइक रेट से 169 रन की पारी खेली। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने पहली पारी में कीवी गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ 22 चौके और 2 छक्के लगाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 वर्षीय खिलाड़ी की पारी ने उन्हें न्यूजीलैंड में उपमहाद्वीप के एक खिलाड़ी द्वारा एकदिवसीय मैचों में सर्वाधिक रनों के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। 2009 में 'मास्टर ब्लास्टर' ने क्राइस्टचर्च में कीवी टीम के खिलाफ नाबाद 163 रन की पारी खेली थी।

उन्होंने एकदिवसीय प्रारूप में किसी विदेशी मैदान पर बांग्लादेशी क्रिकेटर द्वारा सर्वाधिक रन का भी रिकॉर्ड बनाया मैच की बात करें तो सैक्सटन ओवल में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। सौम्य सरकार (151 गेंदों पर 169 रन) और विकेटकीपर मुश्फिकुर रहीम (57 गेंदों पर 45 रन) की बेहतरीन पारियों की बदौलत >बंगाल टाइगर्स' ने 291 रन बनाए।

दूसरी ओर, न्यूजीलैंड के



लिए जैकब डफी और विलियम ओ' रूर्के ने अपने-अपने स्पैल में तीन-तीन विकेट हासिल किये, इनके अलावा एडम मिल्ने, जोश क्लार्कसन और आदित्य अशोक ने एक-एक विकेट लिया।

जवाब में न्यूजीलैंड ने 46.2 ओवर में 3 विकेट पर 296 रन बनाकर मैच जीत लिया। न्यूजीलैंड के लिए विल यंग (89) और हेनरी निकोल्स (95) ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा रचिन रविंद्र ने 45, कप्तान टॉम लैथम ने नाबाद 34 और टॉम ब्लंडेन ने नाबाद 24 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए हसन महमूद ने 2 और शोरफुल इस्लाम ने 1 विकेट लिया।

## राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023: चिराग-सात्विक को ध्यानचंद खेल रत्न, मोहम्मद शमी को अर्जुन पुरस्कार

**नई दिल्ली।** युवा मामले और खेल मंत्रालय नेराष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 की घोषणा की। घोषणा के अनुसार, मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2023 बैडमिंटन में अपार योगदान के लिए चिराग चन्द्रशेखर शेट्टी और रंकीरेड्डी सात्विक साई राज को दिया जाएगा। अन्य 26 खिलाड़ियों को खेल और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 2023 में अर्जुन पुरस्कार मिलेगा। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भी टीम इंडिया के लिए उनके जबरदस्त प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया है।

पुरस्कार विजेताओं को 9 जनवरी, 2024 को राष्ट्रपति भवन में एक विशेष रूप से आयोजित समारोह में भारत के राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त होंगे।

**मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2023 प्राप्तकर्ताओं की सूची;**

1.चिराग चन्द्रशेखर शेट्टी (बैडमिंटन)
2. रंकीरेड्डी सात्विक साई राज (बैडमिंटन)

**खेल-कूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार 2023**

1. ओजस प्रवीण देवताले (तीरंदाजी)
2. अदिति गोपीचंद स्वामी (तीरंदाजी)




3. श्रीशंकर एम (एथलेटिक्स)
4. पारुल चौधरी (एथलेटिक्स)
5. मोहम्मद हुसामुद्दीन (मुक्केबाजी)
6. आर वैशाली (शतरंज)
7. मोहम्मद शमी (क्रिकेट)
8. अनुश अग्रवाल (घुड़सवारी)
9. दिव्यकृति सिंह (घुड़सवारी ड्रेसेज)
10. दीक्षा डागर (गोल्फ)
11. कृष्ण बहादुर पाठक (हॉकी)
12. पुखरामबम सुशीला चानू (हॉकी)
13. पवन कुमार (कबड्डी)
14. रितु नेगी (कबड्डी)
15. नसरीन (खो-खो)
16. सुश्री पिंकी (लॉन बाउल्स)
17. ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (शूटिंग)
18. सुश्री ईशा सिंह (शूटिंग)
19. हरिंदर पाल सिंह संधू (स्क्वैश)
20. अयहिका मुखर्जी (टेबल टेनिस)
21. सुनील कुमार (कुश्ती)
22. सुश्री एंटीम (कुश्ती)
23. नाओरेम रोशिबिना देवी (वुशु)
24. शीतल देवी (पैरा तीरंदाजी)
25. इलूरी अजय कुमार रेड्डी (ब्लाइंड क्रिकेट)
26. प्राची यादव (पैरा कैनोइंग)

**खेलों में उत्कृष्ट प्रशिक्षकों के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार 2023**

1. ललित कुमार (कुश्ती)
2. आर. बी. रमेश (शतरंज)
3. महावीर प्रसाद सैनी (पैरा एथलेटिक्स)
4. शिवेंद्र सिंह (हॉकी)
5. गणेश प्रभाकर देवरुखकर (मल्लखंब)

## भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले के लिए टीम घोषित की

**मुंबई ।** मुंबई इंडियंस के वैश्विक क्रिकेट प्रमुख महेला जयवर्धने ने स्वीकार किया कि रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाने का फैसला कठिन था लेकिन भविष्य को देखते हुए यह जरूरी भी था। पंड्या बतौर कप्तान मुंबई टीम में लौटे हैं जिसकी टीम के प्रशंसकों ने काफी आलोचना की है। जयवर्धने ने कहा कि यह कठिन फैसला था। यह जज्बाती फैसला था। प्रशंसकों की प्रतिक्रिया आना लाजमी है। लेकिन टीम को ऐसे फैसले लेने होते हैं। श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने कहा कि सार्थक बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि हम हमेशा खिताब के लिए खेलना चाहते हैं। अपनी विरासत तैयार करना चाहते हैं। लोगों को लग रहा होगा कि हमने जल्दबाजी की है लेकिन हमें यह फैसला लेना ही था। जयवर्धने ने कहा कि हार्दिक काफी समय ड्रेसिंग रूम का हिस्सा रहा है। इसमें कुछ नया नहीं है। हमें पता है कि वह क्या कर सकता है। यह गुजरात टाइटंस की कप्तानी से अलग अनुभव होगा। उसके लिए यह उस अनुभव के आधार पर आगे बढ़ने का मौका है। उन्होंने कहा कि रोहित का अगली पीढ़ी को मार्गदर्शन देने के लिए टीम में होना काफी महत्वपूर्ण है। वह शानदार कप्तान रहा है। मैंने उसके साथ करीब से काम किया है। वह मुंबई इंडियंस की विरासत का हिस्सा है। जयवर्धने ने सचिन तेंदुलकर का उदाहरण दिया जिन्होंने मुंबई इंडियंस की कप्तानी छोड़कर सीनियर बल्लेबाज के रूप में खेला और युवा खिलाड़ियों के मार्गदर्शक रहे।

# रश्मिका मंदाना



## डीपफेक केस का खुलेगा राज, दिल्ली पुलिस ने पकड़े चार संदिग्ध; कई घंटों से हो रही पूछताछ

इन दिनों अपनी फिल्म एनिमल (Animal) की जबरदस्त सफलता को एंजॉय कर रहीं रश्मिका मंदाना (Rashmika Mandanna) पीछे काफी समय से अपने डीपफेक वीडियो (Rashmika Mandanna Deepfake Video) को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसमें हाल में दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. दरअसल, हाल में दिल्ली पुलिस ने बुधवार को इस केस में जानतारी साझा करते हुए यह जानकारी दी है कि एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो ऑनलाइन अपलोड करने में शामिल चार संदिग्धों का पता लगा लिया गया है और मुख्य साजिशकर्ता को पकड़ने के लिए तलाश जारी है.

हमारी सहयोगी वेबसाइट DNA की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि जिन चारों संदिग्धों के बारे में पता चला है वो अपलोडर हैं वीडियो क्रिएटर नहीं. साथ ही पुलिस का कहना है कि वे मामले में मुख्य साजिशकर्ता की तलाश कर रही है. फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो उपलब्ध करने वाली कंपनी मेटा द्वारा उपलब्ध कराए गई जानकारी के आधार पर चार संदिग्धों में से तीन को ट्रैक किया गया है. फिलहाल पुलिस अभी जांच में लगी हुई है.



**रश्मिका के डीपफेक केस में मिला सुराग**

साथ ही पुलिस ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि जांच में देरी हुई क्योंकि आरोपियों ने कथित तौर पर अपने द्वारा इस्तेमाल किए गए अकाउंट्स से सारी जानकारी हटा दी थी, जिससे अधिकारियों के लिए उनका पता लगाना मुश्किल हो गया था कि इसके पीछे किसका हाथ है. दिल्ली पुलिस के साइबर विशेषज्ञ फिलहाल इस वीडियो को बनाने वाले मुख्य साजिशकर्ता की तलाश कर रही है. रश्मिका की इस डीपफेक वीडियो को नकली पहचान का इस्तेमाल कर अपलोड किए गया था और वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (VPN) का इस्तेमाल पुलिस की जांच में बड़ी बाधा बना.

**कई और एक्ट्रेसेस हुईं इसका शिकार**

इस मामले में पिछले महीने नवंबर में पुलिस द्वारा रश्मिका मंदाना के डीपफेक एआई-जनरेटेड वीडियो के संबंध में स्पेशल सेल में स्नङ्कक्र दर्ज की थी. इससे पहले, दिल्ली महिला आयोग ने भी रश्मिका मंदाना के डीपफेक वीडियो पर कार्रवाई की मांग की थी, जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर काफी वायरल भी हुआ था. हालांकि, रश्मिका के बाद इस डीपफेक वीडियो का शिकार कई एक्ट्रेसेस हुईं, जिनमें काजोल ( Kajol), आलिया भट्ट (Alia Bhatt ) और कैटरीना कैफ (Katrina Kaif) जैसी एक्ट्रेसेस के नाम शामिल है.

## बेटी और पत्नी के साथ महालक्ष्मी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे राम चरण, सामने आया कपल का खूबसूरत वीडियो



एक्टर राम चरण (Ram Charan) आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है. फिल्म ' आरआरआर ' के जरिए ना सिर्फ उन्होंने पूरे देश का दिल जीता है बल्कि विदेश में भी अपनी तगड़ी पहचान बना ली है. आज एक्टर का नाम साउथ इंडस्ट्री के टॉप एक्टर्स की लिस्ट में शामिल है. हाल ही में राम चरण अपनी पत्नी और लाडली बेटी कलिन कारा के साथ महालक्ष्मी मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे.

**राम चरण पत्नी और बेटी के साथ महालक्ष्मी मंदिर पहुंचे**

साउथ स्टार राम चरण इन दिनों मुंबई में हैं. जो हाल ही में अपनी पत्नी और बेटी के साथ यहां के फेमस महालक्ष्मी मंदिर में पहुंचे. जिसका एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर भी सामने आया है. वीडियो में एक्टर उपासना और बेटी कलिन के साथ मंदिर में आरती करते हुए दिखाई दिए. दोनों का ये वीडियो काफी वायरल भी हो रहा है.

**कलिन को गोद में लिए नजर आईं उपासना**

वहीं इससे पहले कपल का एक और वीडियो भी सामने आया था. जिसमें राम और उपासना मंदिर की सीढ़ियों से उतरते हुए दिखाई दिए थे. इस दौरान उपासना ने कलिन को अपनी गोद में लिया हुआ था. उपासना वीडियो में फ्लोरल सूट पहने हुए काफी खूबसूरत लग रही हैं. वहीं व्हाइट शर्ट में राम चरण भी डेशिंग लग रहे हैं.

**इस फिल्म में नजर आएंगे राम चरण**

बता दें कि राम चरण और उपासना शादी के 11 साल बाद 20 जून, 2023 को बेटी कलिन कारा के पेरेंट्स बने हैं. वर्कफ्रंट की बात करें तो राम चरण आखिरी बार सलमान खान की फिल्म %किसी का भाई किसी की जान में कैमियो करते दिखे थे. वहीं अब एक्टर जल्द ही फिल्म गेम चेंजर में नजर आने वाले हैं. एक्टर की इस फिल्म का उनके फैंस को बेसब्री से इंतजार है.

## विक्की जैन से भी बड़ा मास्टरमाइंड निकला ये कंटेस्टेंट, शातिर दिमाग चलाकर बना नया कैप्टन

बिग बॉस सीजन 17 जैसे-जैसे अपने अंतिम पड़ाव की तरफ बढ़ रहा है, ये शो और भी दिलचस्प मोड़ लेता जा रहा है। मुनव्वर फारुकी, जो कभी सबसे शांत और सुलझे हुए सदस्य माने जाते थे, अब उनके भी डबल डेटिंग के बिग बॉस 17 में आयशा खान ने कच्चे चिट्ठे खोल दिए हैं इस शो की टीआरपी को बढ़ाने के लिए एड़ी से चोटी का दम लगा रहे हैं, तो वहीं बिग बॉस 17 में मौजूदा कंटेस्टेंट भी शो में बने रहने के लिए हर दम लगा रहे हैं। मुनव्वर फारुकी की कैप्टेंसी के बाद हाल ही में बिग बॉस के घर में दूसरे कैप्टन के लिए टास्क हुआ और मुनव्वर फारुकी के बाद घर को नया कैप्टन मिला।

**विक्की जैन को हराकर ये कंटेस्टेंट बना घर का नया कैप्टन**

बिग बॉस सीजन 17 में दूसरे कैप्टेंसी टास्क में घरवालों को दो टीमों में बांटा गया। घर का अगला कैप्टन कौन बनेगा इस बात का फैसला पूर्व कैप्टन Munawar Faruqui के हाथ में था। इस टास्क में विक्की जैन और ईशा मालवीय आमने सामने



थे। हालांकि, जहां सबको लग रहा था कि ये कैप्टेंसी टास्क विक्की जैन जीत जाएंगे, तो वहीं ईशा मालवीय उनसे बड़ी खिलाड़ी निकली ।ये कैप्टेंसी टास्क क्या है, इसका खुलासा तो आज ऑनएयर होने वाले एपिसोड में होगा, लेकिन बिग बॉस 17 की लाइव फीड से ये कन्फर्म हो गया है कि घर की अगले कैप्टन विक्की नहीं, बल्कि ईशा मालवीय बनी हैं, जो अब से सभी कंटेस्टेंट्स को अपनी उंगलियों पर डांस करवाने वाली हैं।

**ईशा मालवीय धीरे-धीरे बन रही हैं दर्शकों की फेवरेट**

ईशा मालवीय की बिग बॉस 17 के सफर की शुरुआत भले ही रफ नोट पर हुई हो, लेकिन अब वह धीरे-धीरे दर्शकों की फेवरेट बनती जा रही हैं। शुरुआत में अभिषेक कुमार और समर्थ जुरैल को लेकर ईशा मालवीय को सलमान खान से काफी डांट पड़ी थी ।बाहर सोशल मीडिया पर भ यूजर्स ने 20 साल की ईशा मालवीय के कैरेक्टर पर सवाल खड़े कर दिए थे, लेकिन जिस तरह से उन्होंने खुद को बिग बॉस 17 में संभाला और अपना आपा खोए बिना हर बात को समझा, अब वह चीज दर्शकों को काफी पसंद आ रहे हैं। कई फैंस तो ये तक कह चुके हैं कि वह ईशा को शो की ट्रॉफी जीतते हुए देखना चाहते हैं।

# शिल्पा शेट्टी



## परिवार के साथ पहुंची उदयपुर, पति राज के साथ अड़िंदा पार्श्वनाथ मंदिर में किए दर्शन

झीलों की नगरी उदयपुर जो अपनी खूबसूरती के लिए विश्व प्रसिद्ध है. आए दिन यहां बाद इवेंट होते हैं और बॉलीवुड से जुड़े स्टार में भी आते हैं. हाल ही में एक्ट्रेस बिपाशा अपने पति करण ग्रोवर के साथ उदयपुर आई थीं. अब उदयपुर में बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी, पति राज कुंद्रा और बच्चों के साथ उदयपुर पहुंची.



**एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी परिवार के साथ पहुंची उदयपुर**

उन्होंने उदयपुर शहर से दूर जंगल के बीच स्थित एक रिसोर्ट में दिन बिताया, जिसके शिल्पा शेट्टी ने सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो भी शेयर किए. हालाकि वह यहां छुट्टी बिताने आई या फिर किसी कार्यक्रम में, ये साफ नहीं हो पाया है.

**पति राज के साथ अड़िंदा पार्श्वनाथ मंदिर में किए दर्शन**

शिल्पा शेट्टी अपने पति राज कुंद्रा, बेटे विआन और बेटी समिशा के साथ उदयपुर पहुंची. वह उदयपुर शहर की बड़ी सितारा होटल में ना रुककर, शहर से 24 किलोमीटर दूर वल्लभनगर तहसील क्षेत्र के खेरोदा के बाठेड़ा कलां में स्थित चुंडा शिकार ओदी रिसोर्ट में रूकी. परिवार सहित उन्होंने यहां जंगल सफारी सहित बर्ड वॉचिंग की.

साथ ही एक्ट्रेस ने ओदी से सटकर लगे तालाब में बोटिंग कर यहां की नेसर्गिक सुंदरता को निखारा. शिल्पा ने यहां पर राजस्थानी थाली का आनंद लिया, जिसमें बाजरे की रोटी, हल्दी, गट्टे की सब्जी, हरे घास व मक्की की रोटी, मटर पुलाव आदि शामिल थे.

**परिवार के साथ मंदिर दर्शन भी किए**

यहां से शिल्पा अड़िंदा पार्श्वनाथ मंदिर पहुंची जहां उन्होंने पति राज कुंद्रा के साथ दर्शन किए. शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ वीडियो भी पोस्ट किए हुए हैं. इनमें वह एक गाइड द्वारा बर्ड वाचिंग के दौरा पक्षियों की जानकारी ले रही थीं.